# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-05-2024

# शराब ठेकी खोलने का विरोध सड़क पर उतरे नागरिक

**नंदानगर (एसएनबी)।** महानगर वार्ड नंबर 18 गायत्रीनगर झरना टोला में घनी आवादी व स्कूल से सटे देशी शराव की ठेकी खोलने को लेकर पिछले तीन दिनों से भारी विरोध व आक्रोश चल रहा है। बुधवार को स्थानीय नागरिकों ने सड़क पर उतर कर नारेवाजी की तथा प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से पहल करने की अपील की।



मिली जानकारी के अनुसार एम्स थाना क्षेत्र के सोनवरसा निवासी सुशील कुमार प्रजापति को झरनाटोला क्षेत्र में देशी शराव की ठेकी खोलने का अनुज्ञप्ति ( लाइसेंस) मिला है। इस सम्बन्ध में अनुज्ञापि द्वारा एक स्थानीय व्यक्ति का मकान किराए पर लेकर दूकान खोलने की तैयारी की जाने लगी। इस वात की जानकारी जैसे ही स्थानीय लोगों को हुई वे ठेकी का विरोध करने लगे। बुधवार को स्थानीय नागरिकों ने सड़क पर उतर कर देशी शराव की ठेकी खोलने का पुरजोर विरोध कर नारेवाजी की। इस सम्वन्ध में स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि रामनाथ निषाद ने वताया कि शराव की ठेकी घनी आवादी के वीच खोली जा रही है।

■ एम्स थाना क्षेत्र के झरनाटोला का मामला

प्रस्तावित ठेकी से सटे नीनाथापा इंटर कालेज, केन्द्रीय विद्यालय व एयरफोर्स स्कूल है। साथ ही वायुसेना का संरक्षित क्षेत्र है जहां किसी भी हालत में शराव की ठेकी नहीं खोला जा सकती है। ठेकी का विरोध करने वालों में पार्षद प्रतिनिधि रामनाथ निषाद, संजय निषाद, राजन यादव उर्फ अर्वी वावा, संतोष, विनोद पासवन, इन्द्रजीत यादव, करण निषाद, सुरेश निषाद, आम्नात, मन्नू देवी, अनपूर्णा, मैना, अनीता, रंजना आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** हरपुरबुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के घर में घुसकर एक युवक द्वारा दुष्कर्म किया गया। आरोपी युवक को पुलिस ने बुधवार को कुआवल पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसको जेल भेज दिया गया। इस प्रकरण में पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर धारा 376,504,506 एवं 452 व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत बरौली निवासी जोगिंदर पुत्र राधेश्याम को साढ़े बारह बजे के करीब गिरफ्तार कर लिया।

## कोतवाल ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बांसगांव संसदीय क्षेत्र के बड़हलगंज ब्लाक मे पीएसी व पुलिस बल के साथ कोतवाल अश्वनी पांडेय ने रूट मार्च कर नागरिको से बिना भय के मतदान करने की अपील की। बुधवार को 45 डी पीएसी व एसएपी जवानो के साथ कोतवाल अश्वनी पांडेय, एसएसआई कृष्ण कुमार गुप्ता ने भैसवली, कोड़री, जाईपार, कभनौली आदि सहित बड़हलगंज कस्बे में फ्लैग मार्च कर लोगो से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

# जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**ब्रह्मपुर (एसएनबी)**। गोरखपुर जनपद में आखिरी व सातवें चरण लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष झंगहा सूरज सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को देर शाम को एसएसबी जवान एवं पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान थानाध्यक्ष झंगहा सूरज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को राष्ट्रीय पर्व के रूप में अधिक से अधिक मतदान कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ मनाएं। क्षेत्र के हर बूथ पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

फ्लैग मार्च नई बाजार पुलिस चौकी से शुरू हो कर बोहावार, गोवडौर मार्ग होते हुए बरही चौराहे से होते हुए थाना झंगहा पर समाप्त हुई। उक्त अवसर पर प्रभारी गोवडौर आलोक कुमार राय, चौकी प्रभारी नई बाजार अखिलेश त्रिपाठी,चौकी प्रभारी बोहावार उमेश चौधरी, एसआई राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# सेना व पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पिपराइच (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव में भयमुक्त मतदान करने के लिए पिपराइच थाना प्रभारी अमित शर्मा ने सेना तथा पुलिस के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर काफी संख्या में उपनिरीक्षकों,महिला पुलिसकर्मियों के साथ फ्लैग मार्च थाना रोड,हरिलाल चौक,स्टेशन रोड, अनुराग चौक, चुंगी तिराहा, कबाड़ी रोड, गड़वा चौक, कृष्णा चौक, क्रांति चौक सहित अन्य चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने कहा कि कहीं संदिग्धावस्था में कोई सामान अथवा कोई भी व्यक्ति दिखाई पड़े तो तुरंत सूचित करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को हुई बैठक

**गोरखपुर।** आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं जाने के उद्देश्य से बुधवार को अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नीलू मोघा के विश्राम कक्ष में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। यह जानकारी सदर मुंसरिम परिवार न्यायालय अखिलेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निस्तारण कराए जाने के लिए पक्षकारों को नोटिस सम्मन जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय अशोक कुमार,अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय रेनू सिंह,रामपाल,संजय,सिंपल शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक में परामर्शदाताओं को निर्देशित किया गया कि निर्धारित तिथि पर जो सम्मन जारी हुए हैं, उसे ज्यादा से ज्यादा सुलह का प्रयास करें।

# विशेष लोक अदालत में सात मामलों का निस्तारण

गोरखपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तरुण कुमार अग्रवाल,चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम,असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम,जेलर, डिप्टी जेलर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत हेतु नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तरुण कुमार अग्रवाल द्वारा कुल सात मामलों का निस्तारण किया गया।

# गोरखपुर सहित पांच कोर्ट परिसर में तैनात होंगे विशेष सुरक्षा बल के जवान

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) के जवान जल्द जिला न्यायालय परिसरों में भी मुस्तैद नजर आएंगे। शासन ने पहले चरण में कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा व मथुरा जिला न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था यूपी एसएसएफ को सौंपने का निर्णय किया है। गृह विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

यूपी एसएसएफ के एडीजी एलवी एंटनी देव कुमार ने बताया कि पांच जिला न्यायालयों में जल्द एसएसएफ की तैनात की जाएगी।

वर्तमान में यूपी एसएसएफ के जवान मेट्रो, एयरपोर्ट, जवाहर भवन, इंदिरा भवन व लोक भवन की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। अगले चरण में अन्य कोर्ट परिसर में भी यूपी एसएसएफ के जवानों की तैनाती होगी। डीजीपी मुख्यालय ने बीते दिनों पहले चरण में पांच न्यायालय परिसरों में एसएसएफ की तैनात किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

# वन विभाग ने पकड़ी एक ट्रक अवैध लकड़ी, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, भीटी रावतः अवैध तरीके से जा रही शीशम की एक ट्रक लकड़ी को वन विभाग की टीम ने पकड़ा। ट्रक चालक व एक व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ट्रक को सीज कर दिया गया है।

बस्ती से शीशम का बोटा लाद कर एक ट्रक गोरखपुर की तरफ जा रहा था। मंगलवार की रात करीब दस बजे जैसे ही वन दारोगा आशुतोष तिवारी को सूचना मिली। उन्होंने सहयोगी वन कर्मियों के साथ ट्रक को सहजनवां क्षेत्र में पकड़ लिया। वन दारोगा ने बताया कि बस्ती जिले से ट्रक पर चालक ने 175 बोटा शीशम की लकड़ी लाद कर पश्चिम चंपारण, बिहार ले जा रहा था। जांच में पता लगा कि इसमें 74 बोटा की परमिट है और बाकी 101 बोटा की परमिट नहीं है। उन्होंने बताया ट्रक चालक की पहचान साजिद अली पुत्र तुल्लाह छावनी, पडरौना कुशीनगर तथा व्यापारी की पहचान प्रो. अब्दुल पालीवुड एंड फर्नीचर पश्चिम चंपारण बिहार के रूप में हुई है।



सहजनवां में वन विभाग की तरफ से पकड़ी गई लकड़ी • जागरण

# चुनाव में शांति के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च

जागरण टीम, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए बुधवार पुलिस व सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

बड़हलगंज संवाददाता के अनुसार, लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के जवानों ने कालेज रोड, आंबेडकर चौराहा, पटना चौराहा, बड़ी मस्जिद, सोती चौराहा, लेटाघाट, समम टाकीज, गोला रोड होते हुए पूरे कस्बे में पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने करने लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा कोड़ारी, भैंसवली, जाईपार सहित अन्य गांवों में भी पुलिस बलों ने मार्च किया। एसएसआइ कृष्ण कुमार गुप्ता, एसआइ संजय पाल, कृष्ण कुमार सिंह, विरेन्द्र बहादुर सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



बड़हलगंज कस्बे में पैदल मार्च करते पुलिस व पीएसी के जवान • जागरण

पीपीगंज संवाददाता के अनुसार, लोकसभा चुनाव में एक जून को होने वाले मतदान को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानों ने पैदल मार्च किया। नगर के भगवानपुर चौराहा, पशु बाजार तिराहा, मुख्य चौराहा, टीचर कालोनी, तिघरा मार्ग, जसवल चौराहा, बढ़या चौराहा के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जंगल कौड़िया में सुरक्षा बलों ने निर्भिक होकर शांति पूर्वक मतदान करने की अपील की। इस मौके पर थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह, एसएसआइ शेर बहादुर यादव, एसआइ अजीत यादव, अविनाश यादव, नितिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

जासं., गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह गांजा के साथ युवक को एक किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि रामगढ़ताल थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय बुधवार को चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मंझरिया बिस्टौली के रहने वाले अमित भारती को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास गांजा मिला। पकड़े गए आरोपित पर पहले से 21 मुकदमे दर्ज हैं।

# हत्यारोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जासं, गोला : थाना क्षेत्र के डड़वापार गांव में अप्रैल में मारपीट के दौरान हुई वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि 20 अप्रैल को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम निकला। इसमें में डड़वापार गांव का एक छात्र फेल और दूसरा पास हो गया। पास हुआ लड़का खुशी में पट्टीदारी के लोगों में मिठाई बांट रहा था। उसी दौरान फेल लड़के से विवाद हो गया। बाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 68 वर्षीय कन्हैया यादव की उपचार के दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

**दुष्कर्म और पास्को एक्ट का आरोपी गिरफतार, भेजा जेल :** जासं, हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के एक गांव में मनबढ़ युवक ने घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित जोगिंदर के विरुद्ध घर में घुसकर दुष्कर्म, धमकी देने और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। जोगिंदर को बुधवार की दोपहर कुआवल पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# मां–बेटे को चौकी में पीटने का आरोपित सिपाही निलंबित

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : झंगहा थाने की मोतीराम चौकी में मां-बेटे को पीटने के आरोपित सिपाही डीके यादव को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। वहीं, इसी मामले में चौकी प्रभारी की भूमिका की जांच चल रही है। यह कार्रवाई दैनिक जागरण द्वारा 26 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर हुई है।

दैनिक जागरण ने 26 मई को 'पिता को लाकअप में डाला, मां-बेटे को पीटा' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें बताया था कि मांघीडाढ़ी निवासी रामकिशुन को जमीन के मामले में चौकी पर बुलाकर लाकअप में डाल दिया गया। इसी मामले में उसके बेटे की पिटाई और बचाने आई मां से भी मार-पीट का आरोप लगाया गया। रामकिशुन ने इसकी शिकायत एसएसपी कार्यालय पहुंचकर की थी। बताया था कि वह तीन भाई हैं, जमीन का बंटवारा हो चुका है। दो भाई अपनी जमीन पर काबिज हैं। वह अपनी जमीन पर पिलर लगा रहा था,

**जागरण प्रभाव**


पिता को लाकअप में डाला, मां–बेटे को पीटा

मोतीराम अड्डा पुलिस चौकी की घटना, एसएसपी करा रहे मामले की जांच

जागरण में प्रकाशित खबर

- जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था मोतीराम अड्डा चौकी का यह मामला
- एसएसपी ने खबर का संज्ञान लेकर की कार्रवाई, चौकी प्रभारी की चल रहीजांच

जिसको लेकर भाइयों से विवाद हो गया। इसके बाद हलका सिपाही डीके यादव ने चौकी पर लाकर लाकअप में बंद कर दिया एवं बेटे व पत्नी की पिटाई कर दी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि सिपाही को निलंबित किया गया है।

# दो पक्षों के विवाद में पांच घायल, मुकदमा दर्ज

हरपुर–बुदहट : थाना क्षेत्र के पचौरी गांव में मंगलवार को बच्चों के खेलने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से ईंट–पत्थर चले। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पचौरी गांव के दिनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे बच्चों के खेलने के विवाद को लेकर राजू, लालू, बिट्टू व रणजीत ने मुझे, पत्नी संगीता व विकास गाली देते हुए लाठी–डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, राजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम आठ बजे विकास, आकाश व दिनेश ने एक राय होकर मुझे और बेटे प्रियम को लाठी–डंडा और ईंट–पत्थर से मारकर घायल कर दिया।

# बीमा धारकों के दस्तावेज पर लोन लेने वाला तीसरा आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर: बीमा धारकों के दस्तावेज का इस्तेमाल कर 68 लाख रुपये लोन लेने के तीसरे आरोपित को कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से चार बीमा पालिसी, एक मुहर, मोबाइल फोन व दस्तावेज मिले। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ कोतवाली गौरव त्रिपाठी ने बताया कि तीन नवंबर, 2023 को एलआइसी की जुबिली शाखा के प्रबंधक राजकुमार राय ने कूटरचित दस्तावेज का इस्तेमाल कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि अभिकर्ता धीरज कुमार ने बीमा धारकों के कूटरचित दस्तावेज का इस्तेमाल करके 68 लाख रुपये लोन कराया है। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर मुख्य आरोपित तिवारीपुर के मोहनलालपुर में रहने वाले धीरज सरकार ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया। सोमवार को पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के धनघटा क्षेत्र स्थित टुरैना व हाल पता मोहनालालपुर में रहने वाले अजय प्रताप और राहुल श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दोनों आरोपित धीरज सरकारी के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराने में मदद करते थे। बुधवार को पुलिस ने बेतियाहाता दक्षिणी के शिवपुरी में रहने वाले सुनील कुमार को गिरफ्तार किया।

# अस्पतालों व भीड़ वाले स्थानों में होगा आग से बचाव का पूर्वाभ्यास

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बढ़ते तापमान के कारण अग्नि दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शासन ने अस्पतालों, नर्सिंग होम (विशेषकर बच्चों के अस्पतालों) व भीड़ वाले स्थानों पर आग से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास का निर्देश दिया है, ताकि बचाव के उपकरणों की पड़ताल कर उन्हें दुरुस्त किया जा सके। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से पिछले दिनों सात बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि रेस्टोरेंट, अस्पताल, माल, गेमिंग जोन, बैंक्वेट हाल, भीड़ वाले स्थान, ऊंचे रिहायशी भवनों में अग्नि से बचाव के उपकरणों की समीक्षा व पूर्वाभ्यास किया जाए। कमियां मिलने पर उन्हें दुरुस्त किया जाए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि शासन से निर्देश आया है। विशेष अभियान चलाकर अग्नि से बचाव के उपायों की पड़ताल की जाएगी।

# लोक अदालत की सफलता के लिए हुई बैठक

गोरखपुर : 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नीलू मोघा के विश्राम कक्ष में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। सदर मुंसरिम परिवार न्यायालय अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निस्तारण कराए जाने के लिए पक्षकारों को नोटिस समन जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अशोक कुमार, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय रेनू सिंह, रामपाल, संजय आदि उपस्थित रहे।

# विशेष लोक अदालत में सात मामले निस्तारित

गोरखपुर: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत आयोजित हुई, जिसमें सात मामले निस्तारित किए गए। अपर सत्र न्यायाधीश विकास सिंह ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन तरुण कुमार अग्रवाल ने सात मामले निस्तारित किए। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम संजय पति त्रिपाठी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, जेलर, डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

# वन विभाग कार्यालय में चोरी करने पहुंचे युवक को पकड़ा

जासं., गोरखपुर : वन विभाग के कार्यालय में मंगलवार की रात में चोरी की नीयत से घुसे युवक को वन दारोगा ने पकड़ लिया। कैंट थाना पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

वन दारोगा हिमांशु ने तहरीर में लिखा है कि मंगलवार की रात में चहारदीवारी फांदकर आरोपित घर के अंदर चला गया। सीसी कैमरे की मदद से आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित की पहचान गोरखनाथ में 10 नंबर बोरिंग के पास का रहने वाले रवि के रूप में हुई।

# लोक अदालत में 7 मामले निस्तारित

GORAKHPUR (29 May): जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत आयोजित हुई, जिसमें सात मामले निस्तारित किए गए. अपर सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन तरुण कुमार अग्रवाल ने सात मामले निस्तारित किए. इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम संजय पति त्रिपाठी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, जेलर, डिप्टी जेलर उपस्थित रहे.

# लोन लेने वाला आरोपित अरेस्ट

**GORAKHPUR (29 May):** बीमा धारकों के दस्तावेज का इस्तेमाल कर 68 लाख रुपये लोन लेने के तीसरे आरोपित को कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया. आरोपित के कब्जे से चार बीमा पालिसी, एक मुहर, मोबाइल फोन व दस्तावेज मिले. दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया.

सीओ कोतवाली गौरव त्रिपाठी ने बताया कि तीन नवंबर, 2023 को एलआइसी की जुबिली शाखा के प्रबंधक राजकुमार राय ने कूटरचित दस्तावेज का इस्तेमाल कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था. जांच में आरोप की पुष्टि होने पर मुख्य आरोपित तिवारीपुर के मोहनलालपुर में रहने वाले धीरज सरकार ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया. सोमवार को पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. बुधवार को पुलिस ने बेतियाहाता दक्षिणी के शिवपुरी में रहने वाले सुनील कुमार को गिरफ्तार किया.

# आज से थमेगा प्रचार का शोर यूथ-वूमेन के लिए स्पेशल बूथ

FILE PHOTO




**UPDATE**

गोरखपुर और बांसगांव एरिया में बनाए जाएंगे 9 यूथ और 9 महिला मैनेज्ड बूथ

gorakhpur@inext.co.in
GORAKHPUR (29 May):
1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम को प्रचार का शोर थम जाएगा. वही 31 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना हो जाएंगी. इस बार तीन प्रकार के विशेष बूथ दिखेंगे. पिंक बूथ भी कुछ बदला हुआ दिखेगा, जबकि दिव्यांग व युवा बूथ बनाए जाएंगे. विशेष बूथों की श्रेणी निर्धारित होने के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से बूथ बनाने की तैयारी शुरू हो गई है.

### अब वूमेन मैनेज्ड बूथ

पिंक बूथ का नाम अब वूमेन मैनेज्ड बूथ हो गया है. जहां भी ये बूथ बनेंगे, वहां पर कर्मचारी व अधिकारी महिलाएं होंगी, जबकि सुरक्षा में भी अधिकतर महिलाएं ही तैनात रहेंगी. पिछली बार की तरह महिला बूथ की अच्छी तरह सजावट होगी, सुविधाएं भी होंगी.

### दिव्यांग मैनेज्ड बूथ बनेंगे

वूमेन इसके अलावा सभी 9 विधान सभा एरियाज में एक-एक दिव्यांग बूथ भी बनाया जाएगा. दिव्यांग बूथ पर दिव्यांग अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी. बूथ में सुविधाएं अच्छी होने के साथ अच्छी तरह से सजावट भी होगी. वहीं वोटिंग के बाद दिव्यांगों के फोटो लेने के लिए सेल्फी प्वांट भी बनाया जाएगा.

### ये हैं महिला मैनेज्ड बूथ

| | |
|---|---|
| कैम्पियरगंज | पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैम्पियरगंज |
| पिपराइच | प्राथमिक विद्यालय सुभानअली पूरब |
| गोरखपुर सिटी | कार्मल गर्ल्स इंटर कालेज सिविल लाइंस |
| गोरखपुर ग्रामीण | महाराणा प्रताप कन्या इंटर कालेज रमदत्तपुर |
| सहजनवां | प्राथमिक विद्यालय बेवटा |
| चौरी चौरा | जनता इंटर कालेज माझापार |
| बांसगांव | सर्वोदय इंटर कालेज कौड़ीराम |
| चिल्लूपार | कम्पोजिट विद्यालय गोला प्रथम मध्य |

### फैक्ट एंड फीगर

| | |
|---|---|
| कुल वोटर्स | 36,32,946 |
| पुरुष वोटर्स | 19,54,088 |
| महिला वोटर्स | 16,78,599 |
| थर्ड जेंडर | 259 |
| सर्विस वोटर्स | 8,628 |
| कुल वोटर्स केंद्र | 2,064 |
| कुल मतदान स्थल | 3,678 |
| जोनल मजिस्ट्रेट | 34 |

### 40,007 वोटर्स पहली बार डालेंगे वोट




जिले में 259 थर्ड जेंडर वोटर्स बनाए गए हैं. सबसे ज्यादा थर्ड जेंडर की पिपराइच विधानसभा क्षेत्र 44 और सबसे कम चिल्लूपार में 6 हैं. जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश के मुताबिक, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट का गठन कर लिया गया है. इसके लिए कलेक्ट्रेट में ई डिस्टिक में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. वहीं, 40,007 वोटर्स गोरखपुर में पहली बार वोटिंग करेंगे. इसके अलावा दिव्यांग वोटर्स की संख्या 25,131 है. 66,843 वोटर्स 80 वर्ष से ऊपर के हैं.

"वोटर्स को आकर्षित करने के लिए गोरखपुर एवं बांसगांव लोकसभा एरिया के सभी लोकसभा एरियाज में महिला मैनेज्ड, यूथ मैनेज्ड व दिव्यांग मैनेज्ड बूथ बनाए गए हैं. वोटर्स वोटर्स के लिए इन बूथों पर विशेष इंतजाम होंगे.

नीरज श्रीवास्तव,
सह नोडल ई-डिस्ट्रिक गोरखपुर

### ये होगी महिला मैनेज्ड बूथ की खासियत

- पिंक बूथ यानी महिला मैनेज्ड बूथ पर तैनात चुनाव अधिकारी से लेकर सुरक्षा अधिकारी तक महिलाएं होंगी.
- ये बूथ बनाए तो महिलाओं के लिए गए है, लेकिन पुरुष भी यहां जाकर वोट डाल सकते है.
- इन बूथों को बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया कपड़ा, टेबल क्लॉथ, कारपेट और गुब्बारे से लेकर हर कुछ गुलाबी रंग का होता है.
- यहां बच्चों के खेलने के लिए भी जगह होती है और वो भी गुलाबी रंग की. सेल्फी प्वाइंट भी होगा

### ये हैं यूथ मैनेज्ड बूथ

| | |
|---|---|
| कैम्पियरगंज | प्राथमिक विद्यालय बनभागलपुर |
| गोरखपुर सिटी | महाराणा प्रताप सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर, बेतियाहाता |
| गोरखपुर ग्रामीण | एनएस चिल्ड्रेन एकेडमी, माधोपुर |
| सहजनवां | प्राथमिक विद्यालय जुड़ियान |
| चौरी चौरा | प्राथमिक विद्यालय राघोपुर |
| बांसगांव | सर्वोदय विकास इंटर कालेज कौड़ीराम |
| चिल्लूपार | कम्पोजिट विद्यालय गोला प्रथम उत्तर |

### कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

जिले की दोनों लोकसभा सीटों गोरखपुर और बांसगांव में चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. गुरुवार की शाम पांच बजे से जिले में चुनाव प्रचार थम जाएगा. सभी स्टार प्रचारकों और बाहर के नेताओं को जिले की सीमा छोड़नी पड़ेगी. सिर्फ डोर टू डोर पैदल चलकर चुनाव प्रचार किया जा सकेगा. अगले दिन शुक्रवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर से पोलिंग पार्टियां सभी 3678 बूथों के लिए रवाना की जाएंगी. एक जून को सुबह सात बजे से मतदान शुरु होकर शाम छह बजे तक चलेगा. इसके बाद ईवीएम लेकर पोलिंग पार्टियां फिर गोरखपुर विश्वविद्यालय आएंगी जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में उन्हें रखा जाएगा. जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. कुछ बूथों पर बिजली, पानी आदि की शिकायतें आ थी उन्हें भी दूर करा लिया गया है.

### ये हैं दिव्यांग मैनेज्ड बूथ

| | |
|---|---|
| कैम्पियरगंज | प्राथमिक विद्यालय कैम्पियरगंज |
| पिपराइच | प्राथमिक विद्यालय जंगल छत्रधारी |
| गोरखपुर सिटी | सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज, सिविल लाइन |
| गोरखपुर ग्रामीण | सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग |
| सहजनवां | मुरारी इंटर कालेज सहजनवां |
| चौरी चौरा | प्राथमिक विद्यालय बाल कुआं |
| बांसगांव | सर्वोदय इंटर कालेज कौड़ीराम |
| चिल्लूपार | कम्पोजिट विद्यालय गोला प्रथम दक्षिण |

### यूथ मैनेज्ड बूथ बनाए जाएंगे

जिले की 9 विधानसभा में एक-एक युवा मैनेज्ड बूथ बनेगा. जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से कोशिश है कि जिन बूथों पर 18 से 35 साल के युवा वोटर्स की संख्या अधिक है, उनमें किसी बूथ को यू बूथ बनाया जाए. यूथ बूथ को बनाने की तैयारी शुरू हो गई है. यहां ज्यादातर कर्मचारी युवा लगाए जाएंगे.

# कल 12वीं पास मेधावियों को किया जाएगा सम्मानित

स्पार्क-2024 इवेंट में होगा 12वीं पास टैलेंटेड स्टूडेंट्स का सम्मान

newsroom@ine&t.co.in
GORAKHPUR (29 May): अगर आपका 12वीं का रिजल्ट आ चुका है और आपने 12वीं में 75 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं, तो यूनाइटेड यूनिवर्सिटी प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आई नेक्स्ट ऐसे टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए लेकर आया है स्पार्क-2024 इवेंट. इस इवेंट में यूपी बोर्ड, आईएससी और सीबीएसई बोर्ड के 12वीं में 75 परसेंट से ज्यादा मार्क्स हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित गोकुल अतिथि भवन में आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस अंशिका वर्मा मेधावियों का मार्गदर्शन करेंगी.






### यूनाइटेड यूनिवर्सिटी प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए लेकर आया है स्पार्क-2024 इवेंट

### सेमिनार में जानिए

- कैसे चुनें Admission की सही दिशा
- कैसे करें एक बेहतर institute का selection
- कैसे करें best graduation course का selection
- जानिए सफलता के लिए जरूरी व्यवहारिक बदलाव

### यहां होगा कार्यक्रम

- सम्मान समारोह का कार्यक्रम स्थल - गोकुल अतिथि भवन, सिविल लाइंस
- कार्यक्रम का शुभारंभ - सुबह 9.30 बजे से
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - आईपीएस अंशिका वर्मा

### स्कैन करें और इवेंट का हिस्सा बनें

इस इवेंट में शामिल होने की प्रक्रिया भी बेहद आसान है. इसमें 12वी पास स्टूडेंट्स फ्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है. इसके लिए इस खबर के साथ दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना है. 12वी के बाद सही करियर का चयन स्टूडेंट्स के करियर का टर्निंग प्वाइंट होता है, इसलिए इस सम्मान समारोह में देश के जाने-माने एक्सपर्ट्स बताएंगे 12वी के बाद करियर का सक्सेस मंत्रा. इसके साथ ही सेमिनार में आपको और भी जरूरी जानकारियां दी जाएंगी.

### सम्मान समारोह में क्या मिलेगा ?

- मेडल और सर्टिफिकेट

# शादी में हुए विवाद पर हमला करने के चार आरोपी दबोचे



बेलीपर में हमला करने के पकड़े गये आरोपी। ● हिन्दुस्तान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बेलीपार इलाके में शादी में हुए विवाद को लेकर दो लोगों को रास्ते में घेरकर जानलेवा हमला करने के चार आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर पुलिस मारपीट, हत्या की कोशिश, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुसमौल निवासी शरदचंद्र आर्या, शाहिल, मोहन उर्फ अरुण और सूरज के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कुसमौल निवासी राजकमल ने केस दर्ज कराया है।

उनका कहना है कि गांव के इन्दल के घर शादी में 26 मई को बारात गए थे। वहीं पर आरोपियों से विवाद हो गया था। इसी के विरोध में 27 मई को आरोपियों ने मारने की नीयत से घेर लिया और फिर पिटाई करने लगे। राजकमल के साथ मारपीट देखकर धीरज बचाने आया तो उस पर हमला कर दिए। पिटाई से चार दांत टूट गया और चेहरे पर भी गंभीर चोट आई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

# बीमा के नाम पर जालसाजी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। पॉलिसी धारकों का पालिसी प्राप्त कर उनका कूटरिचत दस्तावेज बनाकर बैंक से लोन लेने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने कई बैंक का पासबुक भी बरामद किया है। इन लोगों ने कई बीमा धारकों के रुपये भी हड़प लिए हैं।

आरोपी की पहचान बेतियाहाता दक्षिणी निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, एलआईसी के शाखा प्रबंधक राजकुमार राय ने तीन नवंबर 2023 को तहरीर देकर बताया कि शाखा से पिछले 21 वर्ष से जुड़े अभिकर्ता धीरज सरकारी द्वारा बीमाधारकों का बीमा पालिसी का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अन्य व्यक्तियों का बैंक एकाउंट देकर धोखाधड़ी से लोन प्राप्त कर लिया गया। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर विवेचना कर रही थी।

# ऑफिस में घुसा युवक पकड़ा गया

गोरखपुर। वन विभाग के ऑफिस में मंगलवार की रात में चोरी की नीयत से घुसे युवक को हिरासत में ले लिया गया। वन दरोगा ने आरोपी को पकड़ा और पुलिस को सुपुर्द कर केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, वन दरोगा हिमांशु ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को उन्होंने बताया कि आरोपी बाउंड्री कूदकर अंदर चला गया। लेकिन सीसी टीवी कैमरे की मदद से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम-पता रवि निवासी दस नंबर बोरिंग गोरखनाथ बताया।

# जेल में लोक अदालत, सात मामले निस्तारित

गोरखपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बुधवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने बताया कि लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तरुण अग्रवाल द्वारा कुल सात मामलों का निस्तारण किया गया।

# लोक अदालत 13 जुलाई को, हुई बैठक

गोरखपुर। आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं जाने के उद्देश्य से बुधवार को अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नीलू मोघा के विश्राम कक्ष में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। सदर मुंसरिम परिवार न्यायालय अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निस्तारण कराए जाने के लिए पक्षकारों को नोटिस सम्मन जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

# 200 वाहन स्वामियों पर दर्ज होंगे केस

गोरखपुर। जिले में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए आरटीओ विभाग ने 1800 वाहनों का अधिग्रहण किया है। 200 छोटे वाहनों को छोड़कर सभी वाहन गोरखपुर विवि परिसर एवं चंपा देवी पार्क में खड़े हो गए हैं। एआरटीओ अरुण कुमार ने बताया कि अब भी जो 200 वाहन निर्धारित स्थल पर नहीं पहुंचे हैं, उनके स्वामियों पर केस दर्ज होगा।

# पड़ोसी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला इलाके के एक गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर पड़ोसी बुजुर्ग की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। हालांकि, पुलिस की जांच में पुरारी रंजिश की बात भी सामने आई है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान पांडेयपार निवासी तारकेश्वर यादव के रूप में हुई है। आरोपी का बेटा पड़ोस की एक महिला के घर में घुस गया था। वहां पर उसे देखकर महिला ने शोर मचाया तो बुजुर्ग उसे बचाने के लिए चले गए। तभी आरोपी को बुजुर्ग ने पकड़ लिया और बेटे को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी के घरवाले भी एकजुट हो गए और बुजुर्ग के बाद उनके बेटे पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत होने पर पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ा दी थी। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पॉलिसी पर लोन लेने का एक और आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। पॉलिसी धारकों के पालिसी का प्रपत्र प्राप्त कर उनका कूटरचित दस्तावेज बनाकर बैंक से लोन लेने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने कई बैंकों का पासबुक भी बरामद किया है। इन लोगों ने कई बीमा धारकों के रुपये भी हड़प लिए हैं। आरोपी की पहचान बेतियाहाता दक्षिणी निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है।

एलआईसी के शाखा प्रबंधक राजकुमार राय ने तीन नवंबर 2023 को तहरीर देकर बताया कि शाखा से पिछले 21 वर्ष से जुड़े अभिकर्ता धीरज सरकारी के खिलाफ बीमाधारकों के बीमा पालिसी का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोन प्राप्त करने की शिकायत प्राप्त की गई। आरोपी ने अन्य व्यक्तियों के बैंक एकाउंट देकर लोन प्राप्त कर लिए थे।

पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर विवेचना कर रही थी। इस बीच मुख्य आरोपी तिवारीपुर इलाके के मोहन लालपुर तिवारीपुर निवासी धीरज सरकारी हाईकोर्ट से स्टे लेकर चला आया। संवाद

# विशेष लोक अदालत में सात मामले निपटाए

गोरखपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत का आयोजन हु। अपर सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने बताया कि इस अवसर पर अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तरुण कुमार अग्रवाल, चीफ लीगल एड डिफेंस कार्उसिल सिस्टम, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, जेलर, डिप्टी जेलर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तरुण कुमार अग्रवाल ने सात मामलों का निस्तारण किया। संवाद

# शादी तय होने पर युवती पर अश्लील टिप्पणी कर रहा युवक

चिलुआताल (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की 23 वर्षीय युवती की शादी तय होने पर एक युवक मोबाइल फोन से धमकी देकर अश्लील टिप्पणी करने लगा। पिता की तहरीर पर चिलुआताल में आजमगढ़ जिले के फूलपुर निवासी आरोपी अजय चौबे पर केस दर्ज किया गया है। पिता ने तहरीर में लिखा है कि मेरी 23 वर्षीय बेटी की हाल ही में शादी तय हुई है। इसके बाद से ही अजय चौबे बेटी के मोबाइल फोन पर अलग-अलग नंबरों से फोन कर गाली-गलौज करने के साथ ही अश्लील टिप्पणी कर रहा है। संवाद

# पत्नी समेत 12 पर मारपीट का केस दर्ज कराया

गुलरिहा। इलाके के एक युवक ने पत्नी समेत ससुराल के 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तीन दिन पूर्व पत्नी ने पति के घर वालों के खिलाफ प्रताड़ित कर मारने-पीटने के साथ जेठ पर छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। संध्या विहार कॉलोनी निवासी रमाशंकर का आरोप है कि शादी के बाद से ही पत्नी दस लाख रुपये मांग रही थी। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गई। झूठे केस में परिवार वालों को फंसा दिया। आरोप है कि रविवार को पत्नी अपने पिता मारकंडे, दोनों भाई रुद्रकांत, शिवाकांत और पांच-सात अज्ञात लोगों को बुलाकर घर पर मारपीट करने लगी। इन लोगों ने ईंट से मारकर गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। ब्यूरो

# रेल कर्मी के बेटे की फंदे से लटकी मिली लाश

संतकबीरनगर। सहजनवां थाना क्षेत्र के लोनिया गांव निवासी 22 वर्षीय युवक घर में फंदे से लटक गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोनिया गांव निवासी राहुल उर्फ बजरंगी मंगलवार की देर शाम खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। घर पर कोई नहीं था। रात करीब 10 बजे बहन उसे बुलाने गई तो देखा कि राहुल का शव छत की कुंडी से लटक रहा था। संवाद

# रोड शो में हुई भीड़ पर रूट डायवर्जन से आम लोगों को नहीं हुई परेशानी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में बुधवार को भारी भीड़ थी। रोड शो जिन रास्तों से गुजरा, उधर बाजार के चलते भीड़ रहती है। लेकिन रूट डायवर्जन और सुरक्षा व्यवस्था के चलते आम लोगों को परेशानी नहीं हुई। इस रूट पर रोड शो की जानकारी होने के चलते लोग वाहनों से नहीं गए।

### रूट पर रोड शो की जानकारी होने के चलते लोग वाहनों से नहीं गए

टाउन हॉल से शाम करीब 5:45 बजे मुख्यमंत्री आए, फिर उनका काफिला घोष कंपनी होते हुए आगे निकला। जबकि शाम पांच बजे से ही रोड शो वाले सड़कों पर वाहनों का आवागमन बैरियर लगाकर रोक दिया गया था। जिनको पता था, वह बदले हुए रास्ते से निकले, जबकि रोड शो में शामिल होने आए कुछ भाजपा समर्थक अपनी गाड़ी लेकर जाने का प्रयास किए, लेकिन ट्रैफिक जवानों और पुलिस कर्मियों ने उन्हें नहीं जाने दिया।

घोषकंपनी, रेतीचौक, घंटाघर, बक्शीपुर, अग्रसेन तिराहा, गणेश चौक, सुमेर सागर तिराहा और विजय चौक की सड़कों पर जगह-जगह बैरियर लगाए गए थे। इन रास्तों की छतों पर भी एक हजार से अधिक जवान तैनात थे।



रोड शो का स्वागत करते लोग। संवाद

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला कबाड़ी का शव

**खामपार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के दुर्गापुर इंटर कालेज में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ पुरुष का अज्ञात शव पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक कबाड़ी का काम करता था। खामपार पुलिस ने अगल बगल के कबाड़ियों को बुलाकर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी।वहीं लोगों द्वारा चर्चा में मृत्यु का कारण लू लगने से बताया जा रहा है।



लोकसभा चुनाव के लिए पहुंची फोर्स ने बुधवार को जिले में फ्लैग मार्च किया।

# अर्द्धसैनिक बल और पुलिस ने की गश्त

देवरिया। लोकसभा चुनाव में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने को जिले की पुलिस द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के साथ क्षेत्र में किया गया पैदल गश्त किया गया। अर्द्धसैनिक बल, सीएपीएफ की कम्पनियों के द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष मय पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करते हुए आम जन मानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करायी। उन्होंने निर्भीक होकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने को जागरूक किया।

# द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**देवरिया(एसएनबी)।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण 20 मई से 24 मई के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था।

इस क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 21 कार्मिकों एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, देवरिया द्वारा 4 कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दिया गया है।

इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 4 कार्मिकों के विरूद्ध प्रथम सूचना दर्ज रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# बीच बचाव करने गए युवक पर चाकू से हमला

देवरिया। एक व्यक्ति के घर में घुसकर हमला करने के दौरान बीच बचाव करने गये युवक पर चाकू से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित व्यक्ति ने सदर कोतवाली को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। देवरिया खास वार्ड के रजला के यादव टोला निवासी खुर्शेद अंसारी ने तहरीर में कहा है कि 28 मई की रात 11 बजे उसके बगलगीर अख्तर पुत्र अनवर के घर में घुसकर कुछ लोग राड और चाकू से हमला करने लगे। वह बीच-बचाव करने के गया तो हमलावरों ने उसके ऊपर भी चाकू से वार कर दिया। दो जगह चाकू लगने से वह जख्मी हो गये औ बेहोश होकर गिर पड़े।

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

तरकुलवा। महुअवा बजरकटार गांव के युधिष्ठिर मद्धेशिया ने थाने में तहरीर दी है। कहा है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने मंगलवार को दिन में दस बजे के करीब अकारण ही उनको और उनकी पत्नी शशिकला देवी को गाली गुप्ता देते हुए लात-मुक्का और ईंट- पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि उनमें से एक ने दांत से आंख के ऊपर काट लिया और जाते समय उनलोगों ने जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने परशुराम, भीखम, गुलाब व ओंकार के खिलाफ मारपीट व जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया है।

# बंटवारे को लेकर भाई को पीटा, केस दर्ज

सलेमपुर। बंटवारे को लेकर एक भाई को दूसरे भाई ने पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सहला गांव निवासी विनय कुमार तिवारी पुत्र स्व वशिष्ठ नाथ तिवारी ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि 20 मई को सुबह वे अपने निजी कार्य से सलेमपुर जाने के लिए घर से निकले। उसी दौरान उनके भाई आपसी बंटवारे को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध पर वह लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। विनय की तहरीर पर पुलिस ने मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व वशिष्ट नाथ तिवारी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित 25 कार्मिकों के खिलाफ केस

**कार्रवाई**

देवरिया, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज व एसएसबीएल इंटर कॉलेज में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध सीडीओ के निर्देश पर 25 कार्मिकों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि लोक सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण 20 मई से 24 मई के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 21 कार्मिकों एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, देवरिया द्वारा 4 कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दिया गया है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 4 कार्मिकों के विरुद्ध प्रथम सूचना दर्ज रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों के खर्च की जांच की

जागरण संवाददाता,देवरिया: लोकसभा सीट देवरिया से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के चुनाव खर्च के रजिस्टर की व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि निर्दल प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल ने 9.02 लाख, बसपा प्रत्याशी संदेश यादव मिस्टर ने 5.10 लाख, रफीक अंसारी ने 67 हजार, मुक्तिनाथ सिंह ने 64 हजार, अगम स्वरूप ने 8.75 लाख, भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने 56.26 लाख, कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश सिंह ने 46.24 लाख रुपये अभी तक खर्च किए हैं।

# आज शाम छह बजे थम जाएगा चुनाव प्रचार

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए आज शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएंगे। इसके बाद लाउडस्पीकर से कोई प्रचार कार्य या रैली नहीं आयोजित होगी। 31 मई को रवाना होने वाली पोलिंग पार्टी की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।

जिले में सात विधान सभा क्षेत्र में एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों की रैली, चुनाव प्रचार, नुक्कड़ सभा व अन्य कार्य तेज हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत कई वरिष्ठ नेताओं की जनसभा व रैली आयोजित की गई। गुरुवार शाम छह बजे से चुनाव प्रचार पर लगाम लग जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी केवल बिना लाउडस्पीकर के ही लोगों के बीच पहुंच सकते हैं। लोकसभा देवरिया के सीट पर सात प्रत्याशी मैदान में हैं।

# मनबढ़ों ने व्यापारियों को पीटा पांच आरोपित गिरफ्तार

## छत से महिलाओं ने किया पथराव, पांच बाइक भी हुई क्षतिग्रस्त

- 12 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- घायल सुनील की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गौरीबाजार: उपनगर के हाटा रोड पर मंगलवार की रात व्यापारी की रामपुर चौराहे पर मनबढ़ों ने पिटाई की। साथ ही महिलाओं ने पथराव किया। बवाल की आशंका पर रात को पुलिस ने काफी मशक्कत की। अब विवाद का वीडिया इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा है। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

उपनगर के रुद्रपुर रोड पर रहने वाले राहुल मोदनवाल पुत्र वीरेंद्र मोदनवाल हाटा रोड पर सहायता समूह का कलेक्शन करते हैं। रोजाना की तरह हाटा रोड पर गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दूसरे समुदाय के युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बारे में स्वजन ने आरोपितों से पूछताछ की तो आगबबूला होकर उनपर हमला कर दिया। आसपास की महिलाओं ने पथराव किया, जिससे पांच बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना में वार्ड नंबर आठ गोलघर के रहने वाले अमित गुप्ता ,अटल मद्धेशिया, वार्ड नंबर पांच के रहने वाले सुनील जायसवाल और सूजल जायसवाल घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने अमित व अटल की हालत गंभीर देख महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

घायल सुनील की तहरीर पर पुलिस ने गौरीबाजार के अशरफ नगर के रहने वाले मुमताज, असलम ,हेमराज ,मुमताज,डैमल ,राजा पुत्र अब्दुल ,साहिल ,कैसर , सेराज ,सादिक ,राजन ,सुहेल के विरुद्ध हत्या के प्रयास, पथराव समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने कहा कि मारपीट के मामले में 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

# विवाद के बाद एक पक्ष ने किया हमला, पांच घायल

## देर रात अशरफनगर में विवाद, पांच बाइकें भी क्षतिग्रस्त, वीडियो हुआ वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरी बाजार।** मामूली बात को लेकर दो पक्षों के युवकों के बीच हुए विवाद के बाद मनबढ़ों ने एक पक्ष पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर व धारदार हथियार का जमकर प्रयोग किया। इससे एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। घटना में पांच बाइकें भी क्षतिग्रस्त कर दी गईं।

देर रात पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले में नामजद सहित अज्ञात लोगों पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को लेकर उपनगर के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

उपनगर निवासी राहुल मोदनवाल (25) मंगलवार की रात गौरी बाजार के हाटा रोड पर समूह के कार्य से कलेक्शन करने गए थे। वहीं पर अशरफनगर मोहल्ले के कुछ युवक पहले से खड़े थे। पुरानी किसी बात को लेकर राहुल से कहासुनी के बाद मनबढ़ों ने मार-पीटकर घायल कर दिया। व्यवसायी पुत्र राहुल ने घर पहुंचकर घटना से परिजनों को अवगत कराया। परिजनों सहित कुछ युवक आरोपियों के घर उलाहना देने गए। इसी बात से नाराज होकर एक पक्ष के लोग देर रात हमला कर दिए। लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर और धारदार हथियार का इस्तेमाल किए। घटना में हमलावरों के साथ उनके परिवार की महिलाएं भी शामिल हो गईं।





अशरफनगर में देर रात हुई मारपीट के बाद घायल युवक। संवाद

### संवेदनशील मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस पांच हिरासत में

इस हमले में दूसरे पक्ष के वार्ड नं. 8 निवासी अमित गुप्ता (30) पुत्र सुरेश गुप्ता, अटल मद्धेशिया (30) पुत्र रामेश्वर मद्धेशिया, सुजल जायसवाल (17) पुत्र सुरेश जायसवाल, राजन मोदनवाल (21) पुत्र वीरेंद्र मोदनवाल, सुनील जायसवाल पुत्र राधेश्याम जायसवाल घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने स्थिति को संभाला। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की बात कही।

सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी बाजार लाया गया। जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमित गुप्ता की गंभीर स्थिति देख उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया गया। सुनील जायसवाल ने तहरीर देते हुए कहा है कि एक सभासद के ललकारने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने जानलेवा हमला कर धारदार हथियार से नारा लगाते हुए दूसरे पक्ष के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस कुछ नामजद सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करते हुए पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की तीसरी जांच की गई

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की जांच के लिए सर्किट हाउस के वीवीआईपी सभागार में बुधवार को तृतीय निरीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक की मौजूदगी में सभी प्रत्याशियों के व्यय, बैंक, नकद रजिस्टर की जांच की गई। प्रत्याशी व उनके अधिकृत निर्वाचन एजेंट के माध्यम से लेखा टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक के सामने अपने व्यय रजिस्टर एवं मूल बिल, बाउचर के साथ प्रस्तुत किए गए। सभी प्रत्याशी, अधिकृत एजेंट अपने व्यय विवरण की जांच के लिए उपस्थित हुए थे। उन्होंने कहा कि खर्च किए गए विविध मदों को निर्धारित स्थल पर अंकित करें।

वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर व्यय सीमा के तहत खर्च की जाने वाली धनराशि के अंतर्गत प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल ने 9,02,069, संदेश यादव ने 5,10,023, रफीक अंसारी ने 67,755 मुक्ति नाथ सिंह ने 64,134, अगम स्वरूप ने 875,518, शशांक मणि ने 56,26,887 एवं अखिलेश प्रताप सिंह ने 46,24,317 रुपये निर्वाचन के अंतर्गत व्यय किए हैं।

# द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिकी दर्ज

**देवरिया।** अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 21 कार्मिकों एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, देवरिया द्वारा 4 कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। संवाद

# पुलिस व अर्धसैनिक बल ने किया मार्च

**भाटपाररानी।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को थानाध्यक्ष खामपार महेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में बिहार सीमा से लगे गांव कुकुरघांटी, सरयां, केहुनियां, भिंगारी बाजार में पुलिस प्रशासन व अर्धसैनिक बल के जवानों ने मार्च निकाला। संवाद

# पेड़ से गिरकर दुकानदार की मौत

**भटनी।** नगर के हतवा वार्ड निवासी एक दुकानदार की बुधवार को पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह मझवलिया गांव में पेड़ से आम तोड़ रहा था तभी पैर फिसलने से नीचे गिर गया। इसकी जानकारी पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। भटनी नगर के हतवा वार्ड निवासी नंद लाल सोनकर का बेटा विजय (34) दुकानदार था। वह नगर के 116 नम्बर रेलवे ढाला पर फल की दुकान चलाता था। बुधवार को वह दुकानदारी के लिए मझवलिया गांव स्थित आम के बगीचे से पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# पैरामिलिट्री जवानों ने किया मार्च

**जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर व देवरिया लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में कराने को लेकर बुधवार को तुर्कपट्टी पुलिस की मधुरिया पुलिस एवं पैरामिलिट्री के जवानों ने सयुंक्त रूप से विभिन्न गावों व कस्बे में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में पैरामिलिट्री के इन्सपेक्टर सुभाष चन्द्र, सब इन्सपेक्टर कृष्ण पाल, मुल राज, चौकी प्रभारी मधुरिया अवनीश सिंह एवं कांस्टेबल आनन्दी आदि शामिल रहे।

जवानों का पैदल मार्च कनक पिपरा, बघौच मोड़ ,गड़हिया, जोकवा बाजार, लाला गुरवलिया आदि कस्बों में निकाली गयी। जवानों ने लोगों से जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की, साथ ही भ्रामक खबरों से बचने व मतदान करने की अपील की गई। पैदल मार्च में शामिल पुलिस कर्मी व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया गया।

# रोड शो में डिंपल यादव ने किया शक्ति प्रदर्शन

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। पडरौना में रोड निकाल रही डिंपल यादव को देखने के लिए शहर के कई घरों में छतों व युवा व महिलाएं जमी रहीं। डिंपल ने रास्ते में सभी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। छतों पर मौजूद बच्चे भी उन्हें देख कर शोर मचा रहे थे। बच्चों को उन्होंने सड़क से ही आशीर्वाद दिया।

सपा नेता डिंपल यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को दोपहर बाद करीब चार बजे रवींद्रनगर नवीन मंडी में बने हेलीपैड पर उतरा। यहां से उनके लिए बस लगी थी। बस से वह सीधे सपा कार्यालय पहुंचीं। यहां से पहले से सपाइयों की गाड़ियों का काफिला तैयार था। सबसे आगे खड़ी खुली जीप पर वह सवार हुईं। उनके अलावा इस वाहन पर उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे। यहां से रोड शुरू हो गया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। पडरौना में छावनी, कठकुइयां मोड़ होते सुभाष चौक, तिलक चौक, दरबार रोड से अम्बे चौक पर जाने में उन्हें तीन घंटे से अधिक का समय लग गया। वहां पहुंचने के लोगों को संबोधित किया। इससे



पडरौना शहर में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो करती डिंपल यादव।

पहले छावनी में भी उनका काफिला कुछ देर रुका था और उन्होंने जनता को संबोधित किया।

डिंपल यादव रास्तों में खड़े लोगों का हाथ जोड़ कर तो कभी हाथ हिलाकर अभिवादन करती रहीं। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं व अपने-अपने घरों की छतों पर खड़े थे। कुछ सपाई उन पर पुष्प वर्षा भी कर रहे थे।

## पुलिस रही मुस्तैद, नहीं लगने दिया जाम

रोड शो के दौरान पुलिस पूरे समय मुस्तैद रही। जिला मुख्यालय से अंबे चौक पर सड़क के दोनों ओर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। रस्सी का घेरा बनाकर सुरक्षा साथ चल रहे थे। इसका फायदा यह हुआ कि रोड शो के दौरान जाम की नौबत कहीं नहीं आयी।

सपा प्रत्याशी अन्य अन्य नेताओं की गाड़ी डिंपल के वाहन के ठीक पीछे थी। रोड शो के लिए हाइड्रोलिक वाली बस भी मंगाई गयी थी। संबोधन के लिए डिंपल यादव इस बस पर सवार हुईं।

# वाहनों के अधिग्रहण से बढ़ी यातायात की समस्या

## गोरखपुर से एआरटीओ ने मांगी 315 बसें, प्राइवेट वाहनों का भी हुआ अधिग्रहण

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** मतदान के लिए वाहनों का अधिग्रहण बुधवार से शुरू हो गया। चुनाव में वाहनों की कमी न हो इसके लिए परिवहन विभाग ने प्राइवेट बस और छोटे वाहनों के साथ पडरौना डिपो की सभी 19 अनुबंधित वाहनों को अधिग्रहण भेजा है। इसके अलावा गोरखपुर आरटीओ कार्यालय से 315 बसों की मांग की है। इसके अलावा प्रशासन ने बुधवार को निजी वाहनों का भी अधिग्रहण कर लिया। इसके आवागमन में लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

विभाग ने करीब दस हजार वाहन मालिकों को अधिग्रहण का नोटिस जारी किया है। लोकसभा चुनाव के लिए तैनात मतदान कार्मिकों को बूथ तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन को करीब 2500 छोटे-बड़े वाहनों की जरूरत है। इसके लिए निजी व सरकारी बसें, हल्के वाहन, डीसीएम, पिकअप समेत अन्य माल वाहनों को अधिग्रहण किया जाना है। नोटिस पहुंचने के बाद कई मालिक वाहन न दे पाने के लिए विभागीय अफसरों के पास पहुंच रहे हैं। कोई बता रहा है कि उनकी बुकिंग हैं तो कोई परिवार में सदस्य बीमार होना बता रहे हैं।



जिला मुख्यालय पहुंचे चुनाव के लिए अधिग्रहित वाहनों के चालक। संवाद

पडरौना डीपी की तरफ से 24 निगम और 19 अनुबंधित बसों का संचालन होता है। गैर जनपदों में हुए लोकसभा चुनाव कराने के लिए निगम की 14 बसें जिले से पुलिस कर्मी और होमगार्ड के जवानों को लेकर गई थी। इसमें दस बसे जिले को मिल चुकी है। अभी चार बसें डिपो को नहीं मिली हैं। अब एक जून को होने वाले जिले में लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग की तरफ से डिपो से संचालित सभी 19 बसों के मालिकों को बस के अनुधिग्रहण आदेश भेजा गया है। इन्हें 30 मई की शाम तक विभाग को रिपोर्ट कराने के लिए निर्देश दिया गया है। इसके अलावा प्राइवेट बसें चुनाव के लिए अधिग्रहित कर ली गई हैं। चुनाव में अनुबंधित और प्राइवेट बसों के चले जाने से पडरौना से गोरखपुर के अलावा जिले के खड्डा, पनियवहा और तुर्कपट्टी तक यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस संबंध में पडरौना डिपो के एआरएम राकेश कुमार ने बताया कि परिवाहन विभाग की तरफ से डिपो से अनुबंधित सभी बस मालिकों को लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहण आदेश भेजा गया है। लेकिन यात्रियों को परेशानी न हो इसके लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। किसी भी यात्री को यात्रा करने में परेशानी नहीं होगी।



*लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद से ही निगम की बसों की संख्या कम हो गई थी। इसके चलते यात्री परेशानी झेल रहे थे। बुधवार को पडरौना बस स्टेशन पर बसों की कमी थी, जिसके चलते देवरिया जाने के लिए करीब दो घंटे बस का इंतजार करना पड़ा।* – **श्याम मद्धेशिया**, यात्री।



*गोरखपुर जाने के लिए बीते एक घंटे से बस स्टेशन पर खड़ा हूं। इस बीच चार से पांच बसें आईं, लेकिन उनके चालक बता रहे हैं कि वे चुनाव ड्यूटी में जा रहे हैं। गोरखपुर जाना जरूरी है, मजबूरन तेज धूप में बस की प्रतीक्षा कर रहा हूं।* – **शुभम पाठक**, यात्री।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा आज

**रामकोला।** कस्बे के कांशीराम मिनी स्टेडियम परिसर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन आनंद ने दी। उन्होंने बताया रक्षा मंत्री सड़क मार्ग से आएंगे। उनकी जनसभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संवाद

# न्यायालय के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

जासं,नेवुआ नौरंगिया : एससी-एसटी न्यायालय के आदेश पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सोहरौना गांव के रहने वाले चार लोगों के विरुद्ध तोड़फोड़ व एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया है।

इसी गांव की चंपा ने बीते अप्रैल में न्यायालय में वाद दाखिल कर बताया कि 30 जनवरी 2024 को आरोपितों ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। विरोध करने पर घर में घुस आए तोड़फोड़ की। दाखिल पत्रावली, पेश सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना करने का आदेश दिया।

एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि आरोपित नेसार, सरवर, गुलाम, अनवर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# दुकान में से लकड़ी व लोहे का सामान चोरी

जासं, गोबरहीं: कसया के अहिरौली राजा चौराह पर मंगलवार की रात चोरों ने एक सर्विस सेंटर से लकड़ी की चौकी और लोहे का सामान चुरा लिया।

चौराहे के ही निवासी संदीप जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि सड़क किनारे गाड़ी धुलाई सेंटर व जनरल स्टोर की दुकान है। वह रात नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह आठ बजे दुकान पर पहुंचे तो चोरी का पता चला।

# नहीं पहुंच पाई एसडीआरएफ की टीम, परिजन लगाए रहे टकटकी

अमर उजाला फॉलोअप

## नदी में स्नान करते समय लापता किशोरी का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तमकुहीराज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के बाघाचौर गांव के समीप नारायणी नदी में मंगलवार को स्नान करने गई किशोरी गहरे पानी में लापता हो गई। उसे बचाने के प्रयास में साथ गए परिवार के अन्य लोग भी नदी के तेज बहाव में डूबने लगे। लेकिन वहां मौजूद साहसी युवक ने बाकी लोगों को बचा लिया। घटना के बाद देर रात तक पुलिस कर्मी और गोताखोर किशोरी की तलाश किए, लेकिन पता नहीं चला। बुधवार को पूरे दिन इंतजार के बाद भी एसडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची।

कसया थाना क्षेत्र के शिवपुर मठिया निवासी 12 वर्षीय रोशनी पाठक पुत्री सुनील पाठक तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव दनियाड़ी निवासी अवध किशोर उपाध्याय के घर ननिहाल में आई थी। मंगलवार को परिजनों के साथ नारायणी नदी में स्नान करने गई और पानी के तेज बहाव में डूबने लगी। यह देख परिजन किशोरी को बचाने के लिए गए तो वे भी डूबने लगे। नदी में स्नान कर रहा एक युवक परिजनों को बचा लिया, लेकिन किशोरी डूब गई। बुधवार सुबह से ही स्थानीय लोग एसडीआरएफ टीम की पहुंचने की आस में टकटकी लगाए रहे लेकिन टीम नहीं पहुंची।

इंस्पेक्टर तरया सुजान आशुतोष सिंह ने बताया एसडीआरएफ की टीम को सूचना भेजी गई थी। लेकिन टीम नहीं पहुंच सकी है। इसके लिए उच्चाधिकारियों से बात की जा रही है।

# संवेदनशील बूथ पर सतर्क रहें सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजर

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुबह तेजी से मतदान कराने के लिए किया प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** तहसील परिसर में बुधवार की शाम को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन ने पहली जून को मतदान दिवस पर सक्रिय रहकर शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर और लेखपालों के साथ बैठक की। सेक्टर प्रभारियों को विधानसभा क्षेत्र में संवेदनशील बूथ पर सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर और लेखपाल को मतदान के दिन अपने बूथ और क्षेत्र में रहना है। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के लिए सभी को सतर्क रहना है। उस दिन मतदान तेज करना है।

सुबह में ही मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ सके, साथ ही सभी सेक्टर प्रभारियों को अपने बूथ पर जो भी कमियां हैं, उसको मतदान से पहले दूर करने के लिए निर्देशित किया। ताकि मतदान के दिन कोई भी कमी किसी बूथ पर नहीं रहना चाहिए और मतदाताओं को सभी जन सुविधा वहां पर उपलब्ध रहे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट रिंकू कुमार, सतीश, राजीव कुमार, कमलेश, राजन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर और लेखपालों के साथ बैठक की**

### लोगों में वितरित की मतदाता पर्ची

**तमकुहीरोड।** तहसील प्रशासन के साथ राजस्व कर्मचारी और बीएलओ ने तिवारी पट्टी समेत अन्य गांव गांव के लोगों में मतदान पर्ची वितरित की। उन्हें एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की पहचान है। इसकी मजबूती के लिए शतप्रतिशत लोगों को मतदान करना चाहिए। इस दौरान हलका लेखपाल सतीश सिंह, जयंत गुप्ता, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

## नीरज की बिगड़ी तबीयत, भेजा गया अस्पताल

**हाटा।** मां की हत्या के बाद अशोक मकान के दरवाजे का ताला बंद कर दिया था और पत्नी अनीता, बेटा 12 वर्षीय सूरज और नौ वर्षीय नीरज के साथ बैठा था। लू की वजह से नीरज की तबीयत जब पुलिस पहुंची तो बिगड़ गई। वह उल्टी करने लगा। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उसके मामा और बड़े भाई सूरज के साथ मेडिकल कॉलेज भेजा। संवाद

# आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार सोशल मीडिया पर शुरू होगी जंग

## एक जून को होना है मतदान, प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** गहमागहमी और चुनावी भाषण के बीच बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे प्रचार थम जाएगा। राजनीतिक दलों के नेता डोर-टू-डोर संपर्क बढ़ा देंगे, वहीं सोशल मीडिया पर चुनावी जंग तेज हो जाएगा। इसका बुधवार को भी सोशल मीडिया पर देखने को मिला।

कुशीनगर जिले में लोकसभा का चुनाव सातवें चरण में एक जून को होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां कर ली गई है। प्रचंड लू और धूप में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने किसी चुनौती से कम नहीं है। इन सब के बीच कुशीनगर का राजनीतिक तापमान बुधवार को गर्म रहा। राजनीतिक दलों के नेताओं का चुनावी भाषण और रोड शो भी हुआ। बृहस्पतिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम रामकोला में होगा। लाउडस्पीकर और कोई सभा नहीं होगी। प्रत्याशी डोर टू डोर वोट मांगेंगे। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन की नजर रहेगी। अलग-अलग राजनीतिक दलों के लोग सोशल मीडिया पर प्रचार आज से ही तेज कर दिया है। गांवों और कस्बों में सभी दलों के कार्यकर्ता व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे प्रचार थम जाएगा। सोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर है।

### वाहनों का किया गया अधिग्रहण

एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने बताया कि एक जून को होने वाले मतदान के लिए निजी वाहना का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। बुधवार को 850 छोटे वाहन, 400 बस अधिग्रहण कर लिए गए हैं। बाकी वाहन बृहस्पतिवार शाम मंगा लिए जाएंगे। गोरखपुर से 300 वाहन मांगे गए हैं। नवीन फल मंडी में पार्किंग स्थल बनाया गया। लेकिन अचानक 12 बजे यहां से रविंद्र नगर धूस के सामने खेत में सभी गाड़ियों को खड़ा करने के लिए आदेश दे दिया गया। इससे चालक परेशान हो गए। मामला बिगड़ता देख रविंद्र नगर धूस थाने की पुलिस पहुंची और चालकों को कतराबंद्ध कर वाहनों को अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा कराया।

# सीएम योगी, डिंपल और ओवैसी ने बढ़ाया चुनावी तापमान

## हाटा की सभा में पुरानी यादों को ताजा कर गए योगी आदित्यनाथ, डिंपल ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाया, एआईएमआईएम मुखिया ने पडरौना में की जनसभा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** बुधवार को जिले का चुनावी तापमान बढ़ गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाटा में तो एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने पडरौना में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर, सपा की डिंपल यादव ने इंडी गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाया।

हाटा की जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ वर्षों पहले हाटा और पडरौना में हुई घटनाओं को लेकर किए गए संघर्षों को मंच से याद कर भावुक हो गए। खुद को हाटा से जोड़ते हुए कहा कि मैं तो यहां अक्सर आता रहता हूं। पहले भी जब सपा की सरकारों में यहां दंगे होते थे तो सपा सरकार के इशारे भाजपा कार्यकर्ताओं और हिंदू नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर पुलिस वाले अत्याचार करते थे। उसको लेकर कुशीनगर के साथियों की मदद से सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करता था।

सीएम ने कहा कि कुशीनगर और हाटा मेरे लिए कोई नई जगह नहीं है। यहां के अधिकांश लोगों से परिचित हूं। बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह और विजय दुबे के अलावा बाकी साथियों का नाम मंच से लेते हुए पूर्व की सरकारों में किए गए अत्याचार के दिनों की याद दिलाई। अपने 29 मिनट के संबोधन में पांच बार हाटा और पडरौना का नाम लिया। मुख्यमंत्री के पुराने दिनों को मंच से जिक्र करने पर पंडाल में मौजूद कार्यकर्ता तपती दोपहरी में जोश से लबरेज दिखे और खूब नारे लगाए। इससे सीएम गदगद नजर आए। सरकार के विकास और पुराने दिनों को याद करते हुए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांगा।

**पूरे देश में पहचान बना रही कुशीनगर के गन्ने की मिठास :** सीएम योगी ने पुराने दिन को याद कर स्थानीय लोगों से जुड़ने की कोशिश की और यहां के गन्ने की मिठास पूरे देश में पहचान बना रही है। कहा कि विकास कार्यों की बदौलत कुशीनगर सहित समूचा पडरौना हाटा झूम रहा है। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। पडरौना में डोल मेला लगता था। जब भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आती थी तो सपा सरकार रोक लगा देती थी।

यदि कार्यकर्ता डोल मेला निकालने का प्रयास करते थे तो पूरे पडरौना वालों को तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार पकड़कर जेल में बंद कर देती थी। हम लोगों को लड़ाई लड़नी पड़ती थी। हाटा में हर बार दंगा होता था लेकिन सात वर्ष में पूरे यूपी में कोई दंगा नहीं करता। आज कोई गोकशी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा पाएगा। अब पर्व-त्योहार सकुशल संपन्न हो रहे हैं। पडरौना फोरलेन की सड़कों से जुड़ चुका है।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का नया केंद्र बना है। यहां के गन्ने की मिठास कुशीनगर को नई पहचान दिला रही है। यह नए उत्तर प्रदेश का नया कुशीनगर है। आपने अच्छे जनप्रतिनिधि चुने हैं, इसलिए वे प्रभावी पैरवी करते हैं।



हाटा में कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते योगी आदित्यनाथ।



पडरौना के खिरिया टोला में ओवैसी को सुनने के लिए जुटी लोगों की भीड़। संवाद

### हाटा में उमड़े सैलाब को देख रहा देश : योगी

भीषण गर्मी में जनसैलाब देख गदगद योगी ने मतदाताओं का आभार जताया। बोले कि कुशीनगर में अभी एक घंटा और रहने की इच्छा थी लेकिन आज पांच कार्यक्रम करने हैं। इतनी भीषण गर्मी में आपका उत्साह हमें आनंदित करता है। आज पूरा पडरौना और कुशीनगर हाटा में उमड़ पड़ा है। भीड़ के कारण पंडाल छोटा पड़ गया। सीएम ने कहा कि यही लोकतंत्र का महापर्व है। पूरी दुनिया हाटा में उमड़े जनसैलाब को देख रही है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। एयरपोर्ट बन गया है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित है। लोगों से हामी भरवाते हुए बोले कि आज कोई डोल यात्रा रोक पाएगा क्या? आज कोई बेटियों को छेड़ पाएगा क्या? जो ऐसा करेगा, उसका स्थान जेल में होगा। राम मंदिर बनाने का परोपकार आपके पुरखों को प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि गौतम बुद्ध के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण होने जा रहा है।

### बदलाव की ओर बढ़ रहा देश : डिंपल



छावनी में रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करतीं डिंपल यादव। संवाद

**पडरौना।** सपा नेता डिंपल यादव ने बुधवार को पडरौना में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच रोड शो कर इंडिया गठबंधन की ताकत दिखाई। एक घंटा तीन मिनट में करीब दो किमी रोड शो में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश नए सूर्योदय की ओर बढ़ रहा है, जिससे बदलाव और परिवर्तन देश में होगा।

छावनी में नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के बाद डिंपल यादव ने रोड शो की शुरुआत की। पहले से नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ थी। सपा के झंडे लहरा रहे थे, रोड शो को देखने के लिए सड़क के किनारे मकानों पर लोग महिलाएं, युवक और युवतियों की भीड़ दिखी। गंडक नहर, सुभाष चौक, कठकुइया मोड़, तिलक चौक समेत सात स्थानों पर लोगों ने स्वागत किया। ढोल-नगाड़े की थाप पर कार्यकर्ता थिरक रहे थे। गाड़ी जैसे-जैसे आगे बढ़ी लोग रोड शो का हिस्सा बनते जा रहे थे। राहुल-अखिलेश जिंदाबाद के खूब नारे लगे। इस बीच डिंपल यादव जगह-जगह रास्तों में खड़े लोगों का हाथ जोड़ कर तो कभी हाथ हिलाकर अभिवादन करती रहीं। घरों की छतों पर दिखे बच्चों को स्नेहिल भाव से हाथ दिखाकर दुलारा। रोड शो के दौरान बड़ों का हाथ जोड़कर तो बच्चों को हाथ हिलाकर अभिवादन करती रहीं।

छावनी मुगलपुरा तक समाजवादी रथ पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# किशोरी को भगाने पर केस दर्ज

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहला फुसलाकर युवक भगा ले गया।

तहरीर में किशोरी के पिता ने बताया कि 16 वर्षीया बेटी को 17 मई शाम घर से गायब हो गई। पता चला कि गांव का युवक अपने भाई और पिता के सहयोग से भगा ले गया। युवक 18 मई को बेटी को गांव के पास छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि तीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर युवक पर नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया। उसने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी घर में रखी 2.85 लाख रुपये नकदी और गहने लेकर चली गई है। पिता की तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करके दोनों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि जल्द ही आरोपित को पकड़ लिया जाएगा।

# तमंचा-कारतूस और तीन बाइक बरामद

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल बाकी टुकड़ा14 में बुधवार को पुलिस ने जमशेद अंसारी  ग्राम पंचायत बरियारपुर थाना भिटौली को एक अदद कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन बाइक भी बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जमशेद की तलाशी ली गई। मिली जानकारी के आधार पर जांच की जा रही है।

## घर से निकली बुजुर्ग महिला लापता

**भैया फरेंदा।** फरेंदा थाना क्षेत्र के छितही बुजुर्ग निवासी दिलीप गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार की शाम उनकी बुजुर्ग मां सावित्री घर से निकलीं। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। मां को ढूढ़ने में परिवार के सदस्य परेशान हो गए हैं। उन्होंने पुलिस से मां की तलाश करने की मांग की है।

## मारपीट में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भगवानपुर।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी में बीते सोमवार की दोपहर में रास्ते की जमीन को लेकर दो पट्टीदारों के बीच मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष के जितेन्द्र पासवान की तहरीर पर सोनू, मोनू और प्रमावती के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के रामदीन के तहरीर पर अदालत, जितेन्द्र, मनोज और सरोज के खिलाफ केस दर्ज हुआ। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर सात लोगों पर केस दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## खनुआ क्षेत्र में चावल और खाद बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी बैरिया बाजार की टीम बुधवार को भारत-नेपाल सीमा के बैरिया बाजार के पास से चावल, यूरिया, डीएपी खाद व साइकिल बरामद किया है। इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि टीम पिलर संख्या 531 के बैरिया बाजार गांव के पास पहुंची थी कि जवानों को देखकर कुल लोग सामान छोड़कर नेपाल सीमा में भाग गए। 10 बोरी चावल और एक-एक बोरी यूरिया व डीएपी खाद के अलावा एक साइकिल बरामद हुई। बरामद चावल, खाद व साइकिल को नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया।

# अधिवक्ता के लिए आवेदन करें बंदी

## निरीक्षण



मनोज कुमार जाटव अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला जेल का लिया जायजा। ● हिन्दुस्तान

**महराजगंज, निज संवाददाता।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार जाटव ने बुधवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। बंदियों से उनकी समस्या के बारे में पूछा। जेल अधीक्षक को जेल साफ-सफाई दुरुस्त रखने और बंदियों की समस्याओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

अपर जिला जज ने सबसे पहले महिला व बाल बैरक का जायजा लिया। जेल अधीक्षक को उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो बंदी अपने मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता रखने में असमर्थ हैं। वे जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना-पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजवा सकता है। प्राधिकरण उन्हें निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराएगा।

सचिव ने बंदियों को संक्रमण से बचाने के लिए बैरक और जेल परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर कृष्णमोहन चन्द और डिप्टी जेलर रंजीत यादव मौजूद रहे।

# चार को सात-सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा

## गैर इरादतन हत्या का मामला : वर्ष 1999 में लाठी-डंडे से पीटकर की गई थी छोटकू की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** थाना घुघुली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पुरैनाखंडी चौरा में 25 वर्ष पूर्व लाठी डंडे से पीटकर छोटकू की गैर इरादतन हत्या के मामले में हरेंद्र, चांद बली, रघु एवं दल्ला दोषी पाए गए। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार श्रीवास्तव ने चारों को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास के साथ एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार हीरा ने तीन 3 जून 1999 को थाना घुघुली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। वह अपने मामा रामकेसर निवासी ग्राम सभा पुरैना खंडी, थाना घुघुली, जनपद महाराजगंज के घर रहता है। 2 जून 1999 की रात्रि 8:00 बजे वीरेंद्र व हरेंद्र पटेल शराब के नशे में मोटरसाइकिल लेकर जा रहे थे। वादी के छोटे मामा का लड़का मोटरसाइकिल से लड़ने से बच गया। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इसी बीच हरेंद्र (52), चांदबली (74), रघु (56), दल्ला (60) एवं शिव ( मृतक दौरान मुकदमा) लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। इसमें उसके मामा व मामी को काफी चोटें आईं।

इलाज के दौरान उसके मामा छोटकू की मौत हो गई। विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया। विचारण के दौरान 10 गवाह एवं 18 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर सजा सुनाई।

### चोरी के मामले में आठ अभियुक्तों को सजा

**अदालत से**

**महराजगंज।** जिला कारागार में जेल अदालत का आयोजन हुआ। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने जेल में बंदियों के मामले की सुनवाई की। आठ अभियुक्त को अपराध के आधार पर अलग-अलग सजा सुनाई गई। सभी चोरी के मामले में जेल में बंद हैं। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज थाने के माधोपुर निवासी योगेंद्र मौर्य को आठ माह का साधारण कारावास, गिरगिटिया निवासी रामभवन को पांच माह की सजा मिली है। दो हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। माधोपुर निवासी गणेश चौहान को चार साल आठ माह की सजा, एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। पकडियहवा निवासी नितेश को नौ माह 25 दिन की सजा, एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। घुघली निवासी अनिरुद्ध को नौ माह के साधारण कारावास, पकड़ी बाजार निवासी अभय प्रताप सिंह को नौ माह कारावास की सजा मिली है। 1500 रुपये अर्थदंड लगाया गया है। धनेवा धनेई निवासी रहिम को 10 माह 25 दिन की सजा मिली है। 500 रुपये अर्थदंड लगाया गया है। जद्दु पिपरा निवासी रहमान खान को नौ माह 17 दिन की सजा, एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा मिली है। संवाद

# चार अभियुक्तों को सात-सात वर्ष की सश्रम कारावास

महराजगंज। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने घुघली थाने में पंजीकृत मुकदमा संख्या 121/1999 धारा 304 भाग 1/149, 323, 504 व 147 में साक्ष्य के आधार पर दोषी पाए जाने पर अभियुक्त हरेंद्र, चानबली, रग्घू और दल्ला निवासी पुरैना खंडी चौरा को सात-सात साल की सश्रम कारावास व 25 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। घटना दो जून 1999 की है। सजा दिलाने में एडीजीसी देवेंद्र पांडेय, कोर्ट मोहर्रिर और पैराका निशांत सिंह की अहम भूमिका रही।

# आज शाम को थम जाएगा चुनावी शोर

**महराजगंज।** जिले में मतदान एक जून को होगा। इसके पहले गुरुवार की शाम को चुनावी शोर थम जाएगा। इसके बाद न तो गाड़ियों पर भोपू बजेगा। न ही किसी नेता की जनसभा, रैली या रोड शो हो सकेगा। मतदान को निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने मातहतों को दिशा निर्देश दिया।

बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार मतदान के 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद हो जाना चाहिए। ऐसे में 30 मई शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके बाद कोई चुनावी जनसभा,रैली, जुलूस आदि की अनुमति नहीं दिया जाएगा। 31 मई को प्रत्याशी को घर घर जनसंपर्क कर सकेंगे।

# नेपाल सीमा हुई सील, एक जून की शाम 6 बजे से शुरू होगी आवाजाही

**लोकसभा चुनाव**

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। लोकसभा चुनाव को देखते हुए नेपाल बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बुधवार की शाम छह बजे नेपाल बॉर्डर को सील कर दिया गया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही थम गई। इसके बाद सघन जांच भी शुरू करा दी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि आपातकालीन सेवाओं के अतिरिक्त अन्य वाहनों के आने जाने पर रोक रहेगी। मतदान के दिन एक जून की शाम छह बजे के बाद दोबारा आवाजाही शुरू होगी।

महराजगंज में एक जून को मतदान होगा। इसके 72 घंटे पूर्व नेपाल से सटी सीमाओं को सील करने का आदेश डीएम ने दिया है। इसलिए बुधवार की शाम छह बजे से सोनौली बॉर्डर को सील कर दिया गया। एसडीएम नौतनवां नंद प्रकाश मौर्य और सीओ जय प्रकाश त्रिपाठी ने एसएसबी की डिप्टी कमांडेंट अमित तिवारी, सोनौली एसओ अभिषेक सिंह सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में बॉर्डर पर बैरियर लगाया गया।



सोनौली बॉर्डर को सील करते नौतनवां के एसडीएम और सीओ। • हिन्दुस्तान

**72** घंटे पूर्व नेपाल से सटी सीमाओं को सील करने का डीएम ने दिया आदेश

**01** जून को महराजगंज में होगा चुनाव, सीमा पर चौकसी बढ़ी

- नेपाल सीमा सील होने से वाहनों का आवाजाही गई थम
- स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी चालू

## पुलिस फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

खनुआ। एसएसबी व सोनौली कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। डंडा हेड बीओपी व सोनौली कोतवाली पुलिस ने पगडंडियों पर फ्लैग मार्च किया। इस रास्ते से आने-जाने वाले की तलाशी ली। कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई के नेतृत्व में फ्लैग मार्च में डंडा हेड के बीओपी निरीक्षक प्रदीप कुमार, खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, ज्ञानेश्वर गौड़, ओइनम रविकांता, अभिजीत पाठक व मकवाना तरुण कुमार आदि शामिल रहे।

दूठीबारी संवाद के अनुसारः भारत नेपाल दूठीबारी की सीमा भी सील कर दी गई।

इस दौरान एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सफवान एन, इंस्पेक्टर जयंता घोष, कस्टम इंस्पेक्टर लवलेश कुमार व प्रभारी कोतवाल नीरज राय मौजूद रहे। असिस्टेंट कमांडेंट सफवान ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा को आगामी एक जून को अंतिम चरण के चुनाव को लेकर 72 घंटे के लिए सील किया गया है। एक जून को मतदान के बाद शाम छह बजे बॉर्डर को खोल दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी।

# ग्राहक सेवा केंद्र से पांच लाख की चोरी

जागरण संवाददाता, पनियराः पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनबरसा में स्थित एक बैंक सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) से बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे पांच लाख रुपये, कैमरे का हार्ड डिस्क आदि सामान चुराकर फरार हो गए। ग्राम पंचायत गेहुअना निवासी विजय सिंह की तहरीर के अनुसार वह सोनबरसा तिराहे पर एक बैंक की सीएसपी चलाता है। मंगलवार की शाम दुकान बंदकर घर आ गया था। बुधवार की सुबह दुकान पहुंचा तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था और काउंटर में रखा पांच लाख रुपये गायब थे। साथ ही कैमरे का हार्ड डिस्क भी चुरा ले गए। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया तहरीर मिली है। मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है।

**पांच बोरी नेपाली सीमेंट बरामद:** झुलनीपुरः सशस्त्र सीमा बल झुलनीपुर ने बुधवार की सुबह चार बजे शितलापुर गांव के पास एक बाइक पर लदी पांच बोरी नेपाली सीमेंट बरामद किया है। आरोपित मौके से फरार हो गया।

# हत्या के मामले में चार दोषियों को सात वर्ष का कारावास

- 25 वर्ष पूर्व पुरैना खंडी चौरा में लाठी डंडों से पीटकर हुई थी छोटकू की हत्या
- अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने सुनाया फैसला

जागरण संवाददाता, महराजगंजः घुघली थाना क्षेत्र के पुरैना खंडी चौरा में 25 वर्ष पूर्व लाठी डंडों से पीटकर की गई छोटकू की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार श्रीवास्तव ने चार लोगों को दोषी सिद्ध करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास तथा 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर तीन-तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार पुरैना के रहने वाले वादी हीरा ने तीन जून 1999 को घुघुली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, कि मामूली विवाद को लेकर पुरैना के ही रहने वाले पांच लोगों ने लाठी डंडे से उसके मामा छोटकू व मामी को पीटकर घायल कर दिया। घटना में इलाज के दौरान मामा छोटकू की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में हरेंद्र पटेल, चांदबली, रघु, दल्ला और शिव के विरुद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विचारण के दौरान आरोपितों में शिव की मृत्यु हो गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी देवेंद्र पांडेय ने 10 गवाह एवं 18 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर चार दोषियों को सजा सुनाई है।



# अमित शाह की सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद रही व्यवस्था



जनसभा स्थल पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी● जागरण

जारगण संवाददाता, महराजगंजः शहर के जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज के खेल मैदान में बुधवार को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई थी। महराजगंज और सिद्धार्थनगर के अपर पुलिस अधीक्षकों समेत सात सीओ, 36 निरीक्षक समेत 250 पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात किए गए थे।

कार्यक्रम को लेकर जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज पर गुरुवार की सुबह से ही लोगों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। जांच पड़ताल के बाद ही लोगों को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश मिला। दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर अमित शाह का हेलीकाप्टर पीजी कालेज के ग्राउंड पर उतरा। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस अलर्ट रही। करीब 25 मिनट के संबोधन के बाद गृह मंत्री देवरिया के लिए रवाना हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा लिया गया है।

# चोरी की तीन बाइक व कट्टा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

( ) ग्राम पंचायत जंगल बाकी टुकड़ा नंबर 14 में बुधवार को पुलिस ने एक को चोरी की तीन बाइक व कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पनियरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को थाना क्षेत्र के जंगल बाकी टुकड़ा नंबर 14 से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से कट्टा कारतूस और चोरी की तीन बाइक भी बरामद हुई है।पूछताछ में उसने नाम पता, जमशेद अंसारी पुत्र जब्बार अंसारी ग्राम पंचायत बरियारपुर थाना भिटौली बताया है।उसके विरुद्ध चोरी, अधिनियम व आर्म एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।(जासं)

# भारत-नेपाल सीमा सील, बढ़ी सख्ती

- मतदान की समाप्ति के बाद खुलेगी सीमा, पगडंडी पर पुलिस और एसएसबी का कड़ा पहरा
- सीमा क्षेत्र में बनाए गए 32 अंतरराष्ट्रीय बैरियर, एक अंतरराज्यीय व 19 अंतरजनपदीय बैरियर

जागरण टीम, महराजगंजः लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल की सीमा बुधवार की शाम छह बजे सील कर दी गई है। इसी के साथ चौकसी बढ़ा दी गई है। एसएसबी व पुलिस के जवान सीमा क्षेत्र पर मुस्तैद हैं। आवश्यक वस्तुओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं को छोड़कर किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं है। सीमा पर 32 अंतरराष्ट्रीय, एक अंतरराज्यीय व 19 अंतरजनपदीय बैरियर बनाए गए हैं। जहां 24 घंटे वाहनों की जांच की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन अलर्ट है। नेपाल से लगी सोनौली सीमा को मतदान के 72 घंटे पूर्व ही सील कर दिया गया है। नेपाल से आने वाले सभी मार्गों और पगड्डी पुलिस और एसएसबी का कड़ा पहरा है। झुलनीपुर बहुआर सीमा, ठूठीबारी स्थित इंडो नेपाल बार्डर पर भी आवाजाही रोक दी गई है।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि असामाजिक तत्वों के आवागमन को प्रतिबन्धित करने तथा चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को रोकने के लिए महराजगंज से लगी अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय तथा अंतर जनपदीय सीमाएं बुधवार की सायं छह बजे से मतदान की समाप्ति तक सील रहेगी। इन समस्त महत्वपूर्ण स्थलों पर शत-प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित कराई जा रही है। मतदान समाप्ति के बाद सीमा खुलेगी। इसके बाद आवागमन सामान्य हो सकेगा।



सील की गई सोनौली सीमा • जागरण




ठूठीबारी सीमा को सील करते एसएसबी व पुलिस के जवान • जागरण

# सीमा पर पांच बोरी सीमेंट बरामद

निचलौल। सीमा पर पिलर संख्या 502/7 से सटे शीतलापुर गांव के पास बीस कड़िया रोड पर बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने नेपाल से लाई जा पांच बोरी नेपाली सीमेंट बरामद की। आरोपी मौके से भागने में सफल रहा।

निचलौल कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने बताया कि सीमेंट को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ केस दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के रुद्रौली गांव में गांव में बीते 26 मई को मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा की रुद्रौली निवासी पीड़ित भग्गन की तहरीर के आधार पर आरोपी रत्नेश उर्फ टीपू, सरोज और जयहिंद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

## सात के खिलाफ मारपीट के आरोप में केस

**परसामलिक।** ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी में बीते सोमवार दोपहर में दो पटीदारों में रास्ते की जमीन को लेकर मारपीट हुई थी। पुलिस ने मंगलवार रात दोनों पक्षों से सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी में रास्ते की जमीन को लेकर दो पटीदारों में मारपीट हुई थी। इसमें प्रथम पक्ष जितेंद्र पासवान की तहरीर पर पुलिस ने सोनू, मोनू, प्रमावती व दूसरे पक्ष के रामदीन के तहरीर पर अदालत, जितेन्द्र, मनोज, सरोज के खिलाफ मार-पीट करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# भारत-नेपाल सीमा सील, इमरजेंसी सेवा के वाहनों की आने-जाने की छूट

## सीमावर्ती इलाकों में 32 बैरियर लगाकर हो रही जांच, मतदान के बाद खुलेगी सीमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** एक जून को मतदान को लेकर भारत-नेपाल सीमा बुधवार को सील कर दी गई। 72 घंटे की सील अवधि में निर्धारित शर्तों को पूरा करने वालों को ही प्रवेश मिलेगा।

अतिआवश्यक मालवाहकों और इमरजेंसी सेवा की गाड़ियों को आने-जाने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा अनुमति किसी को नहीं मिलेगी। सीमा सील होने के बाद आने वाले पर्यटक आस-पास गेस्ट हाउस में ठहरे या फिर वे सिद्धार्थनगर जिले की सीमा से नेपाल चले गए।

सीमा सील होने बाद भारत-नेपाल के अलावा तीसरे देश के नागरिकों को सीमा से आने जाने-जाने अनुमति मिलेगी। पर्यटक बसों, अन्य राज्यों या जिन पर्यटक बसों का पहले से तीर्थ स्थानों पर जाने का कार्यक्रम तय है, उन्हें आने-जाने दिया जाएगा। एंबुलेंस, फायर सर्विस, सेना के वाहन और इमरजेंसी वाहनों को आने-जाने की



इंडो नेपाल बॉर्डर की सोनौली सीमा को किया गया सील संवाद

अनुमति रहेगी।

भारत-नेपाल के नागरिकों को इमरजेंसी में आने-जाने दिया जाएगा। छात्रों, मरीज, पर्यटक, ट्रेन टिकट, प्लेन टिकट, शादी के वाहनों आदि को शादी कार्ड दिखा कर आने-जाने दिया जाएगा। बुधवार शाम 6 बजे एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्य, डिप्टी कमिश्नर कस्टम वैभव कुमार सिंह, एसएसबी सहायक सेनानायक अमित कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी, इंस्पेक्टर बेलहिया कृष्णा कुमार, कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह की मौजूदगी में भारत-नेपाल सीमा सोनौली को सील किया गया। दोनों तरफ वाहनों और यात्रियों को रोक दिया गया। 72 घंटे तक सीमा सील रहेगी। इसमें वाहनों का आवागमन ठप रहेगा। यात्रियों पर्यटकों के नेपाल में प्रवेश पर रोक रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्र में 32 बैरियर लगाकर निगरानी की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 29 मई की शाम 6 बजे से एक जून की शाम मतदान होने तक भारत नेपाल सीमा सील रहेगी। इस दौरान सिर्फ मरीज एम्बुलेंस अतिआवश्यक वाहनों को प्रवेश मिलेगा। इसके साथ इमरजेंसी सेवा खुली रहेगी। मालवाहक, पर्यटकों और आमजन के आने जाने पर रोक है।

### नेपाल में फंसे यात्रियों को भेजा लुंबिनी सीमा

सरहद सील होने के बाद नेपाल और भारत में फंसे यात्रियों को वापस किया गया। नेपाली प्रशासन ने नेपाल की तरफ फंसे पर्यटक और यात्रियों को लुंबिनी और कपिलवस्तु नेपाल से भारत में जाने की सलाह दी। ठूठीबारी व सोनौली सीमा सील होने के बाद अपने निजी साधन से नेपाल सीमा की तरफ पहुंचे करीब 60 भारतीय वाहनों को भारत के खुनुवा बॉर्डर से भेजा गया। इंस्पेक्टर बेलहिया कृष्णा कुमार ने बताया कि यातायात पुलिस भैरहवा में ही सोनौली के रास्ते जाने वाले पर्यटकों और यात्रियों को लुंबिनी से पहले खुनुवा और कपिलवस्तु बॉर्डर से जाने की जानकारी दे रही है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

## शान्तिभंग की आशंका में सात को जेल



बस्ती । शान्तिभंग करने की आशंका में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने क्षेत्र से साल अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक राजेश तिवारी, हेड कांस्टेबल राम सुरेश गौतम, हेड कांस्टेबल शिब्बनलाल व रखने के दृष्टिगत अभियुक्त निवासीगण गिदही खुर्द थाना कुस्महा थाना मुण्डेरवा,अम रामदास , शिव कुमार पुत्र शि मनीष निषाद पुत्र जग्गू निषाद ि भंग होने की सम्भावना के दृ करते हुए गिरफ्तार किया तथा

# गौसेसीपुर हत्याकाण्ड के सात आरोपियों पर लगा रासुका

**बस्ती (एसएनबी)**। तीन माह पूर्व कलवारी थानाक्षेत्र के गौसेसीपुर गांव में हुए हत्या काण्ड के मामले में मुकामी पुलिस ने सात अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजा था। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संस्तुति के बाज जेल में बन्द सभी अभियुक्तो पर रासुका लगाया है।थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर धारा 147, 148, 149, 302, 307, 452, 325, 326, 323, 504 आईपीसी व धारा 7 सीएलए में जेल में निरुद्ध नामजद अभियुक्तगण हरिशंकर पुत्र रामनरेश, सूर्य प्रकाश उर्फ जगलर पुत्र रामनरेश, रामदास पुत्र टिकोरी, अंगद पुत्र राम लगन, उदय शंकर उर्फ सोनू पुत्र रामनरेश , राम नरेश पुत्र दयाराम, वीरेंद्र पुत्र कोदई निवासीगण गोसैसीपुर थाना कलवारी के विरुद्ध को एनएसए की कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम गोसैसीपुर में राममिलन चौधरी की लाठी-डण्डा व फरसे से मारकर हत्या कर दी गयी थी तथा मृतक राममिलन के लड़के विशाल चौधरी के बांए पैर को काट कर अलग कर गंभीर चोट पहुंचाते हुए हत्या का प्रयास किया गया था। मृतक की बहन माला देवी बचाने के लिए पहुंची तो उसे भी लाठी-डंडे से मारकर गम्भीर चोटें पहुंचायी गयी थी। जिसमें मृतक के भतीजे विकास द्वारा थाना कलवारी पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। गांव में जघन्य अपराध होने के कारण गांव के लोग काफी भयभीत थे। इस सम्बन्ध में आरोपियों द्वारा जमानत पर छुटने का प्रयास कर रहे थे । सामान्य जनमानस में कानून एवं विधि व्यवस्था के प्रति आम जनमानस में विश्वास के दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी बस्ती व पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा रासुका की कार्यवाही की गयी है।

## जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**छावनी (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत न्यायालय द्वारा जिला बदर किये जाने के बावजूद अपने घर पर रह रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के उड़गईया निवासी मुकेश पुत्र स्व. चैतु के विरूध अपराध संख्या 137/2024 धारा 10 उ0प्र0 गुंडा गर्दी नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत न्यायालय से जिला बदर किया गया था। जिला बदर किये जाने के बावजूद वह अपने घर पर ही रह रहा था। मुखविर की सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश



कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, कांस्टेबल अभिमन्यु शर्मा और शिवकेश सिंह के साथ आरोपी को मुखविर की सूचना पर रामजानकी तिराहा ओबर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। लिखा पढ़ी कर उसे न्यायालय रवाना किया गया।

# छप्पर में लगाया आग, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** अज्ञात लोगो ने एक छप्पर के मकान में आग लगा दिया। जिससे उसमें सो रहा युवक तथा उसकी भैस गम्भीर रूप से झुलस गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदम दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत पकड़ी सोयम गांव निवासी राम केवल अपने छप्पर के मकान में सो रहे थे। इसी बीच रात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान में आग लगा दिया, जिससे छप्पर जल गया और उसमें सो रहे रामकेवल गम्भीर रूप से झुलस गये। इसके अलावा 20 हजार रूपये तथा 2 भैस सहित घर का सारासामान जल गया। मामले में पीड़ित रामकेवल पुत्र जीतू ग्राम पकडी सोयम थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर धारा 435 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद में हुई मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत मटेरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रामहरीश को विपक्षी रामस्वरूप व उसके परिवार वालो ने मिलकर गालियां देते हुए घर के अन्दर घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामहरीश पुत्र सन्तराम निवासी मटेरा थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामस्वरुप पुत्र रामफेर, रामरूप पुत्र रामफेर, राजकुमार पुत्र रामफेर, शरद पुत्र रामस्वरूप निवासीगण मटेरा थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** एक बाइक पर अज्ञात चोरो की नजर गड़ी और मौका मिलते ही उसे चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदम दर्ज किया है।लालगंज थानान्तर्गत गोनार गांव निवासी रोहित अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एएम 0963 को अपने मकान के बरामदे में खड़ी कर सो रहे थे। इसी बीच रात के अंधेरे का लाभ उठाकर अज्ञात चोर बाइक को चोरी कर चम्पत हो गये। मामले में वाहन स्वामी रोहित पुत्र शिवपूजन निवासी गोनार थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत उमरा खास गांव में जमीनी विवाद की बात को लेकर ओमकार राव को विपक्षी अमन, अजीत व अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित ओंमकार राव पुत्र रमेशर राव ग्राम उमरा खास थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमन पुत्र अजीत कुमार, अजीत कुमार पुत्र राम सजीवन, निखिल कुमार पुत्र अजीत कुमार, शारदा देवी पत्नी अजीत कुमार निवासीगण उमरा खास थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली विवाद में युवती की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवती को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत चिरई बुजुर्ग गांव निवासी चीनक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसकी बेटी रेशमा को विपक्षी मनभावती, मनीषा, आजाद पप्पू ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित चीनक पुत्र निरगुर निवासी चिरई बुजुर्ग ,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आजाद पुत्र पप्पु, मनभावती पत्नी पप्पू, मनीषा पत्नी आजाद, पप्पु पुत्र निरगूट निवासीगण चिरई बुजुर्ग ,थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में युवक जख्मी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। इस सम्बन्ध में घायल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदम दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जिला अस्पताल से आगे रोडवेज की तरफ धनन्जय कुमार (35) दवा लेने के लिए मोटरसाईकिल से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 51 एएस 1216 के चालक ने बाइक में आकर जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे धनन्जय गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। मामले में घायल के पिता रण कुमार पुत्र ढुनमुन निवासी वोदवल थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जा से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत बनगवां गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर कमलावती को उसके पट्टीदारो ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता कमलावती पत्नी राम अजोरे यादव निवासी बनगवां थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वृजेश पुत्र राम बहोरे, रितेश पुत्र राम बहोरे, इसलावती पत्नी राम बहोरे निवासीगण बनगवाँ थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 323, 504 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**बस्ती (एस एन बी)।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशन में कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवती की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगो ने एक युवती को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत अण्डा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर राकिया खातून को विपक्षी सफीउल्लाह व उसके परिवार वालो ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राकिया खातून पुत्री मोहम्मद मोबिन ग्राम अण्डा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सफीउल्लाह पुत्र किताबुल्ला, जमालुद्दीन पुत्र अली हुसैन, मोहम्मद सकील पुत्र करी मुल्लाह, जैनब खातून पत्नी करीमुल्लाह निवासीगण अण्डा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैतृक सम्पत्ति के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पैतृक सम्पत्ति के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत घरसोहिया गांव निवासी अनिल कुमार व उसके भाई सुनील के बीच में पैतृक सम्पत्ति के विवाद को लेकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद उसकी मां इन्द्रावती, सुनील, सुशील व अभिलाष ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अनिल कुमार पुत्र सीताराम निवासी घरसोहिया थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इन्द्रावती देवी पत्नी सीताराम, सुनील, सुशील, अभिलाष पुत्रगण सीताराम निवासीगण घरसोहिया थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाहिता की हत्या मामले में 10-10 वर्ष की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे अपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना कप्तानगंज द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने वाले दो आरोपियों को दस-दस वर्ष का कारावास तथा 18 हजार रूपये के अर्थदंड की हुई सजा सुनाई गयी। थाना कप्तानगंज पर तहरीर देकर पीड़ित पक्ष ने बताया कि वह अपनी लड़की शबनम की शादी 6 वर्ष पूर्व शाह आलम पुत्र नईम खां निवासी कप्तानगंज के साथ किया था। उसके बाद दामाद शाह आलम तथा उनके बड़े भाई पप्पू तथा पप्पू की पत्नी के दामाद की बहन बिजली कम दहेज मिलने के कारण बार बार प्रताड़ित करते थे तथा ताना मारते थे। मांग पूरी नही हुई तो 2 मार्च 2013 को आरोपियों द्वारा बिजली का करंन्ट लगाकर उसकी शबनम को घर में ही मार डाला तथा कब्र में दफना दिया। तहरीर पर थाना कप्तानगंज पर धारा 498ए, 304बी व 201 आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीत कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कप्तानगंज पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय विशेष न्यायाधीश एमपी/ एमएलए/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम बस्ती द्वारा आफताब आलम उर्फ पप्पू पुत्र मोहम्मद नईम व वरून्निशा पत्नी आफताब आलम निवासीगण कस्बा कप्तानगंज थाना कप्तानगंज को10-10 वर्ष कठोर कारावास व रुपये 18 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालियों ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर महिला थान की पुलिस ने आरोपियों पर मुकदम दर्ज किया है। महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर विवाहिता डिम्पी जायसवाल पुत्री जुगल किशोर जायसवाल पत्नी सिद्धार्थ राज जायसवाल निवासी मकान संख्या 80 रमेश चन्द्र जायसवाल जेल रोड बसडिलिया तहसील नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर ने बताया कि उसके पति सिद्धार्थन राज द्वारा दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किया जाता है तथा मायके में फोन पर बात भी करने से रोका गया। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी पति सिद्धार्थ राज जायसवाल पुत्र रमेश जायसवाल, ससुर रमेश जायसवालसास सुनीता जायसवाल पत्नी रमेश जायसवाल, ननद तनु जायसवाल, वसुन्धरा जायसवाल पुत्रीगण रमेश जायसवाल निवासीगण मकान संख्या 80 रमेश चन्द्र जायसवाल जेल रोड बसडिलिया तहसील नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/ 4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## कार-बाइक की भिड़ंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घायल

**सल्टौआ।** बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर सोनहा थानाक्षेत्र के बढ़या कला के पास कार व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि सोनहा थाना क्षेत्र के मंडफ निवासी गीता देवी (50) पत्नी अनिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। बुधवार को अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर ब्लॉक गई थीं। वापस आते समय बढ़या कला के पास कार की चपेट में आकर गीता देवी घायल हो गई।

## हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियां घायल

**नगर बाजार।** थानाक्षेत्र में महरीपुर कि पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई। स्कूटी पर सवार दो युवतियां गिरकर घायल हो गई। अमृता यादव निवासी गायघाट थाना नगर व कृतिका निवासी बभनियांव थाना कलवारी स्कूटी पर सवार होकर कॉलेज से घर लौट रही थीं। महरीपुर के समय माता मन्दिर के पास अचानक उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई। हादसे में दोनों युवतियां गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

## जिला बदर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि इसी क्षेत्र का तड़ीपार मुकेश निवासी उड़गईया कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर अपने गांव के पास आसपास ही रह रहा था। इसकी जानकारी होने पर सक्रिय हुई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी मुकेश को रामजानकी फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। 10 गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

## चौकीदार ने लगाया पिटाई का आरोप

**मुंडेरवा।** थाने में तैनात चौकीदार जयप्रकाश ने थानेदार पर मारपीट व अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत डीएम व एसपी से की है। आरोप लगाया है कि गत 24 मई की देर शाम थाना सभागार की सफाई के दौरान उनके साथ बदसलूकी की गई। आक्रोशित चौकीदारों ने 28 मई को आला अफसरों से शिकायत की। थानेदार अभिमन्यु सिंह ने बताया कि सभी आरोप निराधार है। 25 मई को लंच पैकेट का खाना बनाने के दौरान सफाई को लेकर उसे डांटा गया था।

आग लगने से शहर व ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति हुई ठप, वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली आपूर्ति की गई बहाल

# ट्रांसमिशन उपकेंद्र में सीटी ब्लॉस्ट, लगी आग

## अफरा-तफरी

बस्ती, निज संवाददाता। भौखरी के 400 केवी ट्रांसमिशन उपकेंद्र से ट्रांसमिशन उपकेंद्र गिदही को आने वाली 220 केवी लाइन की सीटी (करंट ट्रांसफॉर्मर) दोपहर 12.43 बजे अचानक ब्लॉस्ट कर गई। इसके बाद वहां भीषण आग लग गई। सीटी ब्लॉस्ट होने से बस्ती शहर के साथ-साथ सल्टौआ, नगर बाजार, महसों सहित कई अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति ठप हो गई। आग लगने की सूचना पर ट्रांसमिशन व वितरण के अधिकारी पहुंच गए। सूचना फॉयर ब्रिगेड को दी गई।

अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत टांडा से गिदही उपकेंद्र को आने वाली 220 केवी लाइन व बस्ती-बांसी लाइन से जोड़कर दोपहर 1:10 बजे आपूर्ति को बहाल किया। अधिशासी अभियंता ट्रांसमिशन अरविंद कुमार का कहना है कि सीटी में आग लगने की घटना से कुछ समय के लिए आपूर्ति बाधित हुई थी। उपकेंद्र में आग भड़कने के बाद ट्रांसमिशन के अधिकारियों में हड़कम्प मच गया।



ट्रांसमिशन उपकेंद्र गिदही में आग लगने के बाद जलता करंट ट्रांसफॉर्मर ।

### 50 मेगावॉट बढ़ गया है लोड

अधिकारियों का कहना है कि सामान्य तौर पर बस्ती में प्रतिदिन की बिजली की खपत 210 मेगावॉट तक होती है, इन दिनों यह खपत बढ़कर 260 मेगावॉट तक पहुंच जा रही है। इससे उपकेंद्र में लगे उपकरण ओवरलोडेड होकर काफी गर्म हो जा रहे हैं। जो सीटी जली है, वह लगभग 15 साल पुरानी बताई जा रही है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि वह काफी अच्छी हालत में थी। ओवरलोडिंग के कारण आग लगी होगी।

### ओवरलोडिंग कम करने में उपभोक्ता करें सहयोग

बस्ती। अत्यधिक तापमान के कारण बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से विगत वर्ष के इस अवधि की तुलना में लगभग 65 प्रतिशत बढ़ गई है। डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली सिस्टम ओवरलोड होकर ट्रिप हो जा रही है। बिजली विभाग का स्टॉफ दिन-रात एककर आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। 40 डिग्री तापमान से ऊपर दिन के समय लोहे के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहे हैं। बिजली विभाग ने अपील जारी कर ओवरलोडिंग कम करने में उपभोक्ताओं से मदद करने के लिए अपील की है।

ट्रांसमिशन के जेई सूरज कुमार व अन्य कर्मी मौके पर पहुंच गए। फॉयर ब्रिग्रेड को फोन लगाया गया, लेकिन फोन नहीं लगा। इसके बाद एसडीओ पुरानी बस्ती राम इकबाल प्रसाद को अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने फोन किया। एसडीओ अपने स्टॉफ जेई जितेंद्र कुमार मौर्या, सत्येंद्र प्रसाद, फूलचंद, प्रिंस कुमार के साथ मौके पर पहुंच गए, इसी बीच फॉयर ब्रिगेड की गाड़ी भी वहां पहुंच गई। ट्रांसफॉर्मर का तेल जलने के कारण पानी से आग नहीं बुझाई जा सकी। काफी देर तक आग जलती रही।

## उपकेंद्र के लिए खतरा बनी परिसर में उगी झाड़ियां

- गिदही उपकेंद्र की झाड़ियों में आग लगने की हो रही घटनाएं
- स्पार्किंग के बाद सूखी झाड़ियों में भड़क जा रही है आग

बस्ती, निज संवाददाता। आधे शहर को बिजली आपूर्ति करने वाले वितरण के उपकेंद्र गिदही के परिसर व आस-पास उगी झाड़ियां सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई हैं। 17 मई को एक फीडर से हुई स्पार्किंग के बाद झाड़ियों में आग भड़क उठी थी। आग से वहां लगे केबल व उपकरणों को खतरा पैदा हो गया था। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे पहले भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। जानकारों का कहना है कि सफाई नहीं होने के कारण यहां झाड़ियां उगकर सूख जाती हैं। हल्की सी चिंगारी से उसमें आग लग जाती है। लगभग हर साल आग लगने की बड़ी घटनाएं हो रही हैं। गिदही उपकेंद्र के अवर अभियंता सत्येंद्र प्रसाद का कहना है कि आग उपकेंद्र परिसर के बाहर ही लगती है। वहां सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है।

गिदही में ट्रांसमिशन का उपकेंद्र है। यहां से लाइन निकल कर 33 केवी वितरण उपकेंद्र गिदही तक आती है। यहां से अलग-अलग फीडर से आपूर्ति की जाती है। दोनों उपकेंद्र के बीच में पोल व केबल लगे हुए हैं, इसी के नीचे झाड़ियां उगी हुई हैं। इनकी सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। वितरण वाले केवल अपने उपकेंद्र के परिसर की साफ-सफाई की जिम्मेदारी मानते हैं, जबकि ट्रांसमिशन वाले अपने परिसर तक सीमित हैं। यही कारण है कि एक बड़े परिसर में पूरे साल झाड़ियां उगी रहती हैं, यहां की व्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। यह लापरवाही कभी भी बड़ा खतरा बन सकती है।

# अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो पलटी, 16 घायल

- फोरलेन पर छावनी थानांतर्गत रमहटिया के पास हुआ हादसा
- घायलों को सीएचसी विक्रमजोत में कराया गया है भर्ती, तीन रेफर

छावनी (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर जिले के छावनी थानांतर्गत विक्रमजोत रमहटिया के पास मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 11 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार चार बच्चे समेत 16 लोग घायल हो गए। सभी को पुलिस ने सीएचसी विक्रमजोत में भर्ती कराया। यहां तीन की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया गया है। सभी घायल बस्ती जिले के रुधौली थानांतर्गत छतरियां के रहने वाले हैं।

बताया जा रहा है कि रुधौली के छतरियां से मंगलवार की रात अयोध्या दर्शन के लिए बोलेरो में 16 लोग सवार होकर लोग निकले थे। पुलिस के अनुसार विक्रमजोत रमहटिया के पास एक गाड़ी को ओवरटेक करने के चक्कर में बोलेरो डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में जाकर पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस व एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी विक्रमजोत भेजा गया। घायलों में रुधौली के छतरियां निवासी चालक प्रदीप पांडेय, गोविंद केवट, प्रियंका, प्रेम, फुलसेरा रेशमा, जसमता, इसरावती नानुआनी, सुभावती, इंद्रावती, लक्ष्मी, दुर्गेश, दुर्गावती, बच्च समेत 16 लोग घायल हुए हैं। इनमें म 8 वर्षीय प्रेम के अलावा फुलेसरा देवी व इसरावती को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। चौकी प्रभारी विक्रमजोत ने बताया कि क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटवाकर यातायात को बहाल कराया गया।



फोरलेन पर छावनी के रमहटिया के पास अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो।

### गड्ढे में चली गई बोलेरो चालक घायल

गनेशपुर। वाल्टरगंज थानांतर्गत गनेशपुर चौकी क्षेत्र में वनविहार के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसा देख राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो चालक मिट्ठू पुत्र मो. सईद को बाहर निकाला और जिला अस्पताल भेज दिया।

# सामानों से भरी डीसीएम पकड़ी जीएसटी चोरी की आशंका

सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद। सोनहा पुलिस ने दुबौली चौराहे पर बुधवार सुबह 9:30 बजे संदिग्ध अवस्था में खड़े डीसीएम को कब्जे में ले लिया। पुलिस को देखकर चालक भाग गया, पुलिस ने क्लीनर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने बताया कि गाड़ी पर साबुन, शैम्पू और टूथपेस्ट लदा है। माल सिद्धार्थनगर के इटवा बाजार से दिल्ली जा रहा था। पुलिस ने जीएसटी चोरी का मामला मानते हुए सूचना जीएसटी विभाग को दी। मौके पर पहुंचे असिस्टेंट कमिश्नर विकास जायसवाल ने जांच की। उनका कहना है कि गाड़ी पर लदे सामान के कोई कागजात नहीं है। वीडियोग्राफी कराते हुए सामान की सूची तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि चौकी इंचार्ज असनहरा जयशंकर पांडेय दुबौली चौराहे पर मौजूद थे। वहां पर एक लालरंग की डीसीएम खड़ी थी। शक होने पर पूछताछ की गई तो चालक गाड़ी से उतरकर भाग गया। क्लीनर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो सारा जीएसटी चोरी का मालूम हुआ। गाड़ी को कब्जे में लेकर सूचना जीएसटी के अधिकारियों को दे दी गई। अब उनके स्तर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एसओजी व कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चोरी की बाइक संग पकड़े गए आरोपी।

# चोरी की बाइक संग तीन आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। एसओजी व कोतवाली की संयुक्त टीम ने चोरी की बाइक संग तीन आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस कार्यालय के अनुसार मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने बस्ती-महसो मार्ग पर डारीडीहा पुलिया के पास से गिरफ्तारी की। कोतवाल विजय दुबे ने बताया कि आरोपितों में श्रीओम पांडेय, रोशन राजफर और अवधेश निवासीगण ऊजीनाव का पुरवा थाना दुबौलिया शामिल हैं। इनके कब्जे से चोरी की बाइक, दो मोबाइल फोन व 370 रुपये बरामद किया गया है।

# महिला के खाते से उड़ाए 1.38 लाख रुपये

छावनी। महिला ने छावनी पुलिस से एक युवक पर बैंक बचत खाते से 1.38 लाख रुपये निकाल लेने की शिकायत की है। आरोप है कि महिला का खाता खुलवाने बैंक पर मायके से आए युवक ने मोबाइल नंबर दर्ज करवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक छावनी राजेश तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है। मामला साइबर क्राइम का है।

जिले के परशुरामपुर थानाक्षेत्र के पचौरा निवासी सरिता देवी ने छावनी थानाक्षेत्र के अपने मायके के युवक के ऊपर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला का बचत खाता एसबीआई के छावनी शाखा में है। महिला ने अक्टूबर 22 के बाद अपने खाते से कोई लेनदेन नहीं की हैं। आरोप है कि युवक ने पिछले दो वर्षो से धोखाधड़ी से अनगिनत बार ट्रांजेक्शन कर एक लाख अड़तीस लाख रुपये उड़ा दिए हैं। खाते में युवक का मोबाइल नंबर दर्ज होने से महिला की इसकी जानकारी बैंक पर रुपये निकलने के लिए आने पर हुई। घटना की जानकारी होने पर महिला ने शिकायत की है।

# हत्या के सात आरोपितों पर रासुका

**कार्रवाई**



- कलवारी क्षेत्र के गोसैसीपुर में 10 फरवरी को हुई थी वारदात
- राममिलन की हत्या के बाद उनके बेटे का काट दिया था पैर

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के कलवारी थानाक्षेत्र के गोसैसीपुर में इसी साल 10 फरवरी को हुई हत्या की जघन्य वारदात में पुलिस ने सात आरोपितों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष कलवारी ने बताया कि सभी आरोपी जेल में निरूद्ध हैं। आरोपी जमानत पर छूटने का प्रयास कर रहे थे। जिसे देखते हुए क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के डीएम अंद्रा वामसी व एसपी गोपालकृष्ण चौधरी स्तर से सभी सात आरोपितों पर रासुका (एनएसए) की कार्रवाई की गई है। जेल में आरोपितों को पुलिस टीम ने रासुका का तामिला करा दिया है।

कलवारी थानाक्षेत्र के गोसैसीपुर में गत दस फरवरी को राममिलन चौधरी की लाठी-डंडे व फरसे से हमला कर हत्या कर दी गई थी। साथ ही राममिलन के लड़के विशाल चौधरी का हमलावरों ने बांया पैर काटकर अलग कर दिया था। उस पर जानलेवा हमला करने के बाद राममिलन की बहन माला देवी जब बीच-बचाव करने पहुंची तो उन्हें भी लाठी-डंडे से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। भूमि विवाद को लेकर दहशत फैलाने वाली इस वारदात में मृतक राममिलन के भतीजे विकास ने कलवारी थाने पर तहरीर दी थी। इसके आधार पर हरिशंकर उर्फ रावण, सूर्यप्रकाश उर्फ जगलर, रामदास, अंगद, उदयशंकर उर्फ सोनू, रामनरेश और वीरेंद्र निवासी गोसैसीपुर के खिलाफ आईपीसी 147, 148, 149, 302, 307, 452, 325, 326, 323, 504 के साथ 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जिला कारागार बस्ती भेज दिया था। जमानत कराने के प्रयास में जुटे सभी आरोपितों पर पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई कर दी है। जेल पहुंचकर थानेदार ने सभी आरोपितों को रासुका का तामिला भी करा दिया है।

# लेखपाल संघ ने कार्य बहिष्कार का किया ऐलान

हर्रैया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा हर्रैया अध्यक्ष कृष्णमोहन पटेल ने एसडीएम हर्रैया को पत्र देकर बताया कि लेखपाल प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव के साथ कुछ लोग आए और तहसील से उठाकर गाड़ी में बैठाकर कट्टा सटाकर लात-घूसों से पीटकर अधमरा करके उनको छोड़ें दिए। उसके बाद प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव के साथ तमाम लेखपाल साथी कल शाम से इस समय तक थाने और तहसील का चक्कर काटते रहे हैं लेकिन अभी तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। लेखपाल की अभी तक मेडिकल तक नहीं कराया गया है। घटना को लेकर के पूरे लेखपाल संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा हर्रैया ने यह निर्णय लिया है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने पर लेखपाल साथी कार्य का बहिष्कार करेंगे।

# छप्पर में लगाई आग, केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने रिहायशी छप्पर में आग लगाने की घटना में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के पकड़ी सोयम निवासी रामकेवल ने तहरीर में बताया है कि रात के वक्त वह घर में सो रहे थे। तभी अज्ञात लोगों ने उनके रिहायशी छप्पर में आग लगा दी। घटना में रामकेवल झुलस गए। घर में रखा कपड़ा, सामान, 20 हजार नकदी समेत दो मवेशी भी जल गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं इसी थाने के बनगवां निवासी कमलावती की तहरीर पर बृजेश, रितेश और इसलावती के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट व धमकाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# तीन अधिकारी कर रहे स्ट्रांग रूम सुरक्षा का पर्यवेक्षण

बस्ती। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बस्ती के स्ट्रांग रूम में बंद ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का 24 घंटे अधिकारी पर्यवेक्षण करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जांच आदेश में सरोज उप निदेशक निर्माण मंडी समिति बस्ती को सुबह छह बजे से दोपहर बाद दो बजे तक, अशोक उप निदेशक कृषि को दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा महेन्द्र सचिव मंडी समिति को रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक सुरक्षा व्यवस्था के सुपरविजन का जिम्मा दिया गया है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार पर केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने भूमि विवाद को लेकर मारपीट में केस दर्ज किया है। उमरा खास निवासी ओमकार राव का आरोप है कि विपक्षियों ने भूमि विवाद को लेकर मारापीटा। जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव निवासी अमन, अजीत, निखिल व शारदा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में मौत के मामले में मुकदमा

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने सड़क हादसे में मौत मामले में मुकदमा दर्ज किया है। रतास उर्फ कप्तानगंज निवासी सुफिया खातून ने तहरीर देकर बताया है कि उनका बेटा मो. शाकिर गत 10 मई को बाइक से महराजगंज की तरफ जा रहा था। तभी एक ट्रेलर ने उसे लापरवाहीपूर्वक ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल बेटे को मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच नामजद

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की घटना में पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया है कि ससुराल में दहेज कम मिलने की बात को लेकर चार पहिया वाहन की मांग की गई। साथ ही पति को किसी और लड़की से बात करते देखकर विरोध किया तो उन्हें मारापीटा गया। पुलिस ने सिद्धार्थनगर के नौगढ़ क्षेत्र निवासी सिद्धार्थ राज समेत पांच ससुरालियों पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पैसे को लेकर कहासुनी में मारपीट, केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने पैसे को लेकर कहासुनी व मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। सिरौली बाबू निवासी पुष्पा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नटौवा निवासी शिवम व अन्य नशे की हालत में उनके बेटे शिवम की दुकान पर सामान खरीदने के लिए पहुंचे। खरीदारी करते वक्त पैसे को लेकर कहासुनी पर मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची पुष्पा को भी मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने शिवम, सूरज, चंदन समेत चार पर केस दर्ज किया है।

# बरामदे से चुरा ली बाइक, मुकदमा दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने बाइक चोरी की घटना में केस दर्ज किया है। गोनार निवासी रोहित ने तहरीर देकर बताया है कि गत 26/27 मई की देर रात उनके बरामदे में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र के चिरई बुजुर्ग गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष की एक बालिका घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। गांव निवासी चीनक ने तहरीर देकर बताया है कि मेरे विपक्षी आजाद, मनभावती, मनीषा व पप्पू ने मेरी बेटी रेशमा को मारपीट कर घायल कर दिया।

# सुलह से होगा लोक अदालत में निस्तारण

बस्ती। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 को होगा। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशन में कलक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में होगा। यह जानकारी अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार ने दी। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138, बैंक वसूली से संबंधित मामलें एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर होगा।

# आत्महत्या को कुंए में कूदा, पुलिस ने बचाया

बस्ती। डायल 112 की पीआरवी व परसरामपुर थाने के सिपाही की सक्रियता से आत्महत्या की नीयत कुंए में कूदे व्यक्ति को बचा लिया गया।

पुलिस कार्यालय के अनुसार गुरुवार को परसरामपुर थानाक्षेत्र के नंदनगर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति आत्महत्या की नीयत से कुंए में कूद गया है। पीआरवी 0853 थोडी देर में मौके पर पहुंच गई। कांस्टेबल अनिरुद्ध कुमार भी आ गए। कुंए में कूदे व्यक्ति को बचाने के लिए पीआरवी के हेड कांस्टेबल रामहित यादव स्वयं कुएं में उतर गए।

# 13 जुलाई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

बस्तीः राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशन में कलेक्ट्रेट व समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जाएगा। उक्त जानकारी अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने दी है।

बताया कि लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखित अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत व जलकर विवाद, सर्विस में वेतन संबंधी विवाद व सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी, अन्य सिविल, आर्बिटेशन एवं ऐसे अन्य प्रकार वाद, जिनका निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। (विज्ञप्ति)

# विधायक ने की गड़बड़ी की शिकायत, डीएम का जवाब

**सवाल**

- सदर विस के बूथ संख्या 207 बेगम खैर गर्ल्स का मामला
- फीडिंग में 363, डीएम ने कहा कि 398 की है फाइनल फीडिंग

बस्ती, निज संवाददाता। विधायक सदर महेन्द्र नाथ यादव ने सोशल प्लेटफार्म 'एक्स' पर शिकायत दर्ज कराया बेगम खैर के एक बूथ पर प्रशासन के तरफ से जारी शीट में कम वोट दिखाया गया है, जबिक फार्म 17 सी पर अधिक वोट लिखकर दिया गया है। जवाब में डीएम ने एक्स पर फीडिंग की शीट शेयर करते हुए बताया कि फाइनल फीडिंग का आंकड़ा 17 सी के समान है। इसमें कोई अंतर नहीं है।

एक्स पर किए ट्वीट में विधायक महेन्द्र नाथ यादव ने लिखा कि बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 207 बेगम खैर इंटर कॉलेज तुरकहिया के कक्ष संख्या तीन के पीठासीन की ओर से जारी फार्म 17 सी पर वोटों का आंकड़ा 398 दर्शाया गया है, जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से दिए गए डाटा के अनुसार बूथ पर 363 वोट फीड किया गया है। विधायक के इस ट्वीट पर लाइक व कमेंट व री-ट्वीट होने लगा। इसकी संख्या 100 के पार चली गई है। किसी ने ईवीएम पर सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया तो किसी ने प्रशासनिक मशीनरी पर अंगली उठा दी। महेन्द्र यादव ने प्रशासन के तरफ से जारी शीट और फार्म 17 को भी अपलोड किया। इस ट्वीट को निर्वाचन आयोग, डीएम व अन्य को टैग किया गया। डीएम अंद्रा वामसी ने एक्स हैंडल पर कुछ देर में ही जवाब दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग को भेजी गई फाइनल शीट को साझा किया। उसके हवाले बताया कि फाइनलाइज्ड शीट पर बेगम खैर के बूथ संख्या 207 पर मतों की संख्या 398 ही फीड कर भेजा गया है। इतने ही मतों का पीठासीन अधिकारी ने फार्म 17 सी जारी किया है। ऐसे में यह शिकायत निराधार है।



# गिदही विद्युत उपकेंद्र का सीटी ब्लास्ट

## ओवरलोड होने से हुई घटना, पूरे जनपद में 28 मिनट बाधित रही विद्युत आपूर्ति



भौखरी 220 लाइन का सीटी ब्लास्ट होने से लगी आग • सौजन्य

जागरण संवाददाता, बस्ती: 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन गिदही में बुधवार को अत्यधिक लोड के चलते सीटी (करेंट ट्रांसफार्मर) ब्लास्ट कर गया, जिससे पूरे जिले की आपूर्ति कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। सीटी स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी के साथ 220 केवी टांडा बस्ती व बस्ती बांसी लाइन भी ट्रिप कर गया, जिससे इन लाइन से जुड़े केंद्रों की भी आपूर्ति बंद हो गई।

प्रेषण खंड के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे भौखरी 220 केवी लाइन पर अचानक अत्यधिक लोड बढ़ गया, जिससे सीटी ब्लास्ट कर गया व आग पकड़ लिया। अफरा-तफरी मच गई। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी परिसर में लगे अग्निशमन उपकरण से आग बुझाने में जुट गए। इस बीच 220 केवी टांडा बस्ती व बस्ती बांसी लाइन भी ट्रिप कर गई। अभियंताओं ने तत्काल लोड दूसरी लाइनों पर ट्रांसफर किया। 28 मिनट बाद जिले की आपूर्ति बहाल कर दी गई। एसडीओ राम इकबाल प्रसाद ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली की प्रेषण खंड में आग लग गई है वह तुरंत फायरब्रिगेड को सूचित करते हुए मौके पर पहुंचे। अवर अभियंता जितेंद्र मौर्य, सत्येंद्र प्रसाद, फूलचंद्र, प्रिंसकुमार के साथ कर्मचारी आग बुझाने के साथ लाइन व्यवस्थित करने में जुट गए। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता ई. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रेषण खंड की लाइन में दिक्कत आने से पूरे जनपद की लाइन ठप हो गई थी। दोपहर बाद 1.10 बजे आपूर्ति बहाल हो गई।

### ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग की समस्या बढ़ी

जागरण संवाददाता, भानपुर: कई दिनों से हो रही प्रचंड धूप एवं गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। लो वोल्टेज, लोकल फाल्ट व ट्रिपिंग की समस्या बढ़ने से उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई हैं।

चुनाव के लगभग एक सप्ताह पूर्व से अत्यधिक लोड बढ़ने पर हर दो घंटे पर कटौती की जा रही है। अत्यधिक लोड व बिजली चोरी के कारण लोग लो वोल्टेज से परेशान हैं। भिरिया निवासी अपूर्व सिंह ने कहा कि वोल्टेज कम रहने के कारण पंखा, कूलर, फ्रिज, वाटर पंप आदि नहीं चल पा रहे हैं। तुरकौलिया के इंसाफ अली ने कहा कि बिजली रहते हुए भी पंखा एवं कूलर की हवा नहीं लग पा रही है। औंड़जंगल के क्रांति कुमार ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वहीं विद्युत उपकेंद्र बघौड़ी (सल्टौआ) के टिनिच फीडर की बिजली आपूर्ति दयनीय बनी हुई है। इस फीडर से जुड़े लगभग दो दर्जन गांवों के लोगों को लोकल फाल्ट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि विभाग द्वारा समस्या से निजात दिलाने के लिए उपकेंद्र से अजगैवा जंगल तक जर्जर तारों व पोलों को बदल दिया गया है। इसके बाद भी हालत जस की तस बनी हुई है। प्रचंड धूप एवं गर्मी में बिजली की आवाजाही दुखदाई बनी हुई है।

# मानसिक रूप से बीमार युवक कुएं में कूदा

जासं, मखौड़ाधाम, बस्ती: परशुरामपुर थाना क्षेत्र के नंदनगर में मानसिक रूप से बीमार युवक कुएं में कूद गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकलवाया।

बुधवार को दिन में डायल 112 पर गांव के किसी व्यक्ति ने सूचना दिया कि नंदनगर में 30 वर्षीय बालकृष्ण तिवारी आत्महत्या के उद्देश्य से कुएं में कूद गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया। स्वजन ने बताया कि कुछ दिनों से बालकृष्ण की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह इधर-उधर भागता रहता है।

# सात हत्यारोपितों पर हुई रासुका की कार्रवाई

- हत्यारोपितों ने बुजुर्ग की हत्या व बेटे के पैर का काट लिया था पंजा
- कलवारी के गोसैसीपुर की घटना, जेल में निरुद्ध हैं सभी हत्यारोपित

जागरण संवाददाता, बस्तीः कलवारी थानाक्षेत्र के गोसैसीपुर में 10 फरवरी को बुजुर्ग की लाठी-डंडा व फरसे से हत्या कर उनके बेटे विशाल चौधरी के बाएं पैर का पंजा काट लेने के मामले में जेल में निरुद्ध सात हत्यारोपितों पर एनएसए (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है।

गोसैसीपुर निवासी राममिलन चौधरी की निर्ममता से हत्या, उनके बेटे विशाल चौधरी के बाएं पैर का पंजा काटकर अलग कर हत्या का प्रयास किया गया था। मृतक की बहन माला देवी ने जब मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उन्हें भी लाठी-डंडे से मारकर गंभीर चोटें पहुंचायी गईं थी। मामले में कलवारी थाने में हरिशंकर, सूर्य प्रकाश उर्फ जगलर, रामदास, अंगद, उदय शंकर उर्फ सोनू, राम नरेश व वीरेंद्र निवासीगण गोसैसीपुर के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इन सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। वहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जिला कारागार बस्ती भेज दिया गया था। वे जमानत पर छूटने का प्रयास कर रहे थे, ऐसे में जनमानस में भय का माहौल था। शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 28 मई को जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी सभी हत्यारोपितों पर एनएसए की कार्रवाई की है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चुनाव में देवरिया भेजी जाएंगी 75 बसें

बस्ती। अंतिम चरण का मतदान एक जून को है। देवरिया प्रशासन की ओर से बस्ती से 75 बसें मांगी गई थी। परिवहन विभाग के मुताबिक 50 प्राइवेट वाहनों के साथ 25 रोडवेज की अनुबंधित बसें भेजी जाएंगी।

आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल ने बताया कि देवरिया में वाहनों की कमी के चलते शासन स्तर से अन्य जिलों से वाहन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि जिले से 75 बसों को उपलब्ध कराना था। इसमें 50 प्राइवेट वाहन के साथ 25 अनुबंधित बसों को शामिल करते हुए 75 बसों को देवरिया भेजने की तैयारी हो रही है। यदि अनुबंधित बसों को देवरिया चुनाव ड्यूटी के लिए भेजा जाएगा तो निश्चित तौर पर यात्रियों को मुश्किलों को सामना करना पड़ेगा। संवाद

# चौकीदार ने थानाध्यक्ष पर लगाया मारने-पीटने का आरोप

जासं, मुंडेरवा : मुंडेरवा थाने में तैनात चौकीदार जयप्रकाश ने डीएम और एसपी को शिकायती पत्र देकर मुंडेरवा के थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पर मारने पीटने और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है। चौकीदार ने शिकायती पत्र में बताया कि वह 24 मई को देर शाम थाना सभागार की सफाई कर रहा था। उसी दौरान थानाध्यक्ष आए और नाम पूछे। जब उसने अपना नाम और जाति बताया तो वह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। इसकी जानकारी होते ही चौकीदार नाराज हो गए। चौकीदारों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से दोषी थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शिकायत करने वालों में सुरेंद्र कुमार, मोहरत प्रसाद, सहदेव प्रसाद, विनोद कुमार, चन्द्रिका, ओमकार, जितेन्द्र कुमार व हरिश्चंद्र आदि शामिल हैं। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि उन पर लगाया गया आरोप निराधार है। लंच पैकेट के लिए खाना बन रहा था, उसी दौरान सफाई को लेकर उन्होंने चौकीदार को डांटा था।

# पीआरवी टीम ने बचाई जान

विक्रमजोत। परशुरामपुर क्षेत्र में बुधवार को डायल-112 टीम ने कुएं में कूदे व्यक्ति की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है। अज्ञात व्यक्ति ने पीआरवी को बुधवार को ग्राम नंदनगर में आत्महत्या की कोशिश की सूचना दी। इसके बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान एक व्यक्ति कुएं में कूद गया था। पीआरवी के जवान एचसी राम हित यादव उसे बचाने के लिए स्वयं कुएं में उतर गए और पुलिस बल ने बाल कृष्ण तिवारी पुत्र जमुना प्रसाद तिवारी उम्र 30 वर्ष निवासी नंदनगर थाना परशुरामपुर को बाहर निकाल लिया। संवाद

## छावनी पुलिस ने जिला बदर को किया गिरफ्तार

छावनी : थाना क्षेत्र के उड़गईया गांव निवासी एक व्यक्ति को छावनी पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी छावनी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि उड़गईया गांव निवासी मुकेश को गुंडाएक्ट में निरुद्ध कर छह माह तक जिले के बाहर रहने का निर्देश दिया गया था। उसके बावजूद भी वह अपने घर पर रह रहा था। सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह उसे थाना क्षेत्र के छावनी कस्बे के रामजानकी तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (जासं)

## महिला की मृत्यु, आनन फानन में अंतिम संस्कार

बभनान : नगर पंचायत में 30 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। इसे लेकर लोग तरह तरह के कयास लगा रहे थे। वहीं स्वजन ने आनन-फानन शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार को नगर पंचायत बभनान के महागौरी नगर वार्ड निवासी सोनू कसौधन की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। स्वजन ने शव का अयोध्या ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। कुछ लोगों का कहना था कि महिला की मृत्यु सीढ़ियों से गिरकर हुई है तो कुछ लोगों का कहना था कि कारण स्पष्ट नहीं हो सका। चौकी प्रभारी बभनान धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी नहीं है। (जासं)

# पांच ससुरालियों पर केस दर्ज

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में सिद्धार्थनगर के पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता ने तहरीर दी कि उसकी शादी सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ तहसील के जेल रोड बसडिलिया निवासी सिद्धार्थराज जायसवाल के साथ हुई है। ससराल के लोग कम दहेज मिलने पर दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। अपने पति को किसी और लड़की से बात करते हुए देख कर विरोध किया तो उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी देने लगे। संवाद

# मारपीट में तीन पटीदार नामजद

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। वनगवां निवासी कमलावती ने तहरीर देकर गांव के बृजेश, रितेश व इसलावती पर आरोप लगाया कि इन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा। संवाद

# घर में आग लगाने के आरोप में केस

**बस्ती।** रुधौली थाना क्षेत्र के पकड़ी सोयम गांव में छप्पर की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है। वहां के राम केवल ने तहरीर दी कि 28 मई को 12:51 बजे वह घर पर सो रहा था। रात में गांव के कुछ अज्ञात लोगों ने छप्पर की झोपड़ी में आग लगा दी। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी दो भैंस व घर में रखा सारा सामान, कपड़े व 20 हजार रुपये जल गए। संवाद

# मारपीट में चार नामजद

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। सिरौली बाबू निवासी पुष्पा पत्नी सुरेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि 27 मई को नटौआ गांव के शिवम, सचिन, सूरज व चंदन नशे में उसके बेटे शिवम की दुकान पर सामान खरीदने पहुंचे। सामान खरीदारी करते वक्त पैसे को लेकर लड़के से कहासुनी और गाली देते हुए मारपीट करने लगे। संवाद

# पोस्टमार्टम में बाबूराम की मौत का नहीं हुआ खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** कस्बे के एक मेडिकल स्टोर पर सुई लगवाने आए बाबूराम की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी नहीं खुल पाया। उसका विसरा जांच के लिए पुलिस भेजने की कार्रवाई करने में जुटी है।

कस्बे के लोग मामले में समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं। बाबूराम के बेटे राम मूरत ने बताया कि गलत तरीके से सुई लगाने से पिता की मौत हुई थी। बेटे का आरोप है कि आरोपी को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। परिवार पर सुलह-समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। यदि मामले में केस दर्ज नहीं हुआ तो न्याय के लिए डीएम और एसपी से मिलेंगे।

## बेटे का आरोप- गलत सुई लगाने से हुई थी मौत

## पुलिस जांच के लिए भेजेगी विसरा

प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। विसरा प्रिजर्ब किया गया है। सीएमओ ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। खोभा निवासी बाबूराम निषाद 24 मई की शाम तबीयत खराब होने पर महराजगंज कस्बे के एक मेडिकल पर दवा लेने गए थे।

# बीडीओ सहित 12 लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश

## जीवित को मृत दिखाकर फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने का है आरोप, जमीन की करा ली थी वरासत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम संदीप की अदालत ने जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में ग्राम प्रधान, बीडीओ, सचिव, हल्का लेखपाल, राजस्व निरीक्षक सहित 12 लोगों पर रुधौली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला रुधौली थाना क्षेत्र के बुढ़वा बुढ़िया गांव का है।

सूर्यनाथ ग्राम कोइल पाकड़ थाना खेसरहा जिला सिद्धार्थ नगर ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में अर्जी दाखिल किया है। बताया गया है कि घटना 2016 से 2021 के बीच का है। सूर्यनाथ सिद्धार्थ नगर में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहते हैं। उनकी कुछ जमीन रूधौली तहसील के बुढ़िया बुढ़वा गांव में है।

जमीन हड़पने की नियत से आवेदक के भतीजे और भाई की औरत राजमती, राधेश्याम, घनश्याम तथा प्रेमचंद प्रेमसागर ने तत्कालीन ग्राम प्रधान उर्मिला देवी ग्राम पंचायत निखोरिया खंड विकास अधिकारी खेसरहा ग्राम विकास अधिकारी खेसरहा से साठगांठ करके कूट रचित कागजात तैयार किया। इसके बाद 7 मई 2016 को उन्हें मृत दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा दिया और परिवार रजिस्टर के आगे मृतक दर्ज कर दिया।

इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर उनकी जमीन लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने गलत आख्या के माध्यम से अपने नाम वरासत दर्ज करा लिया। इस मामले में एसडीएम रुधौली ने न्यायालय के आदेश पर प्रारंभिक जांच किया। पीड़ित की ओर से लगाया गया आरोप सही पाया गया।

न्यायाधीश ने मामले की गंभीता से लेते हुआ केस दर्ज करने का आदेश रूधौली पुलिस को दिया है।

अदालत से

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों पर केस दर्ज

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नानी के घर आई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, छेड़खानी, मारपीट, धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने तहरीर दी कि उसकी 14 वर्षीय बेटी अपने नानी के घर छह माह से रह रही थी। चार मई को रात आठ बजे जरूरी काम से गांव के बाहर निकलने पर कृष्ण कुमार, अंकुर व अमित यादव अकेली पाकर जबरन सरकारी पानी की टंकी के पास गन्ने के खेत में ले गए। जहां दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर धमकी दी कि किसी को बताओगी तो वायरल कर देंगे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

### उपभोक्ता फोरम का नया मोबाइल देने का आदेश

**बस्ती।** जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा, सदस्य अजय प्रकाश सिंह ने मोबाइल फोन विक्रेता को ग्राहक के खराब मोबाइल बदलकर इसी मॉडल का नया मोबाइल देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने दुकानदार पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। बभनगावा कला निवासी ओमप्रकाश ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि उन्होंने 30 अक्तूबर 2021 को एक मोबाइल फोन 8517 रुपये भुगतान कर खुशी मोबाइल एंड एसेसरीज भगत सिंह नगर बभनान से खरीदा था। मोबाइल की 12 माह तथा चार्ज व बैटरी की 6 माह की वारंटी बताई गई थी। कुछ ही दिन बाद मोबाइल में खराबी आ गई। संवाद

# धोखाधड़ी कर खाते से निकाल लिए 1.38 लाख रुपये

## खाता खोलवाने के बहाने युवक ने बैंक में दर्ज करा दिया अपना मोबाइल नंबर

**विक्रमजोत।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बुधवार को छावनी पुलिस से एक युवक पर बैंक खाते से 1.38 लाख रुपये निकाल लेने की शिकायत की है।

आरोप है कि महिला का खाता खुलवाने बैंक पर मायके से आए युवक ने अपना मोबाइल फोन नंबर दर्ज करा दिया और नेट बैंकिंग के माध्यम से खाते से रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी उसे तब हुई जब वह बैंक पर निकासी के लिए गई। इस संबंध में पीड़िता ने छावनी पुलिस को तहरीर दी है।

परशुरामपुर क्षेत्र के पचौरा निवासी सरिता देवी ने छावनी क्षेत्र के अपने मायके के युवक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। महिला का बचत खाता एसबीआई की छावनी शाखा में है। संवाद

# लेखपाल पर महिला से छेड़खानी का आरोप

**महराजगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज क्षेत्र के एक गांव की महिला ने लेखपाल पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। उसने मामले की शिकायत डीएम, एसपी और सीएम पोर्टल पर की है।

कप्तानगंज क्षेत्र की महिला ने कहा है कि तीन मई को वह घर पर अकेली थी। परिवार के लोग लखनऊ गए थे। शाम 7:30 बजे लेखपाल आए और घर के लोगों के बारे में जानकारी ली। मुझे अकेला पाकर आबरू लूटने की कोशिश की। किसी तरह से लेखपाल के चंगुल से बच कर गुहार लगवाई।

विरोध करने पर घर गिरवाने की धमकी दी। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि शिकायत मिली है। संवाद

# बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। गोनार निवासी रोहित ने तहरीर दी कि 26 मई को उसके घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोर उठा ले गए। पुलिस छानबीन कर रही है। संवाद

# जिला बदर को पुलिस ने घर से पकड़ा

छावनी। पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त उड़गईया गांव के मुकेश को रामजानकी तिराहे के फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। अभियुक्त न्यायालय की अवहेलना कर जिला बदर होने के बावजूद अपने घर पर रह रहा था। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, अभिमन्यु शर्मा, शिवकेश सिंह ने दबोच लिया। संवाद

# गोसैसीपुर हत्याकांड के सात आरोपियों पर रासुका

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कलवारी क्षेत्र के गोसैसीपुर में 10 फरवरी को आबादी की जमीन को लेकर हुई खूनी संघर्ष के सात आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। एक आरोपी पर पहले ही रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि यह सभी जमानत पर छूटने का प्रयास कर रहे थे जबकि गांव व क्षेत्र में अब भी दहशत कायम है।

एसओ कलवारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य अभियुक्त हरिशंकर उर्फ रावण, सूर्य प्रकाश उर्फ जगलर के अलावा रामदास, अंगद, उदय शंकर उर्फ सोनू, राम नरेश और वीरेंद्र निवासी गोसैसीपुर पर यह कार्रवाई की गई है।

बता दें कि गोसैसीपुर निवासी राम मिलन चौधरी का गांव के ही हरिशंकर उर्फ रावण आदि से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवादित जमीन पर बने घर का प्लास्टर हो रहा था।

10 फरवरी को दोपहर मजदूरों के खाना खाने की छुट्टी होने पर राम मिलन, उनका बेटा विशाल और बहन माला घर पर मौजूद थीं। दोपहर करीब 1:30 बजे गांव के ही 20-22 लोग कुल्हाड़ी, लाठी-डंडा, फरसा आदि लेकर पहुंच गए।

### 10 फरवरी को गोसैसीपुर में हुई थी वारदात

बताया जा रहा है कि उन लोगों ने विशाल को दौड़ा लिया। फरसे से वार करके उसके पैर का हिस्सा कट गया। शोर सुनकर विशाल के पिता राम मिलन और बुआ माला दौड़कर पहुंचे।

हमलावरों ने उन दोनों पर भी वार कर दिया। 56 वर्षीय राम मिलन और विशाल के पैर, पेट, कंधे व शरीर के अन्य हिस्से पर तावड़तोड़ वार कर दिया।

तीनों घायलों को सीएचसी कुदरहा ले जाया गया, जहां राम मिलन को मृत घोषित कर दिया गया। विशाल और उसकी बुआ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। विशाल को रेफर करके मेडिकल कालेज लखनऊ भेजा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# गाजा रखने का आरोपी कोर्ट से बरी

बस्ती। अपर जनपद न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार की अदालत ने गाजा रखने के आरोपी लल्लू शर्मा निवासी कड़ाही थाना रुधौली को दोषमुक्त करने का आदेश दिया है। इस मामले में न्यायालय ने निर्णय की एक प्रति डीएम के माध्यम से शासन को संदर्भित किया है। इसमें तत्कालीन उपनिरीक्षक हरिराम सिंह व सुरपति त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल दिग्विजय सिंह व सत्यप्रकाश पर विभागीय कार्रवाई कर दंडित करने का आदेश दिया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# कपड़ा लदा ट्रक गोरखपुर लें गई कस्टम

**बानगंगा(एसएनबी)**। इंडो नेपाल खुनुवां बार्डर के रास्ते अवैध रुप से नेपाल जा रहा भारी मात्रा में आलू के नाम पर कपड़ा लदा ट्रक बुधवार को गोनचौरा ताल के पास कस्टम गोरखपुर डिविजनल आफिस की टीम पकड़कर सामान सहित अपने साथ गोरखपुर ले गयी। इस संबंध में बार्डर पर स्थित कस्टम के अधिकारी मुँह खोलने के लिए तैयार नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक कस्टम गोरखपुर डिविजनल आफिस की टीम बुधवार को सटीक सूचना पर सुबह इंडो नेपाल खुनुवां बार्डर पहुंची। ट्रेड की नेपाल जाने वाले संदिग्ध ट्रक नंबर यूपी 53 ई टी 7401, यूपी 53डी टी 5373, यूपी 53 सी टी 8568 की जांच किया। जिसमें मुर्गी दाना लदा था। जांच के बाद टीम खुनुवां कस्टम कार्यालय पर रुकी रही। दिन के लगभग तीन बजे टीम इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित कस्टम खुनुवां आफिस से गोरखपुर जाने के लिए निकली। टीम अभी खुनुवां से तीन किलोमीटर दूर गोनचौरा ताल के पास पहुंची ही थी एक ट्रक नम्बर यूपी 64 टी 1616 जिस पर आलू लदा था, खुनुवां बार्डर की ओर जाता दिखाई दिया। टीम को संदेह होने पर ट्रक को रोक कर जांच की गई।

जांच के दौरान ट्रक में नीचे भारी मात्रा में कपड़े की खेप और उसके उपर से आलू के बोरे लादे गए थे। इतना ही नहीं ट्रक कस्टम खुनुवां से तीन किलोमीटर पहले ही था और खुनुवां कस्टम ने संदिग्ध ट्रक को नियमतः आंलू के रुप में नेपाल जाने के लिए उसके पेपर पास कर दिया था। जिस ट्रक में कपड़ा व आलू बरामद हुआ वह कानपुर से नेपाल जाने वाला था। इस प्रकार की साठगांठ का खेल कई महीनों से चल रहा था।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। सदर थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को



गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम सुनील पुत्र चतुर्भुजी शर्मा है, वह शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डोहरिया का निवासी है,जो हाल पता-दासहाल पता-दास गार्डेन बसरौला बिहार गली नंबर-12 मकान नंबर ए-29 थाना ननौला पश्चिम दिल्ली का निवासी है।पकड़े गए अभियुंक्त के विरुद्ध सदर थाने में मुअसं-86/2024 धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।मामले में नाबालिक गुमशुदा/ पीड़िता की बरामदगी करते हुए अभियुक्त को बस अड्डा सिद्धार्थनगर के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही कर जेल भेज दिया।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव, आरक्षी प्रभाकर यादव, महिला आरक्षी पूजा यादव शामिल रही।

# एक करोड़ का गेहूं खरीद फरार हुआ दुकानदार

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इटवा थाना के सेमरी गांव में विनायक ट्रेडर्स के नाम से गेहूं की खरीद करने वाले पति-पत्नी 15 किसानों से एक करोड़ रुपये का गेहूं खरीद कर फरार हो गए हैं। पैसा न मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

- **सेमरी गांव में विनायक ट्रेडर्स ने 10 दिन की उधारी पर की थी खरीद**
- **आरोपी पति,पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश रही पुलिस**

## और भी किसान हुए होंगे ठगी के शिकार

अभी तो मात्र 15 किसानों ने ही पुलिस को तहरीर देकर ठगी का शिकार होने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि और भी तमाम किसान हो सकते हैं जिन्होंने विनायक ट्रेडर्स पर गेहूं बेचा था। संभव है इन 15 किसानों की तरह उन्हें भी भुगतान न मिला हो।

कठेला समय माता थाना के पंचमोहनी गांव निवासी जय सिंह पुत्र स्व. संत प्रसाद सिंह, मदन सिंह पुत्र स्व. विजेंद्र सिंह निवासी सेमरी थाना इटवा सहित 15 किसानों ने इटवा थाना पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि रवि जायसवाल पुत्र कैलाश चंद्र जायसवाल निवासी इटवा व उनकी पत्नी आरती देवी निवासी सेमरी थाना इटवा विनायक ट्रेडर्स के नाम से गल्ला की खरीदारी करते थे। उनसे उन लोगों ने 10 दिन की उधारी पर गेहूं बेचा था लेकिन उन दोनों ने आज तक भुगतान नहीं किया। कई दिनों से तलाश की जा रही है लेकिन दोनों दुकान बंद कर फरार हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि फरार आरोपियों ने एक करोड़ रुपये से अधिक के गेहूं की खरीद की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 406 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष इटवा संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी के अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज

## सख्ती

सोहना, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार को एक किशोरी के अपहरण करने का मामला सामने आया है। बुधवार को अपहृत किशोरी के मां की तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

पुलिस को दिए तहरीर में किशोरी के मां ने बताया कि मंगलवार सुबह में उसकी 17 वर्षीय पुत्री गायब हो गई। काफी देर तक वापस घर नहीं आई तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि बांसी निवासी बंटी यादव के साथ वह डुमरियागंज रोड के बदेलिया में दिखाई दी है। किशोरी की

- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के अपहरण का मामला
- पुलिस ने किशोरी की मां की तहरी पर केस दर्ज कर शुरू की जांच

मां का आरोप है कि युवक ने उसका अपहरण कर लिया है। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित बंटी यादव के खिलाफ धारा 363 व 366 के तहत केस दर्जकर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बैदौली गांव के पास की है घटना

# डूबे किशोरों की तलाश को बुलाई गई एनडीआरएफ

- स्थानीय गोताखोरों की तलाश में नहीं मिले किशोर, एनडीआरएफ बुलाई गई
- बानगंगा नदी में दो किशोर बुधवार सुबह साढ़े दस बजे डूब कर हो गए लापता

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बैदौली गांव के शमशान घाट के पास से बही बानगंगा नदी में दो किशोर बुधवार सुबह साढ़े दस बजे डूब कर लापता हो गए। दोनों गर्मी से परेशान होकर दोस्तों संग नहाने गए थे। स्थानीय गोताखोरों की तलाश में पता नहीं चल सका है। पुलिस ने एनडीआरएफ को बुलाया है जो सर्च आपरेशन चलाएगी।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जखौली गांव निवासी अखिलेश यादव (14) पुत्र दशरथ यादव व अखिलेश यादव (15) पुत्र तीरथ गांव के ही अपने कुछ दोस्तों संग गांव से एक किमी दूर बैदौली श्मशान घाट के पास से बही बानगंगा नदी में नहाने गए थे। नहाते हुए दोनों गहरे पानी में जाकर डूबने लगे तो साथ गए किशोरों ने शोर मचाया तो आसपास भैंस चरा रहे कुछ चरवाहे बचाने के लिए नदी में कूद गए लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। एक बार डूबने के बाद दोनों बाहर नहीं दिखाई दिए। स्थानीय गोताखोरों ने भी शाम तक तलाश की लेकिन कुछ सुराग नहीं मिल सका। मौके पर शोहरतगढ़ थाना की पुलिस भी पहुंच गई थी।

थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि किशोरों के डूबने की खबर के बाद ही वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। शाम तक किशारों का पता नहीं चल सका है। एनडीआरएफ टीम गोरखपुर से बुलाई गई है। उसे आने में समय लगेगा। उनके आने के बाद आगे का सर्च आपरेशन चलाया जाएगा।

## किशोरों की सलामती के लिए हो रही दुआ

एक ही नाम के डूबे दो दोस्तों के परिवार के लोग ही नहीं पूरा गांव उनकी सलामती की दुआ कर रहा है। किशोरों के डूबने के बाद उनका पता नहीं चलने से परिजनों के चेहरे पर अनहोनी की आशंका की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं बावजूद इसके वह लोग दुआ कर रहे हैं कि उनका लाल सही सलामत हो।

# तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जोगिया पुलिस ने छेड़खानी आदि मामलों में संलिप्त तीन लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जोगिया पुलिस ने क्षेत्र के पकरडीहा गांव निवासी चन्द्र नारायन उर्फ शिवानंद, शिवनारायन व कपिया गांव निवासी विनोद पर धारा 3(3) गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्रवाई की है।

# रेप का एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर थाना की पुलिस ने रेप के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस अपहृता को भी बरामद कर लिया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सुनील पुत्र चतुर्भुजी शर्मा निवासी डोहरिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर हाल पता दास गार्डेन बसरोला बिहार गली नंबर-12 मकान नंबर अ-29 थाना ननौला पश्चिम दिल्ली के खिलाफ धारा 363,366, 376 व 3/4 पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज था।

## एक नजर

# किशोरी के अपहरण मामले में युवक पर मुकदमा

सोहना : त्रिलोकपुर थानांतर्गत एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण कर लिया गया। पीड़िता की मां के तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी किशोरी मंगलवार की सुबह अचानक गायब हो गई। स्वजन की ओर से काफी खोजबीन की गई, रिश्तेदारों के यहां पता किया गया, पर कुछ पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान ही पता चला कि किशोरी बांसी निवासी बन्ही यादव के साथ डुमरियागंज रोड पर बदलिया के पास दिखाई दी है। ऐसा लगता है कि उसी आरोपित ने किशोरी का अपहरण कर कहीं पर ले जा रहा है। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर चंदन कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क पर खड़े होते हैं वाहन... लगता है जाम

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ से लोटन को जोड़ने वाली सड़क के सोहांस चौराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, इससे लोगों को आवागमन में सबसे अधिक परेशानी होती है। सड़क से सटी दुकान होने और अंधा मोड़ होने से दुर्घटना होने की संभावना अधिक होती है। लगभग एक किमी की लंबाई में फैली सोहास कस्बा की मुख्य सड़क के दोनों तरफ दुकानें सजी हुई है। एसडीएम सदर, डॉ. ललित कुमार मिश्र ने कहा की सोहांस चौराहे पर सड़क पर ही वाहन खड़ा होता है, इसकी जानकारी नहीं है। यदि ऐसा लोग करते है तो अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा, सड़क पर दुकान लगाने वाले खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। संवाद

## धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज

इटवा। स्थानीय थाने के ग्राम सेमरी में व्यवसायी रवि जायसवाल ने स्वयं व आरती देवी की दो फर्मों पर किसानों के लाखों रूपये के गेहूं की खरीदारी कर फरार हो गया। यह खरीदारी अप्रैल मई माह के दौरान की गयी है। पुलिस केस दर्ज करके मामले की छानबीन में जुटी है। इटवा थाने की पुलिस ने कठेला समय माता थाने के ग्राम पचमोहनी निवासी जयसिंह, इटवा थाने के ग्राम सेमरी निवासी धीरेन्द्र सिंह, मदन सिंह, राजेश सिंह,विनय कुमार सिंह सहित एक दर्जन से ऊपर किसानों की संयुक्त तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विश्वास पर किसानों ने दोनों फर्मों के संयुक्त काटे पर गेहूं की तौल कराकर लाखों रुपये का गेहूं बेचा था। जिसका बगैर मूल्य चुकता किये व्यवसायी रवि जायसवाल फरार हो गया। इस संबंध में एसओ संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है । संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

# नकल कराने के आरोपी की जमानत याचिका हाईकोर्ट से मंजूर

■ संतकबीरनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

उ.प्र.पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कथित रूप से नकल कराने वाले युवक की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। उक्त युवक के विरुद्ध खलीलाबाद के गन्ना विकास इंटर कॉलेज में दिनांक 17.2.2024 की प्रथम पाली में उत्तर प्रदेश मुलिस परीक्षा के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र गन्ना विकास इण्टर कालेज खलीलाबाद के कक्ष निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के समय या शिकायत प्राप्त हुई कि शशि कपूर नाम का जो परीक्षार्थी परीक्षा दे रहा है वह फर्जी है। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर में कहा गया है कि जब उक्त परीक्षार्थी परिचय पत्र और प्रवेश पत्र का मिलान किया गया तो दोनों भिन्नता पाई गई। पुलिस द्वारा पूछ पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रशांत कुमार बताया और यह स्वीकार किया कि र लेकर वह शशि कुमार की जगह पेपर दे रहा था। इसके उपरांत केंद्र व्यवस्थापक

**गन्ना विकास इण्टर कालेज खलीलाबाद में पकड़े गए परीक्षार्थी के बाद कुशीनगर के एक युवक को भी किया गया था गिरफ्तार**

गन्ना विकास इंटर कालेज खलीलाबाद संत कबीर नगर के द्वारा तहरीर देकर पुलिस से शिकायत की। इसके उपलक्ष्य में इसके उपरांत अभियुक्तों के बयान से कई सारे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। जिसके क्रम में रितेश कुमार उर्फ भोला निवासी कुशीनगर का निवासी है की भी गिरफ्तारी हुई थी। जिसे पुलिस द्वारा दिनांक 04 अप्रैल 2024 को संतकबीरनगर जेल भेज दिया गया था। उसकी जमानत याचिका उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 27/5/2024 को स्वीकार कर ली गई। याची के अधिवक्ता प्रिंस कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रितेश कुमार उर्फ भोला को पुलिस द्वारा गलत तरीके से फंसाया गया था क्योंकि रितेश का नाम प्रथम सूचना में नहीं था और इसके खिलाफ कोई प्राथमिक साक्ष्य भी प्राप्त नहीं हुआ है। कोई रिकवरी नहीं हुई है। अधिवक्ता प्रिंस कुमार श्रीवास्तव की बहस सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने रितेश कुमार उर्फ भोला की जमानत याचिका स्वीकार कर ली और उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने रितेश कुमार उर्फ भोला की जमानत याचिका को सुनने के बाद पारित किया।

## भूमि के विवाद में हुई मारपीट में महिला समेत दो घायल चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के डुहियाकला गांव में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की सुबह करीब 5 बजे कुछ लोगों ने एक महिला समेत दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में घायल व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायलों को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के डुहियाकला गांव निवासी रामसिंगारे पुत्र सुखराज ने बताया कि गांव निवासी दिलीप पुत्र रामबली के परिवार से जमीन के एक भूखंड को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे विपक्षी दिलीप पुत्र रामबली, विपिन पुत्र दिलीप, कन्हैया पुत्र रमन्त,अन्जनी पत्नी विवेक विवादित जमीन पर पड़े ईंट को ट्रैक्टर से हटाने लगे और विवादित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो उक्त विपक्षी एकजुट होकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। जान बचाकर वह भागने लगा तो उक्त विपक्षी उसे दौड़ाकर पकड़ लिए और मारपीट कर घायल कर दिया। इस बीच गांव निवासी महिला ऊषा पत्नी गोविन्द उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# वन स्टाप सेंटर की कुंडी तोड़ बच्ची फरार

संतकबीरनगर,निसं। मंगलवार की रात्रि जिला अस्पताल में बने वन स्टाप सेंटर से एक 13 वर्षीय नाबालिक बालिका दरवाजा की कुंडी तोड़कर फरार हो गई। सुबह जब उक्त केंद्र पर तैनात कर्मियों ने सेंटर में रह रही बालिकाओं का मिलान किया तो एक बालिका गायब मिली। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही वहां पर तैनात कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। अगल-बगल के सीसीटी कैमरे को खगालना शुरूकर दिया। देर शाम तक उक्त बालिका के खोजबीन में कर्मी लगे रहे, लेकिन वह बरामद नही हो सकी।

- **फरार बालिका को खोजने में जुटी पुलिस**
- **प्रभारी ने अधिकारियों को दी सूचना**

जिला अस्पताल परिसर में निराश्रित महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षा के साथ ही उनके रहने व उपचार करने समेत अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए वन स्टाप सेंटर की स्थापना की गई है। इस केंद्र पर हमेशा महिला पुलिस कर्मी की तैनाती की गई है। इसके साथ ही यहां पर सेंटर मैनेजर, केस वर्कर, स्टाफ नर्स समेत अन्य लोगों की तैनाती की गई है। केंद्र पर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय बालिका 19 मई को धनघटा पुलिस के द्वारा केद्र प्रभारी को सुपुर्द किया गया। 22 को वह सीडब्लूसी में पेश की गई। वहां से उनके परिजनों को उसे सौप दिया गया। लेकिन वह घर जाने के बाद दुबारा घर से भाग गई। उक्त घटना की जानकारी 27 मई को दुबारा बालिका के परिजनों से धनघटा पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने दुबारा उसे बरामद कर वन स्टाप सेंटर में सुपुर्द कर दिया। लेकिन वहां चकमा देकर उक्त बालिका रात्रि में दरवाजा की कुंडी तोड़कर फरार हो गई। केद्र प्रभारी रितिका दूबे ने बताया कि मेरे पास चार नाबालिक बालिका को विभिन्न थानों से सुपुर्द किया गया है।

# मारपीट करने के आरोप में दो नामजद, एक अज्ञात पर केस

**धनघटा (एसएनबी)**। मामूली विवाद में घर में घुसकर व्यवसाई पुत्र को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में धनघटा पुलिस ने घायल व्यवसाई पुत्र की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने दो नामजद समेत एक अज्ञात हमलावर के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल हुए सभी को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में व्यवसाई पुत्र थाना क्षेत्र के बण्डा बाजार निवासी विशाल कुमार पुत्र हजारीलाल ने बताया कि बण्डा बाजार में उसकी इलेक्ट्रिक की दुकान है। मंगलवार को दुकान के गोदाम पर गोरखपुर जिले के गीडा थानान्तर्गत सरया गांव निवासी ड्राइवर नशीम माल उतार रहा था इसी बीच तीन बाइक सवार युवक पहुंचे और बाइक को माल वाहन में ठोंक दिया जिस पर ड्राइवर ने एतराज किया तो उसे मारपीट कर बाइक सवार युवकों ने घायल कर दिया। इस बीच उसकी मां ने ड्राइवर को मारने का विरोध किया तो बाइक सवार युवक चाकू दिखाकर मां को जान से मारने की धमकी देने लगे और जब वह मौके पर पहुंचा तो उक्त लोग उसे भी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। कुछ देर बाद उक्त सभी राड,चाकू इत्यादि लेकर आए और उसके चचेरे भाई प्रियम कसौधन को दुकान के अन्दर से खींचकर लाठी,राड और लात-मूके से मार कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। घटना में उसके चचेरे भाई प्रियम कसौधन और ड्राइवर नशीम को चोटे आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसा कला गांव निवासी हमलावर राहुल पुत्र पराग तथा रत्नेश पुत्र रामकरन समेत एक अन्य अज्ञात हमलावर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 452, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# भूमि के विवाद में हुई मारपीट में महिला समेत दो घायल चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के डुहियाकला गांव में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की सुबह करीब 5 बजे कुछ लोगों ने एक महिला समेत दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में घायल व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायलों को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के डुहियाकला गांव निवासी रामसिंगारे पुत्र सुखराज ने बताया कि गांव निवासी दिलीप पुत्र रामबली के परिवार से जमीन के एक भूखंड को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे विपक्षी दिलीप पुत्र रामबली, बिपिन पुत्र दिलीप, कन्हैया पुत्र रमन्त, अन्जनी पत्नी विवेक विवादित जमीन पर पड़े ईंट को ट्रैक्टर से हटाने लगे और विवादित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो उक्त विपक्षी एकजुट होकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। जान बचाकर वह भागने लगा तो उक्त विपक्षी उसे दौड़ाकर पकड़ लिए और मारपीट कर घायल कर दिया। इस बीच गांव निवासी महिला ऊषा पत्नी गोविन्द उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# मतगणना में नहीं ले जा सकेंगे आग्नेयाशस्त्र, मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक गैजेट्स : रिटर्निंग ऑफिसर



बैठक को संबोधित करते रिटर्निंग आफिसर महेन्द्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता व

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कलेक्ट्रेट सभागार में रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना आगामी 04 जून 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रत्याशी/उनके प्रतिनिधियों के साथ मतगणना कार्यों के संबंध में की जाने वाली तैयारियों से संबंधित एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने आदि से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों खलीलाबाद, मेंहदावल एवं धनघटा (अ0जा0) में सम्पन्न मतदान की मतगणना निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 04 जून 2024 (दिन मंगलवार) को जनपद के हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में चयनित विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग कक्षों में प्रातः 8:00 बजे से प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ईवीएम की मतगणना हेतु 14 टेबल निर्धारित की गई है जिन पर मतगणना करायी जाएगी। उन्होंने समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया कि अपने मतगणना एजेण्ट बनाने हेतु फार्म-18 पर आवेदन कर दें जिससे मतगणना से 03 दिन पहले प्राप्त आवेदन पर मतगणना एजेण्ट बना दिये जाय। नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना दिवस पर मतगणना हेतु निर्धारित समय प्रातः 05 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जिससे उनकी उपस्थित में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन/पेन्सिल, सादा कागज, नोटपैड एवं 17ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी, अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा कोई भी अभ्यर्थी, गणना अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन, इलेक्ट्रनिक गैजेट अथवा पानी की बोतल आदि लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जाएगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकला जाएगा, संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही आदर्श आचार संहिता एवं धारा-144 द.प्र.सं. निषेधाज्ञा प्रभावी है। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा, मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं से सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया के दौरान सहायोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए विभिन्न बिन्दुओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि समस्त प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया में अबतक सहयोग बनाये रखने पर धन्यवाद देते हुए मतगणना कार्य में भी शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील किया तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचनन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं कैमरे की निगरानी में कराये जाने की व्यवस्था बनायी गयी है।

**कहा, मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा नहीं निकाला जाएगा विजय जुलूस**

**मतगणना केन्द्र से 200 मीटर परिधि के अन्दर उम्मीदवार, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता, मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कार्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश रहेगा वर्जित**

# प्राणघातक हमले के आरोप में पांच पर केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के गौवापार गांव में दलित की शादी की बारात में घुस कर महिलाओं के साथ अभद्रता करने का विरोध करने पर दूल्हे के 7 परिजनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने बुधवार को पांच हमलावरों के विरूद्ध प्राणघातक हमला करने के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है जहां कुछ घायलों की गंभीर हालत देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गौवापार गांव निवासी दलित संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को उसके परिवार में प्रदीप पुत्र नन्दलाल की शादी थी। मंगलवार की देर शाम परिवार और गांव की महिलाएं दूल्हे को साथ लेकर नाचते-गाते बारात विदा कर रही थी। उसी दौरान गांव निवासी दूसरे समुदाय के मनबढ युवक गनी पुत्र अज्ञात, फिरोज पुत्र अज्ञात, जावेद पुत्र अज्ञात, शाहबान पुत्र रहमान तथा अफरोज पुत्र गनी आदि बारात में घुस गए और महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे। इस बीच दूल्हे के परिवार के छोटेलाल ने जब मनबढों के उक्त कृत्य का विरोध किया तो वह हमलावर हो गए और लाठी-डंडा तथा धारदार हथियार लेकर हमला बोल दिया और उसे तथा दूल्हे के चाचा छोटेलाल समेत शिवशंकर पुत्र विश्राम, शिवम पुत्र राधेश्याम, बृजेश पुत्र पारस, कुलदीप पुत्र छोटेलाल तथा अमित पुत्र छोटेलाल को मारपीट कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर गनी, फिरोज, जावेद, शाहबान, अफरोज के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 308, 323, 504, 506 तथा 3 (1) (द) व 3 (1) ध एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# एसबीआई नाथनगर में हुई आगजनी से मचा हड़कंप

**नाथनगर (एसएनबी)।** भारतीय स्टेट बैंक नाथनगर शाखा में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। आगजनी की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी आग पर काबू पाने में पूरा सहयोग किया। विदित हो कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे एसबीआई नाथनगर से चिनगारी और धुंआ निकलते देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते बैंक के सामने लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आगजनी की सूचना तत्काल बैंककर्मियों को दी गई। बैंक के शाखा प्रबंधक जहां गोरखपुर रात निवास करते हैं तो वहीं बैंक के कैसियर खलीलाबाद में रात निवास करते है इस लिए आगजनी की सूचना देने के बाद शाखा प्रबंधक ने प्राइवेट स्थानीय निवासी एक बैंककर्मी को मौके पर भेजा तब जाकर बैंक के मुख्य गेट का ताला खुल सका। ताला खुलते ही ग्रामीणों ने जहां तत्काल विद्युत सप्लाई वाधित करने के लिए एसडीओ विद्युत को फोन किया और विद्युत सप्लाई वाधित होते ही लोगों ने बैंक के भीतर पहुंचकर आग को काबू में किया। स्थानीय लोगों की सक्रियता के चलते बैंक में जरूरी अभिलेख सुरक्षित बच गए कोई खास नुकसान नहीं हुआ।

# बस की चपेट में आने से वृद्धा घायल, हायर सेंटर भेजा

बखिरा, हिसं। बुधवार की सुबह हरदी गांव के निकट खलीलाबाद से आ रहा एक ई-रिक्शा बखिरा की ओर से आ रहे एक बस की चपेट में आ गया। ई-रिक्शा में सवार एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने ई रिक्शा को कब्जे में ले लिया है।

चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि ई-रिक्शा सब्जी लादकर बखिरा आ रहा था। इसी दौरान ई-रिक्शा में बखिरा आ रही एक बुजुर्ग महिला भी सवार हो गई। सुबह साढ़े सात बजे खलीलाबाद- बखिरा मुख्य मार्ग पर हरदी गांव के निकट बखिरा की ओर से आ रहे एक बस ने ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद बस चालक बस समेत फरार हो गया। इस हादसे में ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर वह घटनास्थल पर पहुंच गए। ई-रिक्शा में सवार बुजुर्ग महिला केसरा देवी 65 वर्ष पत्नी छांगुर निवासी कोपिया को एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा। स्थिति गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय से गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। घटनास्थल से ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया गया है।

## घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़, केस दर्ज कराया

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र के ककरहा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात पर घर में घुसकर मारपीट, बलवा, धमकी और तोड़फोड़ के आरोप में केस दर्ज किया है। ककरहा गांव निवासी चंद्रहास ने तहरीर में बताया कि 27 मई को रात आठ बजे पुरानी रंजिश में विपक्षी विजबेंद्र, सोनी पांडेय, निर्मला और तीन अज्ञात लोग घर आए।

गाली देते हुए घर के सामने खडे चार पहिया वाहन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए। उस दौरान वह घर पर नहीं थे।

विपक्षी खिड़की तोड़कर घर में घुसकर पत्नी, बेटी और मां व पिता को मारने-पीटने के साथ घर के अंदर का सामान तोड़ने लगे। वह डीजल लेकर घर पर पहुंचे।

जब तक कुछ समझ पाते तब तक विपक्षी उनके ऊपर टूट पड़े। उनके साथ मारपीट करते हुए जानमाल की धमकी दी। संवाद

# पांच लोगों पर दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट

धनघटा। गौवापर में बारात विदाई में गैर समुदाय के लोगों ने दलित की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने के साथ-साथ मारपीट मंगलवार की शाम को किया था। इस घटना में तीन लोगों को चोटे आई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस में मामले को शांत कराया। तहरीर के आधार पर गैर समुदाय के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहरीर में संजय कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी गौवापार का आरोप है उनके घर पर शादी थी। बारात विदाई के दौरान गांव के गनी, फिरोज, जावेद ,शाहबाज, अफरोज आदि लोगों ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करना शुरू कर दिया। जब मना किया गया तो गाली देते हुए लाठी डंडा लेकर मारपीट किए। घटना में छोटेलाल, बेलास और अमित कुमार को चोटें आई।

# एजेंट पांच बजे तक पहुंच जाएं मतगणना स्थल

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। मतगणना को लेकर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बुधवार को लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक किया। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें सभी को मतगणना कार्यों के संबंध में की जाने वाली तैयारियों से संबंधित एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने आदि से सम्बंधित जरूरी निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों खलीलाबाद, मेंहदावल एवं धनघटा में सम्पन्न मतदान की



कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीएम।

मतगणना चार जून को हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में होगी। मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारम्भ होगी। इसके लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हाल में ईवीएम की मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित किए गए हैं। सभी प्रत्याशी अपने मतगणना एजेण्ट बनाने के लिए फार्म-18 पर आवेदन कर दें, जिससे मतगणना से तीन दिन पहले प्राप्त आवेदन पर मतगणना एजेण्ट बना दिए जाएं। नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना के दिन प्रातः पांच बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। उनकी उपस्थित में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन, पेन्सिल, सादा कागज, नोटपैड एवं 17 ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी। अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### विजयी प्रत्याशी नहीं निकाल सकेंगे जुलूस

डीएम ने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकला जाएगा। संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही आदर्श आचार संहिता एवं धारा-144 प्रभावी है। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा, मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# प्रेमिका से तकरार के बाद फंदा लगा दी जान

**सुसाइड**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के लोनिया गांव के रहने वाले युवक ने मंगलवार रात फोन पर प्रेमिका से हुई तकरार के बाद कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बुधवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के लोनिया गांव के छोटका टोला निवासी रिश्ते में चाचा मनोज कुमार, सुरेंद्र, प्रदीप, बलजीत आदि ने बताया कि 22 वर्षीय बजरंगी उर्फ राहुल पुत्र स्वर्गीय रामदवन इंटरमीडिएट में पढ़ता था। दो -तीन वर्षों से बजरंगी की दूर के रिश्तेदार की एक युवती से चक्कर चला और दोनों में प्यार हो गया। दोनों मोबाइल पर अक्सर बातचीत करते थे। मंगलवार की रात करीब नौ बजे राहुल और युवती फोन पर बातचीत कर रहे थे। उसी बीच उसका छोटा भाई और बहनें छत पर चली गई।

युवती से बातचीत के दौरान राहुल की कहासुनी हुई। फोन पर बातचीत के दौरान तकरार बढ़ने से राहुल डिप्रेशन की वजह से कमरे में छत के कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटक गया। जब उसके भाई- बहन नीचे आए तो राहुल को फंदे से लटकता देख कर रोने- चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आस-पास के लोग जुट गए। परिजन ग्रामीणों की मदद से आनन- फानन में राहुल को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल संतकबीरनगर ले गए, जहां डॉक्टरों ने बजरंगी को मृत घोषित कर दिया। कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज दुर्विजय सिंह ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया। पोस्टमार्टम हाऊस आए लोग यहीं बता रहे थे कि बजरंगी उर्फ राहुल ने प्रेमिका से फोन पर बातचीत के बाद फंदे से लटक कर आत्म हत्या कर ली। घटना से परिजन गमगीन थे।



बजरंगी (फाइल फोटो)।

- सहजनवा के लोनिया गांव का रहने वाला था बजरंगी
- छत पर थे भाई -बहन, अंदर कमरे में युवक ने दे दी जान

### होनहार बेटे की मौत से बेसुध हैं परिजन

गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के लोनिया गांव निवासी बजरंगी उर्फ राहुल के पिता स्वर्गीय रामदवन रेलवे में नौकरी करते थे। पति की मौत के बाद आश्रित कोटे में पत्नी मुनक्का देवी रेलवे में चतुर्थ श्रेणी पद पर गोरखपुर में नौकरी करती हैं। राहुल दो भाई और दो बहनों में बड़ा था। बहन 19 वर्षीय संध्या, 14 वर्षीय सरिता और आठ वर्ष का भाई कृष्णा है। पोस्टमार्टम हाऊस आए लोग यहीं कह रहे थे कि राहुल होनहार था। बड़ा बेटा होने की वजह से परिवार का दुलारा था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थी, लेकिन राहुल के जरिए आत्मघाती कदम उठा लेने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना से नात-रिश्तेदार और ग्रामीण सभी गमगीन थे। हर कोई यहीं कह रहा था कि राहुल को आत्मघाती कदम नहीं उठाना चाहिए था। उसे अपने मन की बात परिवार को बतानी चाहिए थी। घटना से मां और भाई- बहनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

# चोरी में 3 को जेल

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने पशु चोरी के मामले में पकड़े गए तीनों आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। एसओ रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि टेढ़या गांव के सीवान से पशुओं की चोरी मामले में मुकेश पुरोहित निवासी सुकरौली थाना दुधारा, अफरोज और रफीक निवासी बंजरिया थाना बखिरा गिरफ्तार किए गए थे।

# पशु चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, जेल

मेंहदावल : मेंहदावल पुलिस ने पशु चोरी के मामले में बुधवार को दुधारा थाना के सुकरौली गांव निवासी मुकेश पुरोहित, बखिरा थाना के बंजरिया निवासी अफरोज व यहीं के रफीक को टेढ़वा सिवान के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके खिलाफ थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था। (जासं)

# 45 वाहनों से वसूले 54 हजार रुपये समन शुल्क

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को बैंक व अस्पताल परिसर तथा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 45 वाहनों से 54 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे वाहन चालकों में देर शाम तक खलबली मची रही। (जासं)

# जिला अस्पताल में बने वन स्टाप सेंटर से किशोरी फरार

**जासं, संतकबीर नगर:** जिला अस्पताल परिसर में बने वन स्टाप सेंटर से मंगलवार की देर रात किशोरी दरवाजा खोलकर फरार हो गई। जबकि महिला आरक्षी यहां पर तैनात थी। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है लेकिन बुधवार को शाम तक उसका पता नहीं चल पाया है।

धनघटा थाना क्षेत्र के एक बाजार की निवासी 13 वर्षीय किशोरी 10 दिन पूर्व घर से गायब हो गई थी। स्वजन ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस किशोरी को बरामद करके सोमवार को जिला अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर में दाखिल करवा दिया था। मंगलवार की रात करीब आठ बजे किशोरी यहां से दरवाजा खोलकर फरार हो गई। दरवाजे के पास ही तैनात महिला आरक्षी को इसकी भनक नहीं लगी। स्टाफ कर्मी दरवाजा खुला देखकर किशोरी की तलाश करने लगे लेकिन उसका पता नही चला। इन्होंने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन विभाग के अधिकारी को दी। विभागीय कर्मचारी और पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।



जिला अस्पताल में स्थित वन स्टाप सेंटर ● जागरण

**महिला आरक्षी की तैनाती के बाद भी मंगलवार की रात दरवाजा खोलकर हो गई फरार, पुलिस उसकी तलाश में जुटी**

बुधवार को देर शाम तक उसका पता नहीं चला। जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि यह सूचना मिली है। चूंकि सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस किशोरी की बरामदगी करेगी।

# जागा प्रशासन व पुलिस विभाग, सांकेतिक बोर्ड लगना आरंभ

**जागरण प्रभाव**

जासं, सेमरियावां: दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर का अच्छा असर हुआ है। बस्ती-मेंहदावल-करमैनी-तमकुहीराज (बीएमसीटी) मार्ग को लेकर प्रशासनिक व पुलिस विभाग जाग उठा है। सांकेतिक बोर्ड लगवाने का काम शुरू हो गया है। क्षेत्र के लोग बढ़ते सड़क हादसे को लेकर प्रमुख कस्बों व मोड़ पर सांकेतिक बोर्ड लगाने की मांग कर रहे थे लेकिन इस पर कोई पहल नहीं हो रही थी।

दैनिक जागरण में गत 28 मई को 'बीएमसीटी मार्ग पर कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकर व सांकेतिक चिह्न नहीं' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई




बीएमसीटी मार्ग पर खटियावां में सांकेतिक बोर्ड लगवाते यातायत प्रभारी परमहंस• जागरण

थी। इसमें बीएमसीटी मार्ग में पड़ने वाले चौराहों, कस्बों, मोड़ पर स्पीड ब्रेकर व सांकेतिक बोर्ड न होने से अक्सर होने वाले सड़क हादसे का उल्लेख किया था।

लोगों की जुबानी प्रशासनिक व पुलिस विभाग की उदासीनता को बयां किया था। इस खबर के प्रकाशित होते ही विभाग के अधिकारी जागे।

- 28 मई को जागरण में सांकेतिक बोर्ड न होने की समस्या छापा था
- लोगों की जुबानी प्रशासन व पुलिस की उदासीनता को बयां किया था

**वीएमसीटी मार्ग पर कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकर व सांकेतिक चिह्न नहीं**

[illegible]

जागरण में प्रकाशित खबर।

यातायात प्रभारी परमहंस व उनकी टीम के लोगों ने मंगलवार को खटियावां, लोहरौली में सांकेतिक बोर्ड लगवाने का कार्य आरंभ कर दिया। इस पर कोहरियावां के जहीर अहमद, उसरा शहीद के इरशाद अहमद ने दैनिक जागरण की पहल की प्रशंसा की।

इन लोगों ने कहा कि यह अखबार सदैव आम जनमानस की समस्याओं को उठाता रहा है। उनकी समस्याओं को दूर करने में सहयोग करता रहा है।

# 54 हजार रुपये जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 54 हजार रुपये जुर्माना वसूला। इस दौरान यातायात नियम के उल्लंघन करने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए 45 वाहनों चालकों पर कार्रवाई की। संवाद

# 1437 बूथों की ईवीएम की गणना में लगेंगे 228 कर्मी

## मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित, डीएम ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सभी प्रभारी व नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मतगणना में चक्रवार गिनती को लेकर चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि 1437 बूथों की ईवीएम की गणना में 228 कर्मी लगेंगे।

डीएम ने कहा कि जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा की मतगणना निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चार जून को एचआरपीजी कॉलेज में होगी। विधानसभा के क्षेत्रवार अलग-अलग कक्षों में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित किए गए है, जिन पर मतगणना कराई जाएगी।

डीएम ने बताया कि चार जून को मेंहदावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 493, खलीलाबाद क्षेत्र के 508 व धनघटा विधानसभा क्षेत्र के 436 यानि कुल 1437 बूथों के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में पड़े मतों व डाक मत पत्रों से डाले गए वोट की गणना की जाएगी। ईवीएम के लिए 228 व डाक मत पत्र की गिनती के लिए 48 कर्मी लगाए गए हैं।

डीएम ने बताया कि एक विधानसभा के ईवीएम के मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कार्मिक की ड्यूटी लगेगी। इसमें एक गणना पर्यवेक्षक, दो मतगणना सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी शामिल हैं। मतगणना के लिए कुल 14 पार्टी यानी कुल 56 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी।

मतों की गिनती के दौरान किसी कार्मिक की तबीयत खराब होने या अन्य कारणों की दशा में कोई बाधा न आए इसके लिए तीन पार्टी रिजर्व में रहेंगी।

एआरओ टेबल के लिए दो पार्टी यानी आठ मतगणना कार्मिक रहेंगे। इस प्रकार एक विधानसभा के लिए कुल 76 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी।

इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम के लिए 228 व डाक मतपत्र की गिनती के लिए 48 यानी कुल 276 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, एएसपी शशि शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।



कलक्ट्रेट सभागार में मतगणना की तैयारी बैठक को संबोधित करते डीएम। संवाद

## 'कार्मिकों के मानदेय भुगतान में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं'

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के मानदेय भुगतान में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक मानदेय का भुगतान किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकरण का परीक्षण कर पारदर्शी भुगतान की कार्रवाई करें अन्यथा विवश होकर भुगतान से वंचित कार्मिकों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। ये बातें माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कही।

कहा कि ड्यूटी में तैनात प्रति पीठासीन अधिकारी को 1700, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी को 1300 रुपये का भुगतान कोषागार के माध्यम से किया जाना है लेकिन अधिकांश ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के अनुसार खाते में अभी तक ड्यूटी की धनराशि नहीं आई है। जिन कार्मिकों के खाते में आई है उनको निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत कम मानदेय का भुगतान किया गया है।

पूर्व में यह धनराशि चुनाव के दिन ही नकद कर दिया जाता था। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार सौ से अधिक कार्मिकों का बैंक खाता व आईएफएससी कोड त्रुटिपूर्ण फीड हो गया है।

जिसके कारण उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। ठीक करने के कार्मिकों के संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है। संवाद

## मतगणना एजेंट बनाने के लिए प्रत्याशी करें आवेदन

संतकबीरनगर। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मतगणना को लेकर प्रत्याशी और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। डीएम ने कहा कि प्रत्याशी मतगणना एजेंट बनाने के लिए फार्म-18 पर आवेदन कर दें, जिससे मतगणना से तीन दिन पहले प्राप्त आवेदन पर एजेंट बना दिए जाएं। नियुक्त किए गए अभिकर्ता मतगणना दिवस पर मतगणना के लिए निर्धारित समय सुबह पांच बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जाएं, जिससे उनकी उपस्थित में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन, पेन्सिल, सादा कागज, नोटपैड ले जाने की अनुमति होगी। अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जाएगा। मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। एसपी सत्यजीत गुप्ता, एडीएम जय प्रकाश, एएसपी शशिशेखर सिंह, बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ, भाजपा प्रत्याशी प्रतिनिधि कमलेश, सपा प्रत्याशी प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, पूर्व प्रदेश सचिव सपा रामदरश यादव समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

## मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आज

संतकबीरनगर। डीएम के निर्देश पर सीडीओ व प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार के नेतृत्व में मतगणना में लगे कार्मिकों को मतगणना प्रशिक्षण के लिए नामित मास्टर ट्रेनर की ओर से प्रशिक्षण हीरालाल इंटर कॉलेज में 30 मई व तीन जून को दिया जाएगा। उपायुक्त श्रम रोजगार व सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. प्रभात द्विवेदी व जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने मास्टर ट्रेनर को ईवीएम से मतगणना की प्रक्रिया, आने वाली समस्या एवं समाधान को विस्तार से बताया जाएगा। संवाद

# मारपीट के मामले में 13 पर केस

**संतकबीरनगर।** धनघटा क्षेत्र के गौवापार गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने पांच नामजद एवं आठ अज्ञात आरोपी के खिलाफ एससीएसटी, बलवा, मारपीट, धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है गौवापार गांव निवासी संजय कुमार ने अपने शिकायत में बताया कि 28 मई को शाम 07:30 बजे उनके पटीदार प्रदीप कुमार की बारात जा रही थी।

उसी दौरान गांव के मनबढ़ गनी, फिरोज, जावेद उर्फ अंजूर, सहवान, अफरोज एवं आठ नाम पता अज्ञात बारात में आकर लड़कियों और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देते हुए लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमलाकर दिया। घटना में चाचा छोटेलाल भारती के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गए। घटना देखकर बीच-बचाव में आए शिवशंकर, शिवम, बृजेश, कुलदीप, अमित को भी काफी मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# गैरइरादतन हत्या में दो आरोपी दबोचे

नवाबगंज। गैर इरादतन हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।

पुलिस ने बताया कि छह मई को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। एक पक्ष के रामदुलारे 60 को गंभीर चोट लगने पर उन्हें लखनऊ ले जाया गया था। जहां पर 19 मई को मौत हो गई थी। पीएम रिपोर्ट के आधार पर गैर इरादतन हत्या की धारा लगी। बुधवार की सुबह आरोपी राजेन्द्र तथा लक्षमन को पुलिस ने नगवा मोड़ के पास गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

मंडलायुक्त की जांच के बाद हुआ मामले में गड़बड़ी का खुलासा,वसीयत के आधार पर हुआ नामांतरण निरस्त

# संपत्ति नामांतरण में फंसीं पालिकाध्यक्ष

**कार्रवाई 1**

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। बिना किसी आधार के सम्पत्ति का नामान्तरण और वैध रूप से पूर्व में अंकित स्वामियों के नाम निरस्त करने में करनैलगंज पालिकाध्यक्ष रामलली मोदनवाल की गर्दन फंस गई है। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश और एसडीएम की जांच में धांधली का खुलासा हुआ है। दोनों अफसरों ने बीते दिनों करनैलगंज पालिका जाकर अभिलेखों की जांच की थी। मंडलायुक्त ने इस मामले में डीएम को विधिक रूप से सुसंगत प्रावधानों में प्रभावी और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश ने बताया कि लखनऊ के विजयखंड गोमतीनगर निवासी पवन कुमार गोयल पुत्र प्रहलाद राय अग्रवाल ने वर्ष 2021 में 22 सितंबर को सम्पत्ति संख्या-143 गांधीनगर करनैलगंज

> करनैलगंज पालिका में नामांतरण प्रकरण की जांच के बाद मामले में नियमानुसार प्रभावी और विधिक कार्रवाई के लिए डीएम को निर्देश दिए गए हैं।
>
> योगेश्वर राम मिश्र, मंडलायुक्त



का बैनामा के आधार पर नामान्तरण का प्रार्थना पत्र पालिका में दिया था। जांच के बाद ईओ ने इस संपत्ति को क्रेतागण पवन कुमार गोयल, दिनेश कुमार गोयल पुत्रगण प्रहलाद राय अग्रवाल तथा महेश चन्द्र गोयल व दिनेश चन्द्र गोयल पुत्रगण गनपतराय अग्रवाल के नाम करने का आदेश पारित किया।

इसके बाद दिनेश कुमार गोयल निवासी गांधीनगर करनैलगंज ने बीते 23 फरवरी को वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न करते हुए पुनर्विचार के लिए प्रार्थनापत्र दिया। इस पर पालिकाध्यक्ष रामलली मोदनवाल ने विधिक प्रक्रिया को ताक पर रखकर पूर्व में बैनामा के आधार पर चारों व्यक्तियों के पक्ष में पारित आदेश को निरस्त करते हुए पूर्व स्थिति बहाल कर दी। साथ ही कर निर्धारण प्रभारी लिपिक को रजिस्टर में यह आदेश दर्ज करने का आदेश पारित किया गया जो विधिसंगत नहीं था। नियमानुसार इस प्रकरण में मूल रजिस्टर्ड वसीयतनामा की कापी प्राप्त करके चारों व्यक्तियों को नोटिस जारी की जानी चाहिए थी।

यही नहीं पालिका कर्मियों से मौके की जांच कराकर ईओ से विधिक रिपोर्ट ली जानी चाहिए थी। इसकी जानकारी होने पर पवन कुमार गोयल ने आयुक्त को प्रार्थनापत्र भेजकर शिकायत की। मामले की जांच के ईओ ने वसीयत के आधार पर नामांतरण निरस्त करे पवन कुमार गोयल व उनके अन्य तीन भाइयों के पक्ष में बैनामा के आधार पर दर्ज नाम को बहाल करने की रिपोर्ट भेजी। इस पर पालिकाध्यक्ष ने भी अपनी संस्तुति दी है।

## टेंडर में मनमानी पर संभागीय खाद्य नियंत्रक पर शिकंजा

**कार्रवाई 2**

गोंडा, प्रमुख संवाददाता। देवीपाटन मंडल में अनाज ढुलाई के टेंडर प्रक्रिया में मनमानी करने में संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद पर भी शिकंजा कस गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए आयुक्त खाद्य और रसद को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने पत्र लिखा है। शासन को भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि संभागीय खाद्य नियंत्रक का कार्य, आचरण और व्यवहार अत्यंत विवादास्पद और कदाशयतापूर्ण रहा है। यही नहीं उनकी सामान्य ख्याति बहुत खराब है। लिहाजा उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की जाती है।

मंडलायुक्त ने बताया कि आजमगढ़ के सिविल लाइंस निवासी परमाल सिंह पुत्र भीमसेन यादव ने शिकायत की थी कि सिंगल स्टेज पर गोंडा, बहराइच और बलरामपुर में विभागीय मिलीभगत से हैंडलिंग और परिवहन का टेंडर किया गया। इस पर उन्होंने मामले की जांच अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपी थी। अपर आयुक्त प्रशासन की जांच में साफ हुआ कि कुल 41 लोगों ने निविदा डाली थी। इनमें 14 लोगों के शपथपत्र ऐसे थे जिन पर किसी अधिकारी का संबोधन नहीं था।

इसलिए इन्हें टेक्निकल बिड खोलने में शामिल नहीं किया। जांच के बाद आयुक्त ने संभागीय खाद्य नियंत्रक को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के शपथपत्र अमान्य कर दिए गए थे उन्हें भी टेक्निकल बिड में शामिल कर लिया जाए। ऐसा न संभव हो तो निविदा प्रक्रिया निरस्त करके इसे नए सिरे से कराया जाए।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतगणना

गोण्डा, संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद अब पुलिस प्रशासन मतगणना कराने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक ने त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे का प्लान तैयार किया है।

एसपी विनीत जायसवाल ने 04 जून की मतगणना को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी लगाने के संबंध में देर रात एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत और पश्चिमी राधे श्याम राय सहित चुनाव सेल के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ मीटिंग की है।

- अर्द्धसैनिक, पीएसी संग तैनात होंगे 1500 पुलिस
- निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतगणना कराने के निर्देश दिए गए

मीटिंग के बाद एसपी ने मतगणना स्थल के सभी ड्यूटी प्वाइंटों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा आइसोलेशन कोर्डन, इनर कोर्डन व आउटर कोर्डन सहित मजबूत बैरिकेटिंग में लगे अधिकारियो और कर्मचारियों को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा। उन्होंने बताया मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय लेयर में होगी। एलआईयू की टीम तैनात रहेगी। वहीं, सादी वर्दी में अराजकतत्वों की निगरानी के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मतगणना कराने के लिए दो अपर पुलिस अधीक्षक, 05 थाना प्रभारी, 28 निरीक्षक, 164 दरोगा, 07 महिला उपनिरीक्षक, अर्द्धसैनिक बल, पीएसी, 1250 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। इसके अलावा मतगणना के दृष्टिगत 03 क्यूआरटी का गठन किया गया है जो दंगा नियन्त्रण उपकरणों से सुसज्जित होंगी।

# जानलेवा हमलावर को सात वर्ष की सजा

गोंडा। अपर जिला जज पूजा सिंह ने जानलेवा हमले के दोषी को सात वर्ष की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह के अनुसार थाना तरबगंज अंतर्गत ग्राम खोजनपुर निवासी राम करन पुत्र काली प्रसाद के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में सीता राम पुत्र बैजनाथ ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

# भूमि विवाद में चार पर मारपीट का केस दर्ज

तरबगंज। क्षेत्र के जमथा निवासी अभिमन्यु तिवारी पुत्र अर्जुन तिवारी ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि भूमि विवाद में 28 मई को गांव के लल्लू पुत्र त्रिजुगी पाण्डेय, पुष्पा पत्नी त्रिजुगी पाण्डेय, दीपा पुत्री त्रिजुगी पाण्डेय व लल्लू की पत्नी ने पीड़ित के सहन दरवाजे पर जाकर लाठी डन्डे से मारे-पीटे है। इससे पीड़ित को चोटे आयी है। दीवार भी तोड़ दी है।

# डीएम ने समय से मतगणना शुरू कराने के दिए निर्देश

सत्ता संग्राम



शहर के एलबीएस में बुधवार को प्रशिक्षण में शामिल मतगणना कार्मिक।

गोंडा, संवाददाता। जिले में बहराइच रोड स्थित इमिलिया गुरुदयाल में कृषि उत्पादन मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों के साथ पोस्टल बैलेट की गिनती चार जून को की जायेगी। एलबीएस पीजी कॉलेज में बुधवार को मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम नेहा शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान निरक्षण कर मतगणना कार्मिकों को समय से मतगणना स्थल पर पहुंच कर मतगणना का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

सीडीओ एम अरुन्मौलि की अध्यक्षता में मतगणना कार्मिकों के साथ आरओ/एआरओ का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि धैर्य पूर्वक अपना काम करें। डीएम ने कहा कि मतगणना चुनाव प्रक्रिया का आखिरी और सर्वाधिक संवेदनशील चरण है। इसलिए सभी कार्मिक मतगणना प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और मतगणना को बेहद सावधानी पूर्वक पूरा कराएं। मतगणना के दौरान प्रत्याशी व एजेंट कभी-कभी दबाव में उत्तेजित हो जाते हैं। इसलिए मतगणना कार्मिक अपना धैर्य बनाए रखें। सभी लोग अपना कार्य करें। किसी के दबाव में ना आएं।

## चुनावी ड्यूटी से गैरहाजिर शिक्षकों को मिले माफी

गोंडा। जिले में हुए लोकसभा चुनाव में लगाए गए मतदान कर्मियों में बिना किसी सूचना के गैरहाजिर रहने वाले लोगों पर जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। इसके लिए 234 कर्मियों की सूची संबंधित विभागाध्यक्षों को भेजी गई है। बुधवार को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीएम से संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी विक्रमा प्रसाद वर्मा को सौंपा है। शिक्षकों ने ज्ञापन में कहा है कि चुनाव में लगाए गए अन्य विभागों के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने भी चुनाव में शत प्रतिशत सहयोग देते हुए मतदान संपन्न कराया है।

# फर्जी वकील समेत दो पर मुकदमा

**जांच**

गोण्डा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व प्रदेश के उच्चाधिकारियों के समक्ष झूठी शिकायत दर्ज करवाना फर्जी अधिवक्ता को महंगा पड़ गया।

मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के आदेश पर जांच में खुलासा होने के बाद लिपिक गोपाल श्रीवास्तव की तहरीर पर आरोपी शुभम सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ दूसरा मुकदमा गलत शिकायतों और अवैध वसूली के दबाव से तंग आकर कृषक इंटर कॉलेज परसपुर के लिपिक ने भी दर्ज करवाया है।

आयुक्त कार्यालय के लिपिक गोपाल श्रीवास्तव की तहरीर के मुताबिक अपने दायित्वों के निर्वहन में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि शुभम सिंह पुत्र श्रवण कुमार सिंह ने खुद को एडवोकेट बताते हुए करीब 20 झूठी शिकायतें आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से दर्ज कराई जो जांच में असत्य पायी गई। राजस्व परिषद के निर्देश पर मंडलायुक्त ने अपर आयुक्त प्रशासन को इसकी जांच सौंपी। जांच में पता चला कि शुभम सिंह ने फर्जी तौर पर खुद को एडवोकेट होने दीवानी परिसर में कार्यरत होना दर्शित करते हुए झूठी शिकायत की। जांच में शुभम सिंह के पास अधिवक्ता के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता न होने की पुष्टि हुई। अवैध लाभ के उद्देश्य से शुभम सिंह ने यह काम किया है। वहीं दूसरा मामला कृषक इंटर कॉलेज छतौनी के लिपिक राज कुमार सिंह पुत्र राम मिलाप सिंह ने दर्ज करवाया है। उनके अनुसार गांव के शुभम सिंह और नवीन कुमार सिंह ने ईर्ष्यावश झूठी एवं निराधार तथ्यों पर फर्जी शिकायती प्रार्थना पत्र अफसरों को देते रहे हैं।

# पति और ससुर को पीटने की शिकायत, मुकदमा दर्ज

रुपईडीह। पुरानी रंजिश को लेकर पति व ससुर को मारने पीटने की शिकायत महरूला ने पुलिस से की । पुलिस ने चार व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटिया मदारा के निवासी अजमेर अली की पत्नी महरुला ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही चांदे ,शकील, वकील व राजा ने पति व ससुर को मारा पीटा व जान से मार डालने देने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू की।

## अपहृत युवती बरामद, आरोपित पकड़ से दूर

परसपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से पच्चीस मई को अगवा की गई अट्ठारह वर्षीय युवती को पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र से बरामद कर लिया है। परिवारीजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने महिला आरक्षी के अभिरक्षा में युवती को मेडिकल और बयान के लिए जिला मुख्यालय के वन स्टाप सेंटर भेजा गया है।

# गलत आदेश करने में फंसीं नपाप अध्यक्ष

## आयुक्त देवीपाटन मंडल ने झूठी शिकायत करने पर कथित अधिवक्ता के खिलाफ कराया मुकदमा

संवादसूत्र, जागरण ● गोंडा : कथित वसीयत के आधार पर बिना विधिक प्रक्रिया का पालन किए भूमि हस्तांतरण का आदेश करने में नगर पालिका परिषद कर्नलगंज की अध्यक्ष फंस गई हैं। वहीं, डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत अनाज परिवहन हैंडलिंग को लेकर ठेका देने में लापरवाही बरतने पर संभागीय खाद्य नियंत्रक के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने कार्यालय में तैनात वैयक्तिक सहायक के खिलाफ झूठी शिकायत करने पर कथित अधिवक्ता के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा कराया है।

### लापरवाही पर उप गन्ना आयुक्त व विवेचक को लगी फटकार

गन्ना विभाग में तैनात कर्मचारी के निधन के बाद आश्रित को नियुक्ति न मिलने पर आयुक्त देवीपाटन मंडल ने उप गन्ना आयुक्त डा. आरबी राम को फटकार लगाई। वहीं, सरकारी फाइल गायब करने के मुकदमे में विवेचक राजेंद्र कनौजिया के आरोपित कर्मचारी के हस्ताक्षर का मिलान न कराने पर आयुक्त ने कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें



योगेश्वर राम मिश्र, आयुक्त देवीपाटन मंडल ● जागरण

### झूठी शिकायत करने पर वरिष्ठ सहायक ने कराया मुकदमा

छतौनी के डेहरास निवासी शुभम सिंह ने बतौर अधिवक्ता दीवानी कचहरी के पते से दस अगस्त 2022 से नौ अप्रैल 2023 के मध्य 20 झूठी शिकायत दर्ज कराई। आइजीआरएस, मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद, उप्र शासन व उच्चाधिकारियों को दी गई शिकायत में आयुक्त देवीपाटन मंडल के वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा के खिलाफ शिकायत की गई थी। जांच में सभी शिकायतें फर्जी पाई गईं। जांच में पाया गया कि शुभम सिंह अधिवक्ता नहीं हैं। अवैध लाभ लेने के उद्देश्य से फर्जी शिकायत की गई है। आयुक्त देवीपाटन मंडल के आदेश पर वरिष्ठ सहायक गोपाल जी श्रीवास्तव ने कथित अधिवक्ता के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा नगर कोतवाली में कराया है। वहीं, कृषक इंटर कालेज छतौनी के लिपिक राजकुमार सिंह ने भी शुभम सिंह व नवीन कुमार सिंह के खिलाफ झूठी शिकायत करने व अवैध वसूली के साथ ही पैसा न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मुकदमा कराया है।

### आरएफसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति

आजमगढ़ के सिविल लाइन निवासी परमाल सिंह ने डोर स्टेप डिलीवरी के तहत कोटे की दुकान तक राशन पहुंचाने के लिए परिवहन हैंडलिंग की निविदा में गड़बड़ी की शिकायत की थी। प्रकरण की जांच अपर आयुक्त से कराई गई। जांच में पाया गया कि देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में परिवहन हैंडलिंग के लिए 41 निविदा आई, जिसमें से 14 निविदाओं के शपथ पत्र में किसी अधिकारी के नाम संबोधन नहीं था। निविदाओं को तकनीकी निविदा खोलने में शामिल नहीं किया गया। जांच में संभागीय खाद्य नियंत्रक देवीपाटन मंडल सरयू प्रसाद दोषी पाए गए। आयुक्त ने संभागीय खाद्य नियंत्रक का आचरण एवं व्यवहार अत्यंत खराब व विवादित मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, अमान्य शपथ पत्रों को तकनीकी निविदा में शामिल करने या निविदा निरस्त कर नए सिरे से आमंत्रित करने की संस्तुति आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग से की है।

### नियमों की अनदेखी कर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कर्नलगंज ने किया आदेश

विजय खंड गोमतीनगर निवासी पवन कुमार गोयल ने 22 अक्टूबर 2021 को बैनामा के आधार पर नामांतरण आदेश कराने के लिए नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में प्रार्थना पत्र दिया था। ईओ ने परीक्षण के बाद क्रेता पवन कुमार गोयल, दिनेश कुमार गोयल, महेश चंद्र गोयल व दिनेश चंद्र गोयल के नाम 15 मार्च को नामांतरण आदेश जारी किया था। दिनेश कुमार गोयल ने 23 फरवरी 2024 को वसीयतनामा के आधार पर वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न करते हुए पुनर्विचार करने का प्रार्थना पत्र दिया। जिसपर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्नलगंज ने बिना विधिक प्रक्रिया का पालन किए और ईओ की बिना विधिक रिपोर्ट प्राप्त किए 23 मार्च को पूर्व बैनामा के आधार पर दर्ज चारों व्यक्तियों को बिना नोटिस दिए उनका नाम निरस्त कर दिया गया, जो विधि संगत नहीं था। उक्त आदेश की जानकारी होने पर पवन कुमार गोयल ने आयुक्त से शिकायत की। जांच में ईओ ने कथित वसीयतनामा के आदेश को विधि सम्मति न मिलने की रिपोर्ट दी थी, जिसपर चार मई को अनुमोदन किया गया। अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल राम प्रकाश व एसडीएम कर्नलगंज भारत भार्गव की संयुक्त जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई।

# 'मतगणना के समय धैर्य जरूरी, रखें ध्यान'




एलवीएस डिग्री कालेज में मतगणना कार्मिकों को जानकारी देते जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी, उपस्थित जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव और एलवीएस डिग्री कालेज में प्रशिक्षण में मौजूद मतगणना कार्मिक ● जागरण

संसू, जागरण ● गोंडा : मतगणना के दौरान प्रत्याशी व उनके एजेंट कभी-कभी दवाव में उत्तेजित हो जाते हैं, इसलिए मतगणना कार्मिक अपना धैर्य बनाए रखें। सभी लोग अपना कार्य करें। किसी के दवाव में न आएं। यदि किसी मतगणना कार्मिक को कोई दिक्कत हो तो तत्काल संबंधित एआरओ को जानकारी दें। मतगणना में विलंब न होने पाए, इसका सभी कार्मिक विशेष ध्यान रखें। यह हिदायत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने एलवीएस डिग्री कालेज में प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कार्मिकों को दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चुनाव की मतगणना चार जून को मतगणना स्थल नवीन गल्ला मंडी बहराइच रोड गोंडा में की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना पूरी चुनाव प्रक्रिया का आखिरी और सर्वाधिक संवेदनशील चरण है, इसलिए सभी कार्मिक मतगणना प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और मतगणना को बेहद सावधानी पूर्वक पूरा कराएं। मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली की देखरेख में मतगणना कार्मिकों, आरओ व एआरओ का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि तिवारी ने मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बाबूराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## चुनाव ड्यूटी न करने वाले 139 अध्यापकों-कर्मियों पर मुकदमा कराने का आदेश

संसू, जागरण ● गोंडा : लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से गैर हाजिर रहने वाले 139 अध्यापकों, शिक्षामित्रों के खिलाफ मुकदमा कराने का आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। बीएसए प्रेमचंद यादव ने खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि चुनाव ड्यूटी में गैर हाजिर रहने वाले अध्यापक, शिक्षा मित्र व विभाग के अन्य कर्मियों के खिलाफ मुकदमा कराने के निर्देश दिए हैं। बीएसए ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के 13, छपिया के सात, परसपुर के 15, कर्नलगंज के 13, इटियाथोक के दो, बेलसर के छह, झंझरी के 17, नवाबगंज के 12, वजीरगंज के 10, कटरा बाजार में के पांच, मुजेहना के छह, तरबगंज के 15, बभनजोत के तीन, नगर क्षेत्र के दो, पंडरी कृपाल के पांच, रुपईडीह के दो व हलधरमऊ के छह अध्यापकों सहित अन्य कर्मियों पर मुकदमा किया जाना है। बीएसए ने कहा कि मुकदमा लिखाने के बाद रिपोर्ट मांगी है।

# राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि वरासत निरस्त करने के आदेश

संसू, जागरण • गोंडा : नियम विरुद्ध वरासत करने के मामले में राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को वरासत आदेश निरस्त करने के साथ ही 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है।

सदर तहसील के चिश्तीपुर निवासी अरमान ने 24 मई को जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। अरमान के मुताबिक उसके पिता नसीर की मृत्य के बाद अरमान और उसके भाई इरफान के नाम जून 2022 में वरासत दर्ज हुई थी। वरासत दर्ज होने के बावजूद राजस्व निरीक्षक/लेखपाल ने साजिश कर वरासत के लिए दूसरा अभिलेख तैयार कर लिया। जबकि, उपरोक्त प्रकरण में एक वाद पहले ही न्यायालय नायब तहसीलदार गोंडा के समक्ष विचाराधीन है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मामले की जांच एसडीएम सदर को सौंपी थी। एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी की जांच में शिकायत सही पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने आदेश दिए हैं। संबंधित राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रवष्टि जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

## भुगतान न होने पर कर्मचारी महासंघ ने दी धरने की चेतावनी

संसू, जागरण • गोंडा : सेवानिवृत्त कर्मचारियों पावनाओं का भुगतान न करने पर स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ ने नगर पालिका परिषद गोंडा के प्रशासक को धरने की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष पिंटू भारती ने बताया कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्त की तिथि पर पावनाओं का भुगतान करने के निर्देश हैं। 31 मार्च को सफाईनायक सुकई, सफाई कर्मचारी दिलीप व तारा सेवानिवृत्त हो रही हैं। यदि संबंधित कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी पांच जून को नगर पालिका परिषद गोंडा के कार्यालय में शांतिपूर्ण धरना देंगे।

# टीम ने पेयजल प्लांट में की छापेमारी

संसू, जागरण • गोंडा : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गणेश नगर कटहा घाट रोड स्थित पेयजल पैकेजिंग प्लांट मेसर्स स्वामीनाथ मिनरल प्राइवेट लिमिटेड पर छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि प्लांट की जांच की गई। गुणवत्ता मानक के अनुसार न होने के संदेह पर अलग-अलग ब्रांड के तीन पैकेट पानी का नमूना लिया गया। बिना लाइसेंस के पानी की पैकेजिंग व विक्रय करने को बंद कराया गया। मशीन व चार हजार 540 लीटर पैकेट में बंद पानी को सीज किया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा, जय प्रकाश, संतोष कुमार, मनीष मल्ल व युगुल किशोर शामिल रहे।

# 29 दिन में 50 सड़क दुर्घटनाएं, 19 की गई जान

अजय पांडेय • जागरण

गोंडा : जिले में बड़ी संख्या में लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पुलिस, यातायात पुलिस व आरटीओ महकमे की उदासीनता कहें या फिर लोगों में जागरूकता का अभाव। कारण कुछ भी हो, लेकिन मई माह के 29 दिनों के आंकड़े पर गौर करें तो जिले में 50 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 19 लोग जान गवां चुके हैं। खून से सड़क लाल हो रही है। बावजूद इसके नियमों को धता बताकर फर्राटा भरने वालों पर नकेल नहीं है। जानकार बताते हैं कि सर्वाधिक मौतें हेलमेट न लगाने व भारी वाहनों की ठोकर से हुई है।

**सड़क दुर्घटना में इनकी गई जान :** हाल में हुई सड़क दुर्घटनाओं में बालकराम पुरवा के सलमान सिद्दीकी, सोनौली मुहम्मदपुर के हरिगोविंद सिंह, गौरा सिंहनापुर की परी, विशवां गनेश के रंजीत, वजीरगंज के नगवा निवासी मातादीन, श्लोक, रानी, कटराबाजार के तुर्का नकहा की खुशबू, उसरैना के हरिशंकर, हरैया रायपुर गांव की पूजा, छपिया के मवई गांव के अमीर खान, नवाबगंज के खानपुर निवासी अभय सिंह, आदर्श सिंह, तुलसीपुर माझा के सूरज सिंह, मसकनवा के कपिल देव वर्मा, लौव्वा टेपरा के यमुना प्रसाद पांडेय, तरबगंज के बाबूरामपुरवा निवासी प्रहलाद, निंदूरा निवासी रेहान खान व शहजाद खान की मौत हो चुकी है।

**यहां चिह्नित है ब्लैक स्पाट :** जिले के 14 ब्लैक स्पाट चिह्नित हैं, इनमें परसापुर पेट्रोल पंप, नगवा मोड़, दर्जीकुआं तिराहा, कोल्ड स्टोर चौराहा, दुर्जनपुर घाट, परागडेरी, हारीपुर, बरगदी मोड़, महादेवा, पंडरीकृपाल, पिपरा चौकी, डुमरियाडीह, अमवा जंगल व छपिया गांव शामिल है। इन स्पाट पर और सावधानी बरतने की जरूरत है।

## ये हैं दुर्घटना की प्रमुख वजहें

- अधिकतर सड़कों के किनारे फुटपाथ का न होना।
- उबड़-खाबड़ व गड्ढा युक्त सड़कें।
- नशे में वाहन चलाने की प्रवृत्ति।
- दो पहिया चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न किया जाना।
- तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई न होना।
- सड़क का ऊपर-नीचे होना।

**• बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के भर रहे फर्राटा, यातायात पुलिस व आरटीओ महकमा असहाय**

## 'वाहन चलाते समय सावधानी बरतें'



यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। नियमों का पालन करके स्वयं व दूसरे की जान बचा सकते हैं। पुलिस को मनमानी फर्राटा भरने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

– विनीत जायसवाल, एसपी

## 'लोगों को किया जाता है जागरूक'



मनमानी फर्राटा भरने वाले चालकों पर जुर्माना लगाया जाता है। सड़क सुरक्षा के तहत कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया जाता है। बाइक ट्रिपलिंग न करें। नशे की हालात में वाहन बिल्कुल न चलाएं।

– शैलेंद्र तिवारी, यात्री कर अधिकारी

# जानलेवा हमले के दोषी को सात साल का कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : थाना तरबगंज के ग्राम खोजनपुर में 26 साल पूर्व हुए जानलेवा हमले के दोषी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम खोजनपुर थाना तरबगंज निवासी राम करन को



सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषित को दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं इसी घटना में एक अन्य आरोपित की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में लंबित है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि थाना तरबगंज के ग्राम खोजनपुर निवासी सीताशरण 25 अप्रैल 1998 को अपने घर के सामने बैठे थे। गांव के राम करन, जनार्दन प्रसाद, ज्वाला प्रसाद व ग्राम बनगांव निवासी शिव मूरत ने सीताशरण पर रिवाल्वर से फायर कर दिया था जिसमें सीताशरण गंभीर घायल हो गए थे। पीड़ित ने दोषित समेत चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा कराया था। पुलिस ने आरोपित शिवमूरत के ही विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय भेजा था, लेकिन पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय ने तीन अन्य आरोपितों को भी तलब किया जबकि आरोपित शिवमूरत ने घटना के वक्त स्वयं को नाबालिग बताते हुए मामला किशोर न्याय बोर्ड स्थानांतरित करा लिया था जिसका विचारण लंबित है। वहीं दो अन्य आरोपितों की मृत्यु हो चुकी है।

## आरोपित की जमानत निरस्त

गोंडा : विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी नासिर अहमद ने ग्राम पूरे सरदार थाना धानेपुर निवासी सोनू का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि थाना धानेपुर के एक गांव में आरोपित ने पांच नवंबर 2023 को शौच के लिए गई एक अनुसूचित जाति की युवती का अपहरण कर लिया था और दुष्कर्म करते हुए मारपीट की थी। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता की मां ने आरोपित के विरुद्ध थाना धानेपुर में मुकदमा किया था।

# झूठी शिकायत करने वाले फर्जी अधिवक्ता पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। 20 झूठी शिकायतें करने वाले फर्जी अधिवक्ता के खिलाफ कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। तहरीर में आयुक्त कार्यालय के शिकायत लिपिक गोपालजी श्रीवास्तव ने कहा कि परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरास निवासी शुभम सिंह ने खुद को दीवानी परिसर का एडवोकेट बताकर 10 अगस्त 2022 से नौ अप्रैल 2023 तक 20 शिकायतें आईजीआरएस, राजस्व परिषद, मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों से की थीं।

सभी शिकायतें जांच में असत्य पाई गईं। 28 जून 2023 को आयुक्त के आदेश पर अपर आयुक्त (प्रशासन) ने जांच की तो पता चला कि शुभम सिंह ने खुद को दीवानी परिसर में कार्यरत अधिवक्ता बताते हुए झूठी शिकायतें की थीं। जांच में न तो उनके पास अधिवक्ता होने का साक्ष्य मिला और न ही बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन में शुभम सिंह के पंजीकरण की पुष्टि हुई। यह भी पता चला कि लोकसेवकों को दबाव में लेकर काम कराने के लिए झूठी शिकायतें की गईं।

## लोकसेवकों पर दबाव बनाने के लिए कीं 20 झूठी शिकायतें

कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# भूमि विवाद में मारपीट 16 पर एफआईआर दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में आठ महिलाओं समेत 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जमथा निवासी अभिमन्यु तिवारी के मुताबिक गांव के लल्लू, उसकी पत्नी, मां और बहन ने मंगलवार शाम दरवाजे पर आकर उन्हें डंडे से पीटा। उनकी दीवार भी ढहा दी। अभिमन्यु की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। रामपुर टेंगरहा निवासी रत्नेश मिश्रा ने बताया कि 25 मई को भूमि विवाद में आरोपियों ने उसे, पति मनोज व सास को पीटा। उन्होंने विपक्षी लल्लू, उसकी मां, सुशील की पत्नी व अशोक की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घांचा बीकापुर निवासी कैलाशनाथ तिवारी ने मंगलवार सुबह भूमि विवाद को लेकर की गई मारपीट में गांव के सुभाष तिवारी, सुभाष की पत्नी नीलम, बेटे शत्रोहन व मां शांती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि विपक्षियों ने उन्हें, बेटे ध्रुव, मंजू से अभद्रता व मारपीट की। दूसरे पक्ष से सुभाष तिवारी ने दीनानाथ, उनके भाई कैलाशनाथ, बेटे दुर्गेश व सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि मारपीट के दौरान उन्हें, पत्नी व मां को चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तीनों मामलों में केस दर्ज किया गया है।

## तरबगंज के तीन गांवों में हुई मारपीट की घटनाएं

## बुलेट व 3.80 लाख रुपये के लिए विवाहिता को पीटा

**कटरा बाजार/दुबहा बाजार।** खरगूपुर में विवाहिता को दहेज में बुलेट और 3.80 लाख रुपये न देने पर पीटने का मामला सामने आया है। भैरमपुर निवासी प्रगति ने बताया कि 10 माह पूर्व उनकी शादी खरगूपुर के मंगलनगर टेड़िया निवासी शिवम पांडेय से हुई थी। शादी के बाद से उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। ससुराल वाले दहेज में बुलेट व 3.80 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उन्हें पीटा और भैरमपुर में नहर के पास छोड़ गए। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि प्रगति की तहरीर पर पति शिवम, ससुर फूलचंद, सास गुड़िया व ननद कोमल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के दोषी को तीन साल की सजा

गोंडा। मनकापुर क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय ने दोषी को तीन वर्ष के कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मनकापुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 अक्तूबर 2018 को सुबह पांच बजे उसकी 14 साल की बेटी घर के बाहर शौच के लिए गई थी। वहां कृष्णकुमार उर्फ सुड्डू, राजू व बिन्नू ने पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी के शोर मचाने पर पहुंचा तो तीनों भाग गए। विवेचना के दौरान अपराध का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी कृष्णकुमार के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

ट्रायल के दौरान अदालत ने साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त कृष्णकुमार को दोषसिद्ध किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-प्रथम) व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) नम्रता अग्रवाल ने कृष्णकुमार को तीन साल के कठोर कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

दुबहा बाजार (गोंडा)। कौड़िया थाना क्षेत्र के की महिला ने बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि कोतवाली देहात क्षेत्र के ठोरहंस लालसिंहपुरवा निवासी रामू ने उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया है। बेटी अपने साथ में 15 हजार नकदी व कुछ जेवर भी ले गई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सुशीला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

नवाबगंज (गोंडा)। गैर इरादतन हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि बीते छह मई को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष के रामदुलारे को गंभीर चोट लगने पर उन्हें लखनऊ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां पर 19 मई की रात में इलाज के दौरान रामदुलारे की इलाज के मौत हो गई थी। जिसके आधार पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ था। बुधवार की सुबह दूसरे पक्ष के आरोपी राजेंद्र व लक्ष्मण को पुलिस ने नगवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार (गोंडा)। दुष्कर्म के आरोपी राजकुमार पांडेय निवासी सुसंडा को बुधवार को पुलिस ने कटरा मार्ग पर सीरपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। विगत 13 अप्रैल को एक गांव निवासी व्यक्ति ने 17 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। (संवाद)

# जानलेवा हमले में दोषी को सात साल की सजा

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जानलेवा हमले के 26 साल पुराने मामले में दोषी को सात साल कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत से

तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खोजनपुर निवासी सीता सरन ने 25 अप्रैल 1998 को थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि वह अपने दरवाजे पर था। इस बीच गांव के जनार्दन प्रसाद, ज्वाला प्रसाद, रामकरन व एक नाबालिग युवक रिवाल्वर लेकर आए और उस पर फायर कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई हैं। विवेचना के दौरान अपराध के पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर अदालत ने आरोपी रामकरन को भी तलब किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मुकदमे के दौरान बाल अपचारी का मामला किशोर न्यायालय भेज दिया गया। ट्रायल के दौरान संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी अभियुक्त रामकरन को दोषी करार दिया। बुधवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम पूजा सिंह ने दोषी रामकरन को सात साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# राष्ट्र के उत्थान में पत्रकारों की भूमिका पर चर्चा

नवाबगंज। कटराकुटी धाम पर बुधवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के पूर्व संध्या पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वतंत्र पत्रकारिता राष्ट्रोत्थान के लिए महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित गोष्ठी में कई पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखे। गोष्ठी के समापन पर महंत चिन्मयानंद दास ने सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। भंडारे के प्रसाद ग्रहण के पश्चात सम्मान समारोह का समापन हुआ।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक फरार चल रहा था। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग युवती के साथ परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने यौन उत्पीड़न किया था। पीड़िता के पिता ने एक माह पूर्व कटरा बाजार थाने में एक महिला सहित दो के विरुद्ध पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

# मारपीट के मामलों में 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज

मनकापुर। क्षेत्र के गोहन्ना, मेचुका, देवरिया और धर्मपुर गांव में मारपीट की घटनाओं में 11 लोग घायल हो गए। इन मामलों में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## गोहन्ना, मेचुका, देवरिया और धर्मपुर में चले लाठी-डंडे

क्षेत्र के गोहन्ना जगदीशपुर निवासी दिनेश वर्मा ने बताया कि वह बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे सामान लेने बाजार पहुंचे तो छोटेलाल, उनके बेटे सुरेंद्र व एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें मारने पीटने लगे। शोर सुनकर माता जनकदुलारी व छोटा भाई राजेश कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के छोटेलाल ने बताया कि वह किराना व सब्जी की दुकान करते हैं। मंगलवार सुबह गांव के दिनेश, राजेश और दीपक उनकी दुकान पर आए और जबरन आलू व प्याज उठाने लगे। मना करने पर पीड़ित छोटेलाल, उनके भाई शिवनाथ व सुरेंद्र को लाठी डंडे से मारापीटा।

मेचुका निवासी सतीश ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कुड़ासन बाजार में घर बनवा रहे थे। मंगलवार शाम जमीन के विवाद को लेकर भाई रामकरन की पत्नी मिल्कू ने आकर अभद्रता करते हुए उनकी पत्नी उर्मिला को डंडे से पीट दिया। वहीं, देवरिया निवासी खुशबू ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अभय ने गाली गलौज करते हुए उन्हें लाठी-डंडे से पीटा। इसके अलावा ग्राम धर्मपुर निवासी बदरुन्निशा ने बताया कि रंजिश के चलते गांव के जहीर, हुसैन अली, राजू ने मारपीट की। बीचबचाव करने आई बेटी शाइमा, शबा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि सभी मामलों में तहरीर के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# टेंडर में मनमानी में फंसे संभागीय खाद्य नियंत्रक

## शासन स्तर से जांच व अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए खाद्यान्न के हैंडलिंग और परिवहन टेंडर में मनमानी के मामले मंडल के संभागीय खाद्य नियंत्रक फंस गए हैं। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कार्य, व्यवहार, विवादास्पद व गलत आचरण करने के मामले में संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद के खिलाफ शासन स्तर से जांच व अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की है।

आजमगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी परमाल सिंह यादव ने प्रदेश के खाद्य एवं रसद आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की कि साल 2024-25 में देवीपाटन मंडल के कई जिलों में सिंगल स्टेज पर खाद्यान्न हैंडलिंग व परिवहन के लिए उन्होंने 41 निविदाएं डाली थीं। लेकिन द्वेषवश और दूसरे को लाभ पहुंचाने के लिए संभागीय खाद्य नियंत्रक ने उनकी 14 निविदाएं निरस्त कर दी थी। मामले में 22 मई 2024 को खाद्य एवं रसद आयुक्त ने देवीपाटन मंडल के कमिश्नर को जांच का आदेश दिया तो उन्होंने मंडल के अपर आयुक्त (प्रशासन) राम प्रकाश से मामले की जांच कराई। अपर आयुक्त ने संभागीय खाद्य नियंत्रक को निविदा निरस्त करने के लिए दोषी माना। अपर आयुक्त की रिपोर्ट व मनमाना कार्य-व्यवहार, विवादास्पद व गलत आचरण के मामले में 27 मई 2024 को प्रदेश के खाद्य एवं रसद आयुक्त को पत्र भेजकर आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद के खिलाफ शासन स्तर से जांच व अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति से की है।

## नियम विरुद्ध वरासत करने पर डीएम ने दिया कार्रवाई का आदेश

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बुधवार को वरासत मामले को गंभीरता से लिया है। वहीं एसडीएम को कार्रवाई के बाद सूचित करने का आदेश दिया है। सदर तहसील के चिश्तीपुर निवासी अरमान ने डीएम को बताया कि उनके पिता नसीर गाटा के मालिक थे। नसीर की मृत्यु के बाद अरमान और उसके भाई इरफान के नाम वरासत दर्ज की गई। पीड़ित अरमान ने आरोप लगाया कि वरासत दर्ज होने के बावजूद राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने साजिश कर एक दूसरा पाका ग्यारह दर्ज करा दिया। जबकि प्रकरण में एक वाद पहले ही न्यायालय नायब तहसीलदार गोंडा में विचाराधीन है। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने जांच की। जांच में शिकायत की पुष्टि हुई है। जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# श्रावस्ती में जमानत बचाने के लिए चाहिए 1,71,042 वोट

## 10,26,253 वोटरों ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर किया मतदान

मंगल देव गिरि

बलरामपुर। श्रावस्ती संसदीय सीट का चुनाव हो चुका है और पांच विधानसभाओं के 10,46,253 वोटरों ने मतदान किया है। इसमें 1,71,042 वोट पाने वाले प्रत्याशी की जमानत बचेगी। इससे कम वोट मिला तो जमानत जब्त हो जाएगी। चुनाव लड़ने वाले 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला चार जून को होना है। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा व भाजपा छोड़कर बाकी आठ उम्मीदवार अपनी जमानत गंवा बैठे थे। इस बार 12 प्रत्याशी मैदान में थे।

लोकसभा चुनाव में सामान्य वर्ग के प्रत्याशी ने 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रत्याशी ने 12,500 रुपये जमानत जमा की थी। भाजपा से साकेत मिश्र, सपा से राम शिरोमणि वर्मा, बसपा से मोइनुद्दीन अहमद उर्फ दद्दन खां व पीस पार्टी से अहमद जिया खान सहित 12 प्रत्याशियों ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा है।

निर्वाचन कार्यालय के मुन्ना लाल के मुताबिक प्रत्याशी को कुल मतदान का छठवां भाग यानी 16.66 प्रतिशत वोट हासिल करना जरूरी है, तभी उसकी जमानत बचेगी और उसे धनराशि वापस किया जाएगा। इससे कम वोट पाने वाले प्रत्याशी की जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी। (संवाद)



**04**

जून को होगा चुनाव लड़ने वाले 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## 52.83% हुआ मतदान

श्रावस्ती लोकसभा सीट पर 52.83 प्रतिशत मतदान हुआ है। पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाता 19,80,381 हैं। इसमें 10,58,663 पुरूष, 9,21,664 महिला व 54 थर्ड जेंडर वोटर हैं। विधानसभा क्षेत्र भिनगा में 3,95,409 वोटर हैं, जिसमें 2,24,757 वोटरों ने मतदान किया है।

- श्रावस्ती में 4,22,522 के सापेक्ष 2,48,911 वोटरों, बलरामपुर जिले के तुलसीपुर विधानसभा में 3,78,504 के सापेक्ष 1,88,493, गैसड़ी में 3,63,234 के सापेक्ष 1,86,087 व सदर विधानसभा में 4,20,712 के सापेक्ष 1,98,005 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### विधानसभावार पड़े वोट

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| सदर | 104926 | 93079 | 00 | 198005 | 47.06 |
| तुलसीपुर | 101328 | 67160 | 05 | 188493 | 49.80 |
| गैसड़ी | 95139 | 90948 | 00 | 186087 | 51.23 |
| भिनगा | 117649 | 107107 | 01 | 224757 | 56.80 |
| श्रावस्ती | 127551 | 121353 | 07 | 248911 | 58.91 |
| योग | 546593 | 479647 | 13 | 1026253 | 52.83 |

## 2019 के चुनाव में आठ दावेदारों की जब्त हुई थी जमानत

**लोकसभा चुनाव 2019 में श्रावस्ती से बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने जीत दर्ज की थी। उस समय संसदीय क्षेत्र में 18,68,891 मतदाता थे, जिनमें 52.4 फीसदी यानि 9,79,007 ने मतदान किया था।**

- बसपा को 4,41,771 व भाजपा के दद्दन मिश्र को 4,36,451 मत मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह थे, उन्हें 58,042 मत मिले थे। जबकि जमानत बचाने के लिए 1,63,167 मतों की जरूरत थी। इससे दो के अलावा अन्य कोई जमानत नहीं बचा सका था।
- इसमें कम्युनिस्ट पार्टी के नब्बन खान को 12,662, शिवसेना के राजवंत सिंह को 7,479, निर्दलीय उग्रसेन सिंह को 7064, बालमुकुंद को 5431, हिंदुस्तान निर्माण दल के राम कुमार पांडेय को 4,325, निर्दलीय अर्जुन को 3,509र, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के हनुमान प्रसाद मिश्र को 3,165 ही मत मिले थे। जबकि नोटा को 17,108 मत मिला था।

### तय मानक से कम वोट मिलने पर जब्त होगी जमानत

चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी को उसकी जमानत वापस कर दी जाती है, भले ही उसे तय मानक से कम वोट मिले हों। तय मानक से कम वोट मिलने पर बाकी प्रत्याशियों की जमानत धनराशि जब्त कर ली जाती है। अगर मतदान से पहले किसी प्रत्याशी की मौत हो जाती है या नामांकन रद्द होता है या नामांकन वापस लेने पर जमानत राशि वापस कर दी जाती है।

-अरविंद सिंह, डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी

# बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

रेहरा बाजार (बलरामपुर)। स्थानीय बाजार में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस व एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को नारी सशक्तीकरण के बारे में जानकारी देते हुए कानून का पाठ पढ़ाया। प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार ओपी सिंह चौहान ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में यूपी 112 फोन करके पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए सभी थाने में हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। जहां बेटियां व महिलाएं गोपनीय तरीके से भी अपनी समस्या बता सकती हैं। (संवाद)

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट दीप नारायण तिवारी ने एक व्यक्ति को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 32 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक पास्को एक्ट ने बताया कि थाना महराजगंज तराई में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव के सलीम ने एक सितंबर 2018 को बहला फुसलाकर ले गया। उसके साथ सहयोग में नानकन व अकबर अली भी थे। पुलिस ने जांच के बाद लड़की को बरामद किया।

पुलिस ने जांच के बाद सलीम के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। नानकन व अकबर को जांच अधिकारी ने निर्दोष बताया। सत्र परीक्षण के दौरान पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश पास्को एक्ट दीप नारायण तिवारी ने सलीम को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद और 32000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड में से 30 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश न्यायाधीश ने दिया है।

**न्यायाधीश ने दोषी पर 32 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

**अदालत से**

## दलित किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। मारपीट व दलित किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया है। शासकीय अधिवक्ता के अनुसार धानेपुर क्षेत्र की एक दलित महिला ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि उसकी 16 साल की लड़की पांच नवंबर 2023 को दोपहर तीन बजे शौच के लिए जंगल की ओर गई थी। वहीं से सोनू उर्फ मो. जाकिर उसे बहलाकर शादी करने की नीयत से भगा ले गया। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और अपहरण, मारपीट, जान से मारने की धमकी, दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट के अपराध का सबूत मिलने पर आरोपी सोनू के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य व अपराध की गंभीरता देखते हुए विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) नासिर अहमद ने आरोपी सोनू का जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# एएसपी सिटी ने दरगाह थाने में ली बैठक

बहराइच। एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने दरगाह मेला की कमेटी, स्थानीय दुकानदार व अन्य सम्बन्धित लोगों के साथ दरगाह थाने में बैठक कर सभी को ब्रीफ किया गया। मेला को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। मेला परिसर में बेहतर साफ-सफाई व शौचालयों की समुचित व्यवस्था को संबंधित कमेटी को निर्देशित किया गया।

हिन्दु

# आग से बचाव की दी जानकारी

बहराइच। दिल्ली के निजी अस्पताल में हुई अग्निकांड की घटना के बाद अलर्ट जारी किया गया है। बढ़ते तापमान के बीच अग्निकांड की हो रही घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग ऐसी स्थिति से खुद को निपटने व जिला अस्पताल के कर्मियों को जरूरी जानकारी मुहैय्या कराने को लेकर बुधवार को मॉकड्रिल किया। सुबह आठ बजे जिला अस्पताल में दमकल जवान वाहनों संग सायरन बजाते हुए पहुंचे। सायरन की आवाज सुनकर लोग जिला अस्पताल की ओर रुख किए।

# अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक किया

कैसरगंज। एंटी रोमियो टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व में कैसरगंज इलाके महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया, तथा महिला संबंधित घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर, 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108, आदि की जानकारी दी गई।

# बृजभूषण शरण के बेटे के काफिले में शामिल वाहन ने दो को रौंदा, मौत

रफ्तार की मार

करनैलगंज (गोण्डा), संवाददाता। सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण के काफिले में शामिल बेकाबू फॉर्च्यूनर कार ने बुधवार सुबह क्षतईपुरवा के पास बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला।

बेकाबू कार की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद कार सवार भाग निकले। तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गोण्डा रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके से लेकर सीएचसी तक जमकर नारेबाजी की। कई थानों की फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस अफसरों ने लोगों को शांत कराया।





रेहान और शहजादे (फाइल फोटो)

पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर केस दर्ज करके आरोपी कार चालक को पकड़ लिया है। घटना बुधवार सुबह नौ बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करणभूषण सिंह का काफिला करनैलगंज-बहराइच मोड़ होकर बहराइच की ओर जा रहा था। काफिले में शामिल पुलिस एस्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर कार बेकाबू हो गई। कार सीमेंट के खंभों को तोड़ती हुई सामने से बाजार आ रहे बाइक सवार निदूंरा निवासी शहजादे (24) और रेहान (17) को ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों युवकों व महिला को सीएचसी पहुंचाया लेकिन तब तक दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं पीड़ित परिवारों से मिलूंगा। हर संभव मदद भी की जाएगी।

➤ 10 मीटर उछली बाइक P06

# मेडिकल कालेज में आग से बचाव को माकड्रिल

- दमकल कर्मियों ने लोगों को बताई सावधानियां



जिला अस्पताल परिसर में लोगों को आग से बचाव की जानकारी देते दमकल कर्मी • जागरण

जासं • बहराइच : गर्मी से होने वाली अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार को मेडिकल कालेज में माकड्रिल हुआ। दमकल कर्मियों ने तीमारदारों व अस्पताल कर्मियों को आग पर काबू पाने के तरीकेबताए।

महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में शासन एवं प्रधानाचार्य संजय खत्री के निर्देश पर एमसीएच विंग के सामने एवं चिकित्सा महाविद्यालय में प्रशासनिक भवन के सामने अग्नि शमन सुरक्षा को लेकर माकड्रिल किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज की टीम ने सभी संकाय सदस्यों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव, उस पर काबू पाने का तरीका, एबीसी एवं सीओटू सिलेंडर को प्रयोग करने के बारे में बताया। सावधानियों व बचाव की जानकारी दी गई। माकड्रिल में मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एमएमएम त्रिपाठी, डा. फराज राहत, डा. अमर दीप पटेल, डा. राजेंद्र कुमार शुक्ल एवं अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। नर्सिंग कालेज की प्रधानाचार्य डा. स्मिता फिलिप्स, चिकित्सालय प्रबंधक रिजवान एवं नर्सिंग कालेज के फैकल्टी आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



कैसरगंज बाजार में महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी • जागरण

संसू, जागरण• कैसरगंज (बहराइच) : एंटी रोमियो टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। महिलाओं पर हो रहे अपराध से बचाव के प्रति उन्हें जागरूक किया। महिला संबंधित घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108, आदि की जानकारी दी गयी। यूपी काप व साइबर संबंधित अपराध शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी महिलाओं को बताया गया। कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना आदि के बारे में बताया गया।

# अधीक्षक पर महिला सीएचओ ने लगाया अभद्रता का आरोप

- दोनों पक्षों ने दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच
- हाथापाई में गर्भवती सीएचओ हुई बेहोश, अवकाश को लेकर विवाद

संसू, जागरण • पयागपुर (बहराइच) : सीएचसी अधीक्षक पर महिला सीएचओ ने अभद्रता का आरोप लगाया है। फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। हाथापाई में गर्भवती सीएचओ बेहोश हो गई। गंभीर अवस्था में उन्हें बहराइच मेडिकल कालेज भेजा गया।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित बैठक में सीएचसी अधीक्षक डा.थानेदार और सेमरियावां केंद्र की सीएचओ दीक्षा पाठक के बीच अवकाश दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। बढ़ते विवाद को देख सीएचओ के पति भवानी शंकर मिश्र बीच-बचाव करने लगे तो अधीक्षक ने गाली-गलौज करते हुए एससी-एसटी एक्ट में फंसा देने की बात कही और बाहर की तरफ धकेल दिया। पीड़ित सीएचओ ने थाने पर तहरीर देते हुए अधीक्षक पर अभद्रता के साथ गाली-गलौज का आरोप लगाया। पीड़िता का कहना है कि अधीक्षक अवकाश स्वीकृति के नाम पर पैसे वसूलते हैं। अब तक लगभग 38 हजार रुपये अवकाश के नाम पर ले चुके हैं। सीएचओ ने बताया कि अधीक्षक लगातार परेशान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह गर्भवती हैं। अधीक्षक के बर्ताव से उनकी तबीयत बिगड़ गई। अधीक्षक से उनके मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# किशोरी से छेड़छाड़ मामले में तीन साल की सजा

जागरण संवाददाता ● बहराइच : विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपित को दोषसिद्ध ठहराते हुए तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामला एक मई 2018 की शाम लगभग साढ़े पांच बजे का है। कैसरगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति निमंत्रण में गया हुआ था। उसकी 11 वर्षीय बेटी आम के बाग की रखवाली कर रही थी। कैसरगंज के चकपिहानी गांव निवासी बनारसी गुप्त बाग रखवाली में सहयोग करने की बात कहते हुए पीड़िता को बाग के अंदर बुला ले गया, जो हाथ में डंडा था, उसे फेंकवा दिया। थोड़ी दूर ले जाकर छेड़खानी करने लगा। पीड़िता उसके चंगुल से छूटकर भागी, लेकिन आरोपित उसका पीछा करता रहा।

गिरने पर किशोरी को चोट भी लगी। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। बुधवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने दोषी बनारसी को सजा सुनाई।

**अदालत से**

## एनडीपीएस एक्ट के दोषी को आठ माह की सजा

जासं ● श्रावस्ती : सोनवा क्षेत्र के चौगोई गांव के पास से तुलसीपुर निवासी अरविंद कुमार यादव को सोनवा पुलिस ने गिरफ्तार कर 750 ग्राम गांजा बरामद किया था। मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था, तभी से वह जेल में निरुद्ध था। आरोपित ने जेल से जुर्म इकबाल प्रार्थना पत्र न्यायालय पर भेजवाया था। आरोपित जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हुआ। न्यायाधीश देवर्षि देव कुमार ने आरोप स्वीकारोक्ति के आधार पर दोषी मानते हुए दोषी को आठ माह पांच दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को दो दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषी को जेल में बिताई गई अवधि, सजा की अवधि से ज्यादा है। ऐसे में उसे जुर्म स्वीकार के बाद जेल से मुक्ति मिल जाएगी।

# 50 लाख के फर्जीवाड़े में छह लोगों को हरियाणा पुलिस ने उठाया

जासं● बहराइच : हरियाणा के सोनीपत में 50 लाख रुपये की ठगी के मामले में बहराइच के देहात कोतवाली क्षेत्र के छह लोगों को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

देहात कोतवाल बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया की हरियाणा के सोनीपत में 50 लाख की ठगी के मामले में सोनीपत जिले के साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के छह आरोपित बहराइच के बेडनापुर, केशवापुर व बंजारीमोड़ इलाके के रहने वाले हैं। कोतवाल ने बताया सोनीपत साइबर थाने की टीम सर्विलांस के सहारे देर शाम बहराइच पहुंची थी। उन्होंने बताया कि मामले में बंजारी मोड़ निवासी सूरज, बेडनापुर निवासी आफताब समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए सभी आरोपितों का चिकित्सीय परीक्षण के बाद साइबर पुलिस टीम पकड़े गए युवकों को अपने साथ ले गई।

- सोनीपत जिले के साइबर थाने में दर्ज है मुकदमा

# फिरोजाबाद जेल से लाया गया गब्बर आज कोर्ट के सामने होगा पेश

जासं ● बहराइच: फिरोजाबाद जेल से यूपी के टाप 50 माफिया में शामिल देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय लाया गया। देर होने के कारण उनको गुरुवार को कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत में माफिया गब्बर के खिलाफ चार मुकदमे लंबित हैं। धमकी देने के मामले में बुधवार को आरोप पत्र पर सुनवाई होनी थी। इसके लिए माफिया को कड़ी सुरक्षा के बीच फिरोजाबाद पुलिस व कोतवाली नगर बहराइच की संयुक्त टीम लेकर अदालत पहुंची थी। माफिया के खिलाफ गैंगस्टर न्यायालय व एसीजेएम प्रथम की कोर्ट पर मुकदमे लंबित होने के कारण सीजेएम न्यायालय पर देर से पेश हुए, जिसके लिए अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए माफिया को जिला कारागार बहराइच रोकने के आदेश दिए, लेकिन उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पड़ोसी जिले बलरामपुर जेल में रखने का आदेश दिया। अब पुलिस उसे गुरुवार को सीजेएम न्यायालय में पेश करेगी।

## दबंगों ने लाठी-डंडों से पिता-पुत्र को पीटा, पांच पर मुकदमा

संसू, जागरण ● बौंडी (बहराइच) : साईगांव में शोर मचाने से मना करने पर नाराज दबंगों ने पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख दबंग जानमाल की धमकी देते हुए भाग गए। सांईगांव के गयाप्रसाद ने थाने में तहरीर दी है कि वह गांव के एक बाग में आराम कर रहे थे, तभी गांव के पांच लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाने लगे। मना करने पर गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडा लेकर हमलावर हो गए। शोर सुनकर पहुंचे बेटे बलवीर ने जब बचाने का प्रयास किया तो उसकी भी पिटाई की। थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि गयाप्रसाद की तहरीर पर गुरुप्रसाद, प्रयागदत्त, राघवराम, अजय एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## चकमार्ग पटाई के दौरान प्रधान पर हमला, मुकदमा दर्ज

संसू, जागरण ● नानपारा (बहराइच) : गांव में पट रहे चकमार्ग को देखने गए ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मटिहा ग्राम प्रधान जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि बुधवार को वह गांव में पट रहे चकरोड को देखने गए थे। जब वह मौके पर मिट्टी पटाई का कार्य देख रहे थे, तभी पतरहिया लीलापारा निवासी राधेकिशुन, सुरेश, दिनेश व छोटेलाल ने विरोध करना शुरू कर दिया। समझाने का प्रयास करने पर सभी हमलावर हो गए। लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। इसके बाद उनकी जान बच सकी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महिला को सांप ने डसा, भर्ती

**बहराइच।** मोतीपुर थानाक्षेत्र के सुरजीपुरवा निवासी राम प्रकाश की पत्नी रुक्मिना (38) को घर में सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, हां जहां उनका उपचार चल रहा है। (संवाद)

# बैटरी एसिड गिरने से बालक झुलसा, रेफर

**बहराइच।** कोतवाली देहात क्षेत्र के बहादुरापुर निवासी 10 वर्षीय मोहम्मद रजा पर मंगलवार को काम करते समय बैटरी का एसिड गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रजा को लखनऊ रेफर कर दिया गया। (संवाद)

# करंट से युवक झुलसा

**बहराइच।** हुजूरपुर थाना क्षेत्र के तिरकोलिया गांव निवासी राहुल सिंह (35) का आरोप है कि मंगलवार को गांव के दो लोगों ने उनको शराब पिला दी, फिर बिजली पोल पर तार सही करने के लिए चढ़ा दिया। इस दौरान बिजली आ गई, जिसकी चपेट में आकर वह झुलस गए। मेडिकल कॉलेज में राहुल का उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# महिला ने लगाई फांसी, उपचार के दौरान मौत

**बहराइच।** श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाना के अयोध्यापुरवा निवासी सुशीला (22) ने मंगलवार को फांसी लगा ली। घरवालों की नजर पड़ी तो उन्हें तुरंत फंदे से उतारकर बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। सुशीला के पति पिंटूलाल गुजरात में काम करते हैं। उनका एक साल का बेटा है। सुशीला ने फांसी क्यों लगा ली, इस बारे में उनके घरवाले भी कुछ नहीं बता सके। घटना की सूचना उनके पति को दी गई है। थानाध्यक्ष सिरसिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# एंटी रोमियो टीम ने किया जागरूक

**कैसरगंज (बहराइच)।** प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न गांवों में चौपाल लगाई। इस दौरान महिलाओं पर हो अपराधों पर अंकुश लगाने की जानकारी दी। टीम ने टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 1930, 108 आदि के बारे में बताया। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना की जानकारी देते हुए समस्याओं के बारे में पूछा। (संवाद)

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन वर्ष की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त पर दोष सिद्ध होने के बाद कोर्ट ने बुधवार को तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

**कोर्ट ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

थाना कैसरगंज के एक गांव निवासी बनारसी गुप्ता ने एक मई वर्ष 2018 को शाम 05:30 बजे बाग में आम की रखवाली कर रही नाबालिग का हाथ पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत की थी। पीड़िता के परिजनों ने दो मई 2018 को थाना कैसरगंज में तहरीर देकर पॉक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट में केस पंजीकृत कराया था।

विवेचना के बाद 13 मई 2018 को अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विवेचक तत्कालीन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज दिनेश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना कैसरगंज राजनाथ सिंह, कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी बृजेश साहनी, पैरोकार आरक्षी विनय कुमार भारती तथा एडीजीसी पॉक्सो कोर्ट संत प्रताप सिंह व संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी की गयी। बुधवार को न्यायालय एएसजे (पॉक्सो कोर्ट) दीपकांत मणि ने अभियुक्त बनारसी गुप्ता के दोषसिद्ध पाये जाने पर तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर दोषसिद्ध के प्रत्येक अपराध में एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

**अदालत से**

## दो अभियुक्तों की जमानत याचिका खारिज

**बहराइच।** कोर्ट ने बुधवार को दो अभियुक्तों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया गया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीबीपुर निवासी उमानाथ गौड़ पुत्र छैल बिहारी गौड़ के विरुद्ध अप्रैल 2024 में थाना फखरपुर में घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपकांत मणि पॉक्सो की कोर्ट पर जमानत प्रार्थना पत्र दिया था। जिसका शासकीय अधिवक्ता द्वारा घोर विरोध किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पसियानपुरवा दाखिला खैराधोकल निवासी कुलदीप पुत्र गोबरे के विरुद्ध थाना रामगांव की पुलिस द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में जनवरी 2023 में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें अभियुक्त की अधिवक्ता के द्वारा बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अरविंद कुमार गौतम की कोर्ट पर जमानत प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसका शासकीय अधिवक्ता द्वारा घोर विरोध किया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभियुक्त की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। (संवाद)

# ईवीएम की निगरानी में लगे नेता और कार्यकर्ता

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद से इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगातार गल्लामंडी के स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही सीसीटीवी कक्ष में लगे कैमरों पर भी नजर रख रहे हैं। बहराइच लोकसभा के लिए 13 मई व कैसरगंज लोकसभा के लिए 20 मई को मतदान हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद सलारपुर स्थित नवीन गल्ला मंडी स्थल के स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को रखा गया है।

## सीसीटीवी कक्ष में जमाया डेरा, हर कैमरे पर रखी जा रही नजर

ईवीएम की सुरक्षा के लिए रोटेशन के हिसाब से 24 घंटे सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। लेकिन विपक्षी दल भी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा में लगे हुए है। इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुरक्षा कर्मियों की भांति ही रोटेशन में 24 घंटे गल्ला मंडी स्थल के बाहर डटे रहते हैं। बुधवार को सपा कार्यकर्ता सीसीटीवी कक्ष में कैमरों की निगरानी करते दिखे। साथ ही बैरियर पर भी सपा कार्यकर्ता खड़े मिले। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए है। नियमित नवीन गल्ला मंडी स्थल के स्ट्रांग रूम में पहुंचकर जायजा लिया जाता है। पुलिस व अर्धसैनिक बलों के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। (संवाद)

# मॉक ड्रिल कर बचाया आग बुझाने का तरीका

संवाद न्यूज एजेंसी



मेडिकल कॉलेज परिसर में बुधवार को आग से बचाव की जानकारी देते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। संवाद

बहराइच। महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग की टीम ने एमसीएच विंग के सामने एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने डॉक्टरों व कर्मचारियों को आग से बचाव तथा आग लगने पर कैसे बुझाएं आदि का तरीका बताया। सुबह के साढ़े नौ बज रहे थे। मेडिकल कॉलेज में मरीजों व तीमारदारों की भारी भीड़ जुटी हुई थी।

तभी परिसर में अचानक लपटें उठने लगती हैं। वहां मौजूद मरीजों व तीमारदारों में अफरा-तफरी मच जाती है। आग लगने की जानकारी डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को मिलते ही वे लोग फौरन अग्निशमन यंत्र के साथ पहुंचते हैं और

## अग्निशमन विभाग की टीम ने स्वास्थ्यकर्मियों को किया जागरूक

पल भर में आग पर काबू पा लेते हैं।

इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी विशाल की टीम ने मॉक ड्रिल के जरिए सभी संकाय सदस्यों, चिकित्सों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव, आग बुझने का तरीका, एबीसी एवं आग लगने के दौरान सीओटू सिलिंडर को प्रयोग करने का तरीका व सावधानियों के बारे में विधिवत जानकारी दी।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-05-2024

# नए कानून को लागू होने से पूर्व जरूर जानें

**श्रावस्ती।** केन्द्र सरकार के तीन नए कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार से शुरू हुआ प्रशिक्षण बुधवार को भी जारी रहा। पुलिस आफिस के सभागार में एसपी की अध्यक्षता में पुलिस कर्मियों को तीन नए कानून तथा उसका पालन कराने का तरीका बताया गया।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से लागू होना है। इन तीन कानूनों को लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसे लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी घनश्याम चौरसिया की ओर से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तीन नए अधिनियमों के संबंध में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को जानकारी दी गई। एसपी ने बताया कि तीन नए कानून पुराने कानूनों की जगह पर स्थान लेंगे। इसलिए इन कानूनों की जानकारी सभी पुलिसकर्मियों को होना जरूरी है।

# महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक

■ एंटी रोमियों टीम ने कैंप लगाकर दी जानकारी

■ हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जागरूक किया

श्रावस्ती। मिशन शक्ति के तहत सभी थानों की एण्टी रोमियों टीमें लगातार कैंप लगा कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक कर रही हैं।

बुधवार को आयोजित कैंपों में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन का भाव जगाने के लिए सरकारी कानूनों की जानकारी दी गई। इस दौरान हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) के बारे में बताया गया। शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी अर्जिता यादव, पूजा व सुषमा सिंह ने थाना क्षेत्र इकौना के जमुनहा गांव, सीताद्वार मंदिर व इकौना बस स्टैंड आदि स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों, साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई।

# 33 वाहनों का काटा गया चालान

**श्रावस्ती।** यातायात अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न स्थानों पर स्थित बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, तीन सवारी, हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान 33 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। जिनका मोटर अधिनियम के तहत ई-चालान कर 43 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पैदल गश्त

**श्रावस्ती।** कानून व्यवस्था मजबूत रखने को सुरक्षा बनाए रखने को पुलिस लगातार रूटीन गश्त कर रही है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही व्यापारियों व लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली।

# 10 लोगों को किया गया शांतिभंग में पाबंद

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से समाज में अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को पुलिस ने जिले भर में शांतिभंग की कार्रवाई की। जिसमें 10 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया गया। इसके साथ ही इस दौरान कोई अराजकता करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# दिकौली दरगाह पर मेला आज से, तैयारी पूरी

## जायरीन की सुरक्षा व शांतिपूर्ण मेला संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम





दिकौली स्थित दरगाह मेले मे सजी दुकाने व मेला परिसर का भ्रमण करते जमुनहा एसडीएम संजय राय ( दाएं से दूसरे ) • जागरण

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती) : सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल दिकौली स्थित बुढ़वा बाबा की दरगाह पर हर वर्ष जेठ में लगने वाले मेले में जायरीन के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

गुरुवार से मेले के आगाज के साथ ही दरगाह पर चादर व प्रसाद चढ़ाने के लिए देश व प्रदेश के जायरीन पहुंच रहे हैं। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस लिया है।

दिकौली दरगाह मेले में आसपास जिलों के अलावा आजमगढ़, देवरिया, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बनारस, सिद्धार्थनगर जिले के साथ बिहार व नेपाल से जायरीन आते हैं। बुढ़वा बाबा की मजार पर चादर चढ़ा कर जायरीन अपनी मुराद पूरी करने के लिए जियारत करते हैं और खुशहाली की दुआएं मांगते हैं।

मेले में प्रसाद व चादर के साथ मिठाइयों की दुकानें मेला की शोभा बढ़ा रही हैं। जायरीन की उमड़ी भीड़ से दुकानदारों में उत्साह दिखाई दे रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। मेले में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। पहली बार सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। एसडीएम जमुनहा संजय राय ने मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

विना पंजीकरण के नहीं लगेंगी दुकानें : मेला परिसर में लगने वाली दुकानों के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाते सभी दुकानदारों को पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना पंजीकरण के मेले में कोई भी दुकान नहीं संचालित होगी।

### यह हैं सुरक्षा के इंतजाम

दिकौली मेला में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिए दो निरीक्षक, 17 उप निरीक्षक, दो महिला उपनिरीक्षक, 21 मुख्य आरक्षी, 65 आरक्षी, डेढ़ प्लाटून पीएसी, क्यूआरटी, नहर के पास सुरक्षा के लिए पीएसी (बाढ़), अग्निशमन दल व खुफिया पुलिस को मुस्तैद किया गया। सोनवा थाने के प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी ने बताया कि मेला की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। वाहनों का प्रवेश मेला परिसर में रोकने के चार अलग-अलग स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं।

### क्या अंधेरे में चलेगा मेला

मेला परिसर में बिजली व्यवस्था को लेकर दुकानदारों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। किसी दुकानदार की ओर से अभी तक बिजली का अस्थाई कनेक्शन नही लिया गया है और न ही मेला में किसी विभाग की ओर से विद्युतीकरण किया गया है। ऐसे में लोग सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस बार अंधेरे में मेले का आयोजन होगा। विभाग ने सभी को सख्त हिदायत दी है कि बिना कनेक्शन के कोई भी बिजली का उपयोग न करे। परसौरा बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता राकेश कुमार गौड़ ने बताया कि अभी तक मस्जिद समेत मेला परिसर में किसी का कनेक्शन नही हुआ है। न ही किसी ने आवेदन किया है। कनेक्शन नहीं लेते हैं, तो बिजली का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

# 24 घंटे की जा रही स्ट्रांग रूम की निगरानी : डीएम

जासं, श्रावस्ती : लोकसभा चुनाव का मतदान सकुशल संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। डीएम कृतिका शर्मा ने मंगलवार की रात स्ट्रांगरूम का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने उपस्थिति व एंट्री पंजिका का अवलोकन किया।

डीएम ने सीसी कैमरे से की जा रही निगरानी व अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने सीसी कैमरा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित मिले। उन्होंने बताया कि मतगणना चार जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी के लिए सुरक्षा जवान तैनात किए गए हैं। सीसी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। संपूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम हैं। 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

जासं, श्रावस्ती : भिनगा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बगल के गांव के युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और शादी न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

युवती का आरोप है कि उसके गांव के बगल स्थित गांव के युवक ने उसे शादी का झांसा शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। अब युवक शादी से भी इन्कार कर रहा है और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। इससे वह आत्महत्या करने के लिए विवश होगी।

पीड़िता का आरोप है कि उसने घटना की शिकायत बंठिहवा पुलिस चौकी पर की। यहां दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया और दोनों की शादी की तारीख भी निश्चित की गई। इसके बाद भी युवक शादी करने से इन्कार कर रहा है। वीडियो व फोटो को उसके भाई के मोबाइल पर भेज दिया है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने न्याय का भरोसा दिया है। भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संसू, जागरण • कैसरगंज (बहराइच) : एंटी रोमियो टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। महिलाओं पर हो रहे अपराध से बचाव के प्रति उन्हें जागरूक किया। महिला संबंधित घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108, आदि की जानकारी दी गयी। यूपी काप व साइबर संबंधित अपराध शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी महिलाओं को बताया गया। कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना आदि के बारे में बताया गया।



कैसरगंज बाजार में महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी • जागरण

## साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

श्रावस्ती : शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी अर्जिता यादव, पूजा व सुषमा सिंह ने बुधवार को इकौना क्षेत्र के जमुन्हा गांव, सीताद्वार मंदिर व इकौना बस स्टैंड पर पहुंच कर मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन- 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून की जानकारी दी। साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।(वि.)

## जांची वैंकों की सुरक्षा

श्रावस्ती: थाना, पुलिस चौकी व हल्का प्रभारियों ने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक, एटीएम व ग्राहक सेवा केंद्रों के आसपास व अंदर-बाहर सघन चेकिंग की। बैंकों में लगे सीसी कैमरे व सायरन को चेक किया। ग्राहकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।(वि.)

## निस्तारित करें शिकायतें

श्रावस्ती : सीओ एके चौबे ने बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सथाना प्रभारियों को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।(वि.)

# साइबर की जानकारी दी

श्रावस्ती। एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में बुधवार को जिले भर के बैंकों की चेकिंग की गई। इस दौरान बैंक, एटीएम व ग्राहक सेवा केन्द्रों की जांच की गई। इस दौरान आस पास खड़े लोगों से पूछताछ की गई तथा संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली गई। पुलिस ने बैंकों आदि में लगे सीसीटीवी तथा सायरन को चेक किया। इसके साथ ही ग्राहकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बचाव का तरीका बताया गया। ग्राहकों को बताया गया कि किसी भी बैंक के कर्मचारी की ओर से फोन पर कभी भी आपके खाता से संबंधित कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती है।

# सीसीटीवी की निगहबानी में ईवीएम

## 200 मीटर दूर डिस्प्ले से ईवीएम कक्ष की निगरानी कर रहे प्रत्याशी व समर्थक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव के लिए भिनगा व श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम कलेक्ट्रेट में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। इनकी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे के साथ ही तीन डिस्प्ले भी लगाए गए हैं। जो कलेक्ट्रेट गेट में प्रवेश से लेकर ईवीएम कक्ष तक की निगरानी कर रहे हैं।

ईवीएम कक्ष के मुख्य द्वार के साथ ही छतों पर सीआईएसएफ के साथ ही पुलिस व पीएसी के जवानों का कड़ा पहरा है। प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को भी ईवीएम गेट पर नजर रखने का मौका दिया गया है।

प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम के सामने पेड़ के नीचे बैठकर ईवीएम की रखवाली कर रहे हैं। जिसके लिए उन्हें पास जारी किया गया है। इसके साथ ही ईवीएम क्षेत्र में आम लोगों का आवागमन प्रतिबंधित है। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों का भी बगैर पास परिसर में प्रवेश वर्जित है। स्वयं डीएम कृतिका शर्मा, एसपी घनश्याम चौरसिया, एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा व एएसपी प्रवीण कुमार यादव समय-समय पर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

### इस गेट से होगा प्रवेश

कलेक्ट्रेट के मेन गेट से सिर्फ अधिकारियों व कर्मचारियों सहित मीडिया के लोगों का प्रवेश होगा। जबकि प्रत्याशी एजेंट के लिए दोनों पार्किंग स्थल की तरफ गेट हैं। जहां गैलरी बनाई जाएगी। इसी से होकर मतदान अभिकर्ता व प्रत्याशी अंदर प्रवेश करेंगे।



कलेक्ट्रेट के बाहर खड़े हो रहे वाहन, सीसीटीवी की निगरानी में कलेक्ट्रेट। संवाद

### 30 मई व तीन जून को होगा प्रशिक्षण

मतगणना में लगाए जाने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण अभी नहीं हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह बताते हैं कि मतगणना कार्मिकों को आशा एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में 30 मई को सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक व तीन जून को तीन से 5:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### मतगणना के दिन दो सौ मीटर दूर पार्क होंगे वाहन

मतगणना को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में ही दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए चौदह-चौदह टेबल लगाया जाएगा। एआरओ की दो-दो टेबल अलग से होगी। मतगणना स्थल से दो सौ मीटर दूर वाहन पार्किंग होगी। भिनगा विधानसभा क्षेत्र के वाहनों को जिला पंचायत के बगल के खाली मैदान में रोका जाएगा। जबकि श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के लोगों के वाहन सीडीओ कार्यालय के बगल खाली पड़े मैदान में रोके जाएंगे।

### आठ बजे शुरू होगी मतगणना

चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। असुविधा से बचने के लिए दोनों एआरओ ने प्रत्याशी व मतगणना अभिकर्ताओं को समय से पूर्व आने को कहा है।

### ईवीएम की निगरानी में लगे नेता और कार्यकर्ता

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद से इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगातार गल्लामंडी के स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही सीसीटीवी कक्ष में लगे कैमरों पर भी नजर रख रहे हैं। बहराइच लोकसभा के लिए 13 मई व कैसरगंज लोकसभा के लिए 20 मई को मतदान हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद सलारपुर स्थित नवीन गल्ला मंडी स्थल के स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को रखा गया है।

**सीसीटीवी कक्ष में जमाया डेरा, हर कैमरे पर रखी जा रही नजर**

ईवीएम की सुरक्षा के लिए रोटेशन के हिसाब से 24 घंटे सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। लेकिन विपक्षी दल भी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा में लगे हुए है। इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुरक्षा कर्मियों की भांति ही रोटेशन में 24 घंटे गल्ला मंडी स्थल के बाहर डटे रहते हैं। बुधवार को सपा कार्यकर्ता सीसीटीवी कक्ष में कैमरों की निगरानी करते दिखे। साथ ही बैरियर पर भी सपा कार्यकर्ता खड़े मिले। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए है। नियमित नवीन गल्ला मंडी स्थल के स्ट्रांग रूम में पहुंचकर जायजा लिया जाता है। पुलिस व अर्धसैनिक बलों के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। (संवाद)

### कलेक्ट्रेट के बाहर पहरा दे रहे नेता व कार्यकर्ता

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखी गई हैं, जिनकी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी कलेक्ट्रेट के बाहर पहरा दे रहे हैं। कलेक्ट्रेट में ईवीएम की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके अलावा सीआईएसएफ, पीएसी और पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। कलेक्ट्रेट के दोनों मुख्य गेट बंद कर पुलिस से निगरानी कराई जा रही है। बगैर पास के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट गेट पर पहरा दे रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव ने बताया कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हमारे कार्यकर्ता दिन रात पहरा दे रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों को न तो न्यायालय पर भरोसा है और न कानून पर। ये न तो संविधान का सम्मान कर रहे हैं और न ही चुनाव आयोग पर भरोसा करते हैं। ये लोग कानून व संविधान का अपमान कर रहे हैं। (संवाद)

# शादी का झांसा देकर किया शोषण, वीडियो वायरल करने की दे रहा धमकी

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ क्षेत्र के ही ग्राम सिटकहना के मजरा बन्ठिहवा निवासी तहम्मिल पुत्र नईमुद्दीन ने शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक संबंध बनाया। बाद में दोस्त के साथ मिल कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अब युवक शादी से इन्कार कर रहा है।

शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी से निकाह कराने अन्यथा आत्महत्या करने की बात कही है। प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमा नाथ उपाध्याय बताते हैं कि मामला संज्ञान में है। दोनों पक्षों में पांच जून के बाद निकाह करने का समझौता हुआ है। (संवाद)

# एसपी ने दी कानून में बदलाव की जानकारी

**श्रावस्ती।** देश में एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए अधिनियम लागू होंगे। ऐसे में एफआईआर, साक्ष्य संकलन व चार्जशीट में कैसे, क्या संशोधन करना है। इसके लिए बुधवार को पुलिस कार्यालय में हुई कार्यशाला में एसपी ने कानून में होने वाले बदलाव की जानकारी दी। कार्यशाला में एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि नया कानून एक जुलाई से लागू होगा। कार्यशाला को सीओ संदीप वर्मा, सतीश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान सभी विवेचक मौजूद रहे। (संवाद)

# गांजा तस्कर को एक हजार का अर्थदंड

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम चौगोई के पास से एक वर्ष पूर्व पुलिस ने तुलसीपुर निवासी अरविंद कुमार यादव को 750 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय पर आरोप पत्र भेजा था। आरोपी मौजूद समय जिला कारागार बहराइच में निरुद्ध है। जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवर्षि कुमार देव के न्यायालय पर प्रार्थना पत्र भेजा था। जिसे बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेश किया गया। जिसे स्वीकारोक्ति के आधार पर दोषी मानते हुए आठ माह पांच दिन का साधारण कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को दो दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 10 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से मंगलवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)